राष्ट्रीय दैनिक


# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास पर तोड़ी चुप्पी....

पाकिस्तान में प्रधानमंत्री शहबाज के तापलट की आशंका, राष्ट्रपति जरदारी के इस्तीफे की चर्चा तेज 12



वर्ष : 13 | अंक : 90 | पटना, गुरूवार, 10 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


# नामीबिया अफ्रीका में भारत का मूल्यवान और विश्वसनीय साझेदार : मोदी

प्रातः किरण

विंडहोक (नामीबिया)/नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत नामीबिया के साथ द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहता है जो अफ्रीका में एक मूल्यवान और विश्वसनीय साझेदार है। मोदी पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में यहां पहुंचे हैं। यह प्रधानमंत्री मोदी की नामीबिया की पहली और भारत से किसी प्रधानमंत्री की तीसरी यात्रा है। नामीबिया की अंतरराष्ट्रीय संबंध एवं व्यापार मंत्री सेल्मा अशीपाला-मुसावी ने हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री का स्वागत किया। मोदी का नामीबिया में आगमन पर पारंपरिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे और नामीबिया की संसद को संबोधित करेंगे। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कुछ देर पहले विंडहोक पहुंचा। नामीबिया एक मूल्यवान और विश्वसनीय अफ्रीकी साझेदार है जिसके साथ हम द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाना चाहते हैं। राष्ट्रपति डॉ. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा से मिलने और नामीबियाई संसद को संबोधित करने को लेकर उत्साहित हूं। विदेश मंत्रालय ने मोदी की घाना, त्रिनिदाद एवं टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की पांच देशों की यात्रा से पहले एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया था कि मोदी राष्ट्रपति नंदी-नदैतवा के निमंत्रण पर नामीबिया की यात्रा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नामीबिया के संस्थापक जनक एवं प्रथम राष्ट्रपति दिवंगत डॉ. सैम नुजोमा को भी श्रद्धांजलि देंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि प्रधानमंत्री की यह यात्रा नामीबिया के साथ भारत के बहुआयामी और गहरे ऐतिहासिक संबंधों को दर्शाती है।



## भारत और ब्राजील ने तीन समझौतों पर किए हस्ताक्षर

ब्रासीलिया/नई दिल्ली। भारत और ब्राजील ने हर क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने और दोनों देशों के लोगों के बीच परस्पर संपर्क तथा व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने के साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए तीन समझौतों और कई अन्य समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये हैं। ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ब्राजील के राष्ट्रपति लूला द सिल्वा के साथ मंगलवार देर रात यहां हुई द्विपक्षीय बैठक तथा प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता के बाद इन समझौतों पर हस्ताक्षर किये गये। दोनों देशों के अधिकारियों ने श्री मोदी और श्री लूला की मौजूदगी में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटने में सहयोग पर समझौते,वगीकृत सूचनाओं के आदान-प्रदान और पारस्परिक संरक्षण समझौते और नागरिक मामलों में पारस्परिक कानूनी सहायता पर समझौते पर हस्ताक्षर किये।इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग पर समझौता ज्ञापन, ब्राजील के कृषि विभाग और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के बीच कृषि अनुसंधान पर समझौता ज्ञापन, डिजिटल परिवर्तन के लिए सफल बड़े पैमाने पर डिजिटल समाधानों के साझाकरण हेतु सहयोग पर समझौता ज्ञापन, बौद्धिक संपदा के

## संक्षिप्त खबरें

### कटिहार में उदयपुर-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन हादसे का शिकार

कटिहार। उदयपुर-कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार को एक हादसे का शिकार हो गई। ट्रेन की पैंट्री कार का एक चक्का पटरी से उतर गया, जिससे ट्रेन को तत्काल रोका गया। यह घटना कटिहार रेलखंड पर डंडखोरा स्टेशन के पास घटी। कटिहार रेलमंडल के सीनियर डीसीएम ने बताया कि ओवरहालिंग के लिए बुक किए गए पेंट्रीकार कोच संख्या 213460 के दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली है। यह कोच ट्रेन संख्या 19615 उदयपुर सिटी कामाख्या कवि गुरु एक्सप्रेस द्वारा कामाख्या में मरम्मत के लिए बुक किया गया था। हादसे के कारण अफरा-तफरी मच गई, लेकिन यात्रियों की सतर्कता और ट्रेन स्टाफ की तत्परता के चलते स्थिति नियंत्रण में रही। राहत की बात यह है कि इस दुर्घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ है। पटरी से उतरी दो बोगी को हटाकर ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया है। हादसे के कारण इस रूट पर अन्य ट्रेनें विलंबित हैं और कुछ को अन्य मार्गों पर डायवर्ट किया गया है। रेलवे ने यात्रियों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है और जल्द ही स्थिति सामान्य करने का भरोसा दिया है। रेलवे के अनुसार, जांच की जा रही है कि पैंट्री कार का चक्का कैसे और क्यों उतरा।

### सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय तीन की मौत

समस्तीपुर (बिहार)। बिहार के समस्तीपुर जिले में अपने घर के सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय कथित तौर पर जहरीली गैस के कारण पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान दया राम शाह, उनके बेटे राधेश्याम कुमार और उमेश शाह के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि उमेश शाह, दया राम शाह के रिश्तेदार थे।

यह घटना मंगलवार शाम लाजार्घाट थाना क्षेत्र के सलहा बुजुर्ग गांव में हुई। लार्जघाट थाने के उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, पुलिस को सूचना मिली कि मंगलवार शाम सलहा बुजुर्ग गांव में अपने घर के सेप्टिक टैंक की सफाई करते समय तीन लोग बेहोश हो गए। ग्रामीणों की मदद से तीनों को टैंक से बाहर निकाला गया और नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है।

### तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत 13 अगस्त तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने बुधवार को 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की न्यायिक हिरासत को 13 अगस्त तक बढ़ा दिया। यह घटनाक्रम राष्ट्रीय जांच एजेंसी द्वारा राणा के खिलाफ एक पूरक आरोपपत्र दाखिल करने के बाद सामने आया। इस आरोपपत्र में राणा का गिरफ्तारी ज्ञापन, जब्ती ज्ञापन और कुछ अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज भी शामिल थे। राणा के खिलाफ पहला आरोपपत्र 2012 में दाखिल किया गया था। इस हफ्ते की शुरूआत में, तहव्वुर राणा ने मुंबई अपराध शाखा के सामने कुछ अहम खुलासे किए थे।

## मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ विपक्ष ने दिखाई एकजुटता, केंद्र और चुनाव आयोग को घेरा

# महाराष्ट्र की तरह बिहार में भी मतों की चोरी की हो रही कोशिश : राहुल

## बिहार में बंद के दौरान सड़क पर उतरे राहुल गांधी और तेजस्वी यादव



प्रात : किरण

पटना। बिहार में मतदाता पुनरीक्षण खिलाफ और ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन में इंडिया गठबंधन के बिहार बंद का रेल और सड़क यातायात पर असर पड़ा है। गठबंधन के नेताओं ने बंद को सफल बनाने में एकजुटता दिखाई। 7 शहरों में ट्रेनें रोकीं गईं और 12 नेशनल हाईवे जाम किए गए। समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, कटिहार, सुपौल, मधेपुरा, मोतिहारी, वैशाली, पटना और औरंगाबाद में लोग घंटों जाम में फंसे रहे। दरभंगा, भोजपुर, सुपौल, जहानाबाद, पटना, मुंगेर, अररिया रेलवे स्टेशन पर ट्रेनें रोकी गई। बिहार बंद के दौरान देश के नेता राहुल गांधी, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा माले के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य एवं वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी एक ट्रक पर सवार होकर बंद में शामिल हुए। इससे पहले राहुल गांधी पटना स्थित आयकर गोलंबर पर पहुंचे, जहां पहले से ही तेजस्वी यादव मौजूद थे। यहां महागठबंधन के कार्यकताओं का हुजूम उमड़ा हुआ था। इसके बाद तेजस्वी यादव, राहुल गांधी, दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश सहनी वाहन पर सवार होकर प्रदर्शन करते चुनाव आयोग के ऑफिस के लिए निकले। लेकिन पुलिस ने सभी नेताओं को सचिवालय थाने के पास बैरिकेडिंग कर रोक दिया। उन्हें यहां से आगे जाने की परमिशन नहीं दी गई। यहीं से कार्यकताओं को संबोधित करने के बाद सभी नेता लौट गए। यहां से चुनाव आयोग का ऑफिस करीब 150 मीटर दूर था। राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार में वोट की चोरी की कोशिश हो रही है। मैं बिहार की जनता को कह रहा हूं कि महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था। वैसे ही बिहार का चुनाव चोरी करने की कोशिश की जा रही है। गरीबों का वोट छीनने का यह तरीका है। राहुल गांधी ने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि आपको जो करना है करिए, मगर बाद में कानून आप पर लागू होगा। भूलिए मत आप कितने भी बड़े हों, कहीं भी बैठे हों, कानून आपको नहीं छोड़ेगा। आपका काम हिन्दुस्तान के संविधान की रक्षा करने का है। आपका काम बिहार की जनता के दिल के अंदर जो हो उसको पूरा करने का है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा में वोट की चोरी की गई है। हमलोग इलेक्शन कमिश्नर से जाकर मिले थे। मैंने उनसे पूछा कि आपको क्या लगा? और सभी ने कहा कि चुनाव आयुक्त भाजपा जैसे बात कर रहे हैं। वो भूल रहे हैं कि वो किसी राजनीतिक पार्टी के नहीं हैं, वो हिन्दुस्तान के इलेक्शन कमिश्नर हैं और उनका काम संविधान की रक्षा करना है।

### चुनाव आयोग ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है : तेजस्वी

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने अपने संबोधन में केन्द्र सरकार और चुनाव आयोग पर जमकर हमला बोला। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इलेक्शन कमीशन ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। गरीबों का पहले वोटर लिस्ट से नाम काटेंगे फिर राशन बंद कर देंगे। कहा कि चुनाव आयोग जिन 11 दस्तावेजों की मांग कर रहा है, वे दस्तावेज राज्य के गरीब तबकों के पास नहीं हैं। इससे करोड़ों नाम मतदाता सूची से हट सकते हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि राहुल गांधी जी और लेफ्ट ने भी बिहार बंद में सहयोग किया है। इलेक्शन कमीशन कंफ्यूज है कि क्या करना है, तभी बार-बार नोटिफिकेशन बदल रहा है। हमारे किसी सवाल का जवाब इलेक्शन कमीशन ने नहीं दिया। इसपर इनको मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। बिहार में कानून नहीं बचा है। तेजस्वी यादव ने कहा कि अब सुनारों में क्रांति नहीं होगी, नतीजे में क्रांति होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब एनडीए की दादागिरी नहीं चलने दी जाएगी।

## संविदा बहाली में भी बिहार की महिलाओं को ही मिलेगा आरक्षण

# महिलाओं की सक्रिय एवं सकारात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रति सरकार संकल्पित : नीतीश

प्रातः किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सूबे की महिलाओं को बड़ी सौगात दी है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को ऐलान किया कि 35 फीसदी महिला आरक्षण डोमिसाइल नीति का लाभ परमानेंट बहालियों के साथ ही संविदा पर होने वाली नियुक्तियों में भी दिया जाएगा। साथ ही वर्तमान में चल रही 1. 51 लाख पदों पर नियुक्तियों में भी महिला आरक्षण में डोमिसाइल का नया नियम लागू होगा। बता दें कि मंगलवार को नीतीश कैबिनेट ने सरकारी नौकरी में महिला आरक्षण सिर्फ राज्यवासियों को देने का निर्णय लिया। वहीं, बुधवार को मुख्यमंत्री ने महिलाओं को लेकर एक और बड़ी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर ट्वीट कर कहा आप सबको पता है कि अब बिहार राज्य की सभी सरकारी सेवाओं, संवर्गों के सभी स्तर के एवं सभी प्रकार के पदों पर सीधी नियुक्तियों में सिर्फ बिहार राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य करने का निर्णय लिया गया है। वर्तमान में 1 लाख 51 हजार 579 रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। विभिन्न चरणों में होने वाली इन नियुक्तियों में भी बिहार राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही 35 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का लाभ अनुमान्य होगा। साथ ही संविदा या आउटसोर्स पर होने वाली नियुक्तियों में भी बिहार राज्य की मूल निवासी महिला अभ्यर्थियों को ही इसका लाभ मिलेगा। सभी विभागों को निर्देश दिया गया है कि जहां-जहां रिक्तियां उपलब्ध हैं, उन सभी रिक्तियों को भरने की कार्रवाई शीघ्र की जाए ताकि युवाओं को इसका लाभ मिल सके। हमलोग राज्य में महिला सशक्तीकरण एवं समाज में महिलाओं की सक्रिय एवं सकारात्मक सहभागिता सुनिश्चित करने के प्रति संकल्पित है। बता दें कि एक दिन पहले नीतीश कैबिनेट की बैठक में सरकारी भर्तियों में 35 फीसदी महिला आरक्षण का लाभ बिहार की मूल महिला आवेदकों को ही देने का निर्णय लिया गया था।

## दिल्ली जा रहा इंडिगो का विमान तकनीकी खराबी के कारण पटना लौटा

प्रातः किरण

पटना/एजेंसी। पटना से 175 यात्रियों को लेकर बुधवार सुबह दिल्ली जा रहे इंडिगो के विमान से पक्षी टकरा गया, जिसके बाद इंजन में तकनीकी खराबी आने से विमान जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लौट आया। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सभी 175 यात्री और चालक दल के सदस्य सुरक्षित हैं। पटना हवाईअड्डे की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, पटना से दिल्ली जाने वाली आईजीओ5009 उड़ान ने सुबह आठ बजकर 42 मिनट पर उड़ान भरने के बाद पक्षी के टकराने की सूचना दी, निरीक्षण के दौरान रनवे पर एक मृत पक्षी पाया गया। ह्यएप्रोच कंट्रोल यूनिट ने विमान को इसकी सूचना दी। एप्रोच कंट्रोल यूनिट से संदेश मिला कि विमान ने एक इंजन में कंपन के कारण पटना वापस आने का अनुरोध किया है।

## लालू यादव को झटका, चारा घोटाले में सजा बढ़ाने वाली याचिका मंजूर



प्रातः किरण

रांची। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और देवघर चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद यादव, आईएएस ऑफिसर रहे बेक जूलियस और ट्रेजरी अफसर रहे सुवीर भट्टाचार्य की सजा बढ़ाने को लेकर सीबीआई की ओर से दायर याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली है। जस्टिस रंगन मुखोपाध्याय और जस्टिस अंबुज नाथ की खंडपीठ ने सीबीआई की अपील याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार किया है। अब इस मामले की विस्तृत सुनवाई होगी। देवघर ट्रेजरी (कोषागार) घोटाला मामले में सीबीआई की ओर से दायर आरसी 64 ए 96 मामले में पूर्व लोक लेखा समिति के अध्यक्ष जगदीश शर्मा को इसी मामले में सात-सात साल की सजा और 10-10 लाख रुपए का जुमार्ना विभिन्न धाराओं में सीबीआई की विशेष अदालत ने लगाया था, लेकिन लालू प्रसाद यादव और अन्य आरोपियों को साढ़े तीन-साढ़े तीन साल की सजा और 5-5 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया था। सीबीआई की विशेष अदालत के आदेश के खिलाफ सीबीआई की ओर से झारखंड हाईकोर्ट में अपील दाखिल की गयी है, जिस पर आज सुनवाई के बाद खंडपीठ ने उसे मंजूर कर लिया। अब इस मामले की विस्तृत सुनवाई होगी।

# गुजरात : पुल ढहने सें 9 लोगों की मौत

प्रातः किरण/एजेंसी

गांधीनगर। वडोदरा/एजेंसी। राज्य में मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल के अचानक ढहने से कई वाहन नदी में गिरने नौ लोगों की मौत हो गई है। जबकि आठ लोगों को बचा लिया गया। घटना पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शोक जताया और प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का मुआवजा देने का ऐलान किया। मुख्यमंत्रीभूपेन्द्र पटेल ने भी राज्य सरकार की ओर से भी मृतकों के परिवारों को चार-चार लाख और घायलों को पचास-पचास हजार रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की है। मध्य गुजरात को सौराष्ट्र से जोड़ने वाली महिसागर नदी पर बना पुल लगभग 45 साल पुराना है।

बुधवार सुबह यातायात के दौरान दो ट्रक, दो पिकअप और एक रिक्शा महिसागर नदी में गिर गए। पुल के टूटने और कई वाहनों के गिरने से मौके पर हाहाकर मच गया। घटना की जानकारी होने पर मुजपुर समेत आसपास के गांवों के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मुजपुर गांव के ग्रामीण बचाव कार्य के लिए जुट गए और नदी में फंसे व बहते लोगों को कई लोगों को बचाया।

इस हादसे में अभी तक नौ लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 8 से ज्यादा लोगों को बचा लिया गया। घटना की जानकारी मिलने पर पादरा पुलिस भी मौके पर पहुंची गई और शवों को निकाला।

सुसाइड पॉइंट के रूप में बदनाम इस पुल के ढहने से आणंद, वडोदरा, भरूच और अंकलेश्वर का संपर्क टूट गया है।

### हादसे पर पीएम मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा जिले में पुल के ढहने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपए तथा घायलों को 50-50 हजार रुपए की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

## चीन और पाकिस्तान की दोस्ती, भारत के लिए बन सकती है खतरा : सीडीएस

# कहा- पाकिस्तान को मिलने वाले सैन्य उपकरणों में से 81 प्रतिशत चीन से आ रहे

प्रातः किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। सीडीएस अनिल चौहान ने चेतावनी देते हुए कहा है कि चीन और पाकिस्तान की दोस्ती भारत के लिए खतरा बन सकती है। चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के अपने-अपने हितों को लेकर एक-दूसरे के प्रति झुकाव का भारत की स्थिरता और सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने एक थिंक टैंक में अपने संबोधन में जनरल चौहान ने भारत पाकिस्तान के बीच 7-10 मई के सैन्य संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि शायद यह पहली बार हुआ जब दो परमाणु हथियार संपन्न देश सीधे तौर पर संघर्ष में शामिल हुए। सीडीएस से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान चीन की भूमिका पर भी सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा, वहां कितना समर्थन (चीन ने पाकिस्तान को दिया) यह पता लगाना बहुत मुश्किल है। इस संघर्ष के दौरान उत्तरी सीमाओं पर कोई भी असमान्य गतिविधि नहीं हुई, जो अलग है। इससे पहले संघर्ष के समय सीमाओं पर परेशानियां शुरू हो जाती हैं। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने चीन और पाकिस्तान के भारत के प्रति समान हित का जिक्र करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने पिछले पांच वर्षों में अपने लगभग 70 से 80 प्रतिशत हथियार और उपकरण चीन से हासिल किए हैं। उन्होंने कहा कि चीनी सैन्य कम्पनियों की पाकिस्तान में वाणिज्यिक देनदारियां हैं। शीर्ष सैन्य अधिकारी ने कहा कि हिंद महासागर क्षेत्र के देशों में आर्थिक संकट ने बाहरी शक्तियों को अपना प्रभाव बढ़ाने का मौका दे दिया है, जिससे भारत के लिए कमजोरियां पैदा हो सकती हैं।

एक कार्यक्रम में जनरल चौहान ने कहा, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच हितों में संभावित समानता है और इसका भारत की स्थिरता एवं सुरक्षा पर प्रभाव पड़ सकता है। उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर. सिंह ने शुक्रवार को कहा था कि पाकिस्तान जहां सिर्फ सामने नजर आ रहा था, वहीं चीन पर्दे के पीछे से अपने सदाबहार मित्र को हरसंभव सहायता दे रहा था, और तुर्किये भी इस्लामाबाद को सैन्य साजोसामान की आपूर्ति करके प्रमुख भूमिका निभा रहा था। उन्होंने कहा कि सात से 10 मई के बीच हुए संघर्ष के दौरान भारत वास्तव में कम से कम तीन शत्रुओं से निपट रहा था। उन्होंने कहा, भारत के खिलाफ पाकिस्तान केवल सामने नजर आ रहा था, जबकि दुश्मन को असली समर्थन चीन से मिल रहा था। हमें इसमें कोई हैरानी नहीं हुई, क्योंकि अगर आप पिछले पांच वर्षों के आंकड़े देखें, तो पता चलता है कि पाकिस्तान को मिलने वाले सैन्य उपकरणों में से 81 प्रतिशत चीन से आ रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल सिंह ने कहा, वह (चीन) उत्तरी सीमा पर खुद सीधे टकराव में पड़ने के बजाय भारत को नुकसान पहुंचाने के लिए पड़ोसी देश (पाकिस्तान) का इस्तेमाल करना ज्यादा पसंद करता है।

## लंदन में गूंजा भारत का समुद्री विजन भारत बनेगा जहाज निर्माण में अग्रणी

प्रातः किरण

लंदन/नई दिल्ली/एजेंसी। ब्रिटेन की राजधानी लंदन स्थित इंडिया हाउस में मंगलवार को आयोजित भारत समुद्री निवेश सम्मेलन 2025 के दौरान भारत के समुद्री क्षेत्र में हो रहे रणनीतिक विकास और अवसरों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया गया और वैश्विक निवेशकों से इस क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने का आह्वान किया गया। आधिकारिक जानकारी के अनुसार कार्यक्रम में जहाजरानी महानिदेशालय के मुख्य जहाज सर्वेक्षक (स्वतंत्र प्रभार) प्रदीप सुधाकर ने भारत सरकार की समुद्री परिवहन से जुड़ी पहलों, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता नीति (एसबीएफएपी)2.0 के तहत किए जा रहे कामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत टिकाऊ जहाज निर्माण और पर्यावरण के अनुकूल जहाज रिसाइकिलिंग में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। यह जानकारी केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के आधिकारिक एक्सहैंडल पर साझा की गई।

सम्मेलन के दौरान श्री सुधाकर ने बताया कि भारत की नई समुद्री नीति देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में देश को मजबूत बनाने के लिए तैयार की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि एसबीएफएपी 2.0 नीति के माध्यम से भारत सरकार जहाज निर्माण उद्योग को वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है, जिससे घरेलू शिपयाड्र्स को प्रोत्साहन मिल रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा हो रहे हैं। उन्होंने नीति के तहत किए गए नीतिगत सुधारों, क्षमता निर्माण और आधुनिक तकनीकों के उपयोग की जानकारी देते हुए कहा कि इन पहलों का लक्ष्य न केवल देश की समुद्री क्षमता को सशक्त बनाना है, बल्कि हरित और सतत विकास की दिशा में भारत की प्रतिबद्धता को भी दशार्ना है।

## संक्षिप्त खबरें

### रेल प्लेटफॉर्म से अज्ञात वृद्ध की लाश बरामद

फतुहा। बुधवार को स्टेशन के प्लेटफॉर्म नम्बर एक से जीआरपी ने एक 70 वर्षीय अज्ञात वृद्ध की लाश बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वह शेड के नीचे बनी कुर्सी पर सोया था। सुबह यात्रियों से उसकी मौत की जानकारी मिली। रेल थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मृतक की मौत स्वाभाविक प्रतीत होती है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की असली वजह सामने आ पाएगी। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

### वोटर लिस्ट पुनरीक्षण को लेकर असरदार रहा फतुहा में बिहार बंद



फतुहा। बिहार में मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर महागठबंधन द्वारा बुधवार को बिहार बंद का एलान किया गया था। जिसको लेकर फतुहा में कई दुकानों और प्रतिष्ठान बंद रहे। वही सड़को पर सन्नाटा छाया रहा। राजद प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, नगर अध्यक्ष दयानंद यादव, श्याम नंदन यादव, मनोज यदुवंशी, रामप्रसाद सिंह, दीना, संजय यादव, महेन्द्र यादव, सुनील कुमार, अरूण कुमार, साधु शरण सिंह, सातो सिंह, मृत्युंजय कुमार, गुड्डु कुमाार, भाकपा-माले नेता शैलेन्द्र यादव, पंकज कुमार एवं महागठबंधन के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने बिहार बंद को सफल बनाने के लिए सड़क डटे रहें। राजद प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव ने बताया कि फतुहा में यातायात सेवाएं ठप्प रही और बंद शांति पूर्ण सफल रहा।

### युवा आयोग के गठन पर लोजपा (रा.) ने जताई खुशी

फतुहा। बिहार सरकार द्वारा युवा आयोग के गठन को मंजूरी देने पर लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) जिला पटना पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में फतुहा के महारानी चौक पर बैठक कर बताया कि हमारे नेता लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान बहुत पहले ही संसद में युवा आयोग की मांग को लेकर आवाज उठाते रहे हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवा आयोग का गठन कर हमारे नेता के मांग और बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट को पूरा किया। इसके लिए हम सभी लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का आभार प्रकट करते हुए शुभकामना देते हैं। वहीं कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशी मनाया। इस बैठक में नगर अध्यक्ष अनिल चन्द्रवंशी, जिला सचिव बैजनाथ पासवान, जिला प्रवक्ता अमरदीप पासवान, राजीव कुमार, श्याम वली पासवान, मो. प्रवेज, निरंजन कुमार, मनोज कुमार, इंदल पासवान शामिल हुए।

### बिहार बंद का आंशिक असर दिखा

दानापुर। खगौल नगर के अंतर्गत मतदाता पुनरीक्षण कार्य के विरोध में महागठबंधन द्वारा बुलायी गयी बिहार बंद का आंशिक असर दिखा। सुबह में राजद समर्थको ने दानापुर गांधी मैदान मुख्य मार्ग को बी एस कॉलेज व नासरीगंज में सड़क पर उतरे और आगजनी कर सड़क जाम कर दिया। उधर बस पड़ाव पर भी राजद समर्थको ने आगजनी कर सड़क जाम किया। बीएस कॉलेज के पास राजद नेता सुभाष यादव, सत्यानंद यादव, राज कुमार यादव समर्थको के साथ सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। जिससे आवागमन ठप हो गया। लोगो ने चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। जाम लगने से वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। नासरीगंज में अर्जून पासवान के नेतृत्व में राजद समर्थक सड़क पर उतरे। उधर बस पड़ाव पर आगजनी करने के कारण बसपडाव पर कुछ देर के लिए सन्नाटा पसरा रहा। आमजन को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। बाजार में भी सन्नाटा सा नजारा रहा। नेताओ ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग जिस तरह से मतदाता पुनरीक्षण कार्य करवा रहा है। गरीब और वंचित वर्गों को मतदान प्रक्रिया से बाहर करने की ये सुनियोजित साजिश है। नेताओ ने इस प्रक्रिया को तत्काल रोकने की मांग की। बिहार बंद के कारण निजी स्कूले बंद रहने से स्कूली बसे व सवारी बस भी नही चले। सुबह में कुछ देर के लिए परेशानी लोगो को उठानी पड़ी। नेहरूपथ पर आम दिनो की तरह वाहनो का परिचालन होता रहा। सुरक्षा को लेकर पुलिस बल भी लगी थी।

# पंचायती राज विभाग और सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग चेंज के बीच ऐतिहासिक गैर वित्तीय समझौता

- महिला हितैषी और स्वस्थ ग्राम पंचायतों की ओर सशक्त कदम

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। बिहार में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को अधिक प्रभावी, समावेशी और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में आज बुधवार को एक ऐतिहासिक पहल हुई है। सरकार के पंचायती राज विभाग और सेंटर फॉर सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग ( सीथ्री ) के बीच एक औपचारिक गैर वित्तीय समझौता ज्ञापन ( एमओयू ) पर हस्ताक्षर किया गया। इसका उद्देश्य स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों के अंतर्गत स्वस्थ ग्राम पंचायत और महिला हितैषी ग्राम पंचायत को सशक्त रूप से लागू करना है।

यह पहली बार है जब बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था, पंचायती राज विभाग के इतिहास में किसी गैर सरकारी संस्था के साथ इस प्रकार का औपचारिक सहयोग किया गया है। यह विभाग की नवाचार और संस्थागत अभिसरण के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है। यह गैर वित्तीय समझौता केदार प्रसाद गुप्ता, मंत्री, पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार की अध्यक्षता में मनोज कुमार, सचिव, पंचायती राज विभाग के मार्गदर्शन में प्रशांत कुमार सी एच, परियोजना निदेशक, बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था, पंचायती राज विभाग और डॉ. अपराजिता गोगोई, कार्यकारी निदेशक, सेंटर फॉर सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग ( सी थ्री ) के बीच संपन्न हुआ। इस गैर वित्तीय साझेदारी के माध्यम से ग्राम पंचायत विकास योजनाओं को स्वास्थ्य और लैंगिक दृष्टिकोण से अधिक संवेदनशील और सहभागी बनाया जाएगा। इसका मकसद है कि पंचायतें केवल योजना का क्रियान्वयन ही नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और समावेशी विकास का केंद्र बन सकें। इस ऐतिहासिक अवसर पर माननीय मंत्री, पंचायती राज विभाग, बिहार श्री केदार प्रसाद गुप्ता, ने कहा कि ग्राम पंचायतें बिहार की सामाजिक और लोकतांत्रिक संरचना की मूल इकाई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में देश और राज्य में पंचायती राज व्यवस्था को सशक्त और उत्तरदायी बनाने पर विशेष बल दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि हर पंचायत, विकास का सक्षम और समावेशी केंद्र बने, जहाँ हर नागरिक की आवाज को सुना जाए और हर महिला को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार मिले. यह गैर वित्तीय साझेदारी पंचायत प्रतिनिधियों को न केवल जानकारी देगी, बल्कि उन्हें सक्षम बनाएगी कि वे अपने समुदायों के लिए समावेशी, उत्तरदायी और प्रभावशाली योजनाएँ बना सकें. सेंटर फॉर सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग जैसे अनुभवी साझेदार के साथ मिलकर हम पंचायतों को सामाजिक परिवर्तन की अग्रिम पंक्ति में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठा रहे हैं। सेंटर फॉर सेंटर फॉर कैटेलाइजिंग स्थानीय सतत विकास लक्ष्य 2 ( स्वस्थ ग्राम पंचायत ) के अंतर्गत मुजफ्फरपुर, पूर्वी चंपारण, सारण, किशनगंज, नालंदा, रोहतास, औरंगाबाद और दर्भंगा जिलों में और महिला हितैषी ग्राम पंचायत के अंतर्गत पटना, नालंदा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा और रोहतास जिलों में बिहार राज्य पंचायत संसाधन संस्था, पंचायती राज विभाग को तकनीकी सहयोग प्रदान करेगा। सी थ्री की टीम राज्य एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन और संचालन में सक्रीय भागीदारी निभाएगी। राज्य की प्रशासनिक संरचना और सी थ्री की तकनीकी विशेषज्ञता मिलकर ऐसी मॉडल ग्राम पंचायतों का निर्माण करेंगी जो न केवल स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण और महिला सुरक्षा हितैषी होंगी बल्कि पूरे देश के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण बनेंगी। इस अवसर पर प्रकाश रंजन, राज्य प्रमुख, सी थ्री; कनीज फातिमा मुनीजा, वरिष्ठ विशेषज्ञ, सी थ्री दिल्ली, बिहार राज्य पंचायती राज संसाधन संस्थान के वरिष्ठ पदाधिकारीगण, श्री प्रभाष चंद्र झा, परियोजना प्रबंधक - क्षमता वर्धन; सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

# वंदे भारत ने जीता जापानियों का दिल ओसाका एक्सपो भारतीय रेल की धूम



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। जापान के ओसाका में चल रहे वर्ल्ड एक्सपो-2025 में भारतीय रेल की धूम मची है। भारतीय पवेलियन में न केवल भारतीय प्रवासी बल्कि जापानी नागरिकों की भी भारी भीड़ उमड़ रही है। एक्सपो पहुंचने वाले लोगों में वंदे भारत एक्सप्रेस और चिनाब ब्रिज को लेकर जबरदस्त उत्सुकता देखी जा रही है। लोग इनके बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। कई जापानी आगंतुकों को यह जानकर आश्चर्य हो रहा है कि भारत में इतनी तेज रफ्तार और अत्याधुनिक सुविधाओं वाली ट्रेनें अब आम हो गई हैं। वंदे भारत की एयरोडायनॉमिक डिजाइन, इनबिल्ट सुरक्षा फीचर्स और सेमी हाई-स्पीड क्षमताओं ने तकनीक प्रेमियों को आकर्षित किया है। वहीं, चिनाब ब्रिज जो दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज है। भारतीय रेल इंजीनियरिंग क्षमता का प्रतीक बनकर उभरा है। हिमालय की घाटियों में बना यह ब्रिज न केवल तकनीकी चुनौती को परास्त करता है, बल्कि भारत के उत्तर क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद अहम है। जापानी दर्शक, खासकर इंजीनियरिंग और आर्किटेक्चर के छात्र, चिनाब ब्रिज के 3ऊप्रेजेंटेशन और इंटरैक्टिव मॉडल को ध्यान से देख रहे हैं और इसके निर्माण से जुड़े विवरणों को जानने में गहरी रुचि ले रहे हैं। वंदे भारत ट्रेन और चिनाब ब्रिज आधुनिक भारतीय रेल का चमकता सितारा है। बदलते भारत की पहचान है। बीते एक दशक में वंदे भारत ने अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ रेल यात्रा को नई पहचान दी है। यात्रियों को विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ तेज रफ्तार यात्रा की सुविधा मिल रही है। भारतीय रेल ने देश के हर कोने में वंदे भारत के संचालन से कनेक्टिविटी का नया अध्याय लिखा है। पूरे देश में करीब 140 वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। इसे वरिष्ठ नागरिकों के साथ युवाओं के बीच अपार लोकप्रियता मिली है। इस ट्रेन में वातानुकूलित कोच, स्वचालित दरवाजे, बायो टॉयलेट्स, जीपीएस सूचना प्रणाली, ऑनबोर्ड कैटरिंग, वाई-फाई, और सीसीटीवी सुरक्षा जैसी सुविधाएं हैं। ये सुविधाएं यात्रियों को एक प्रीमियम और आरामदायक अनुभव प्रदान करती हैं, जो पहले साधारण ट्रेनों में संभव नहीं था। वंदे भारत ट्रेनें वरिष्ठ नागरिकों, विद्यार्थियों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयोगी है। वरल्ड एक्सपो 2025, जो कि 13 अप्रैल से 13 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, भारत के लिए वैश्विक मंच पर अपनी उपलब्धियों और नवाचारों को साझा करने का एक सुनहरा अवसर है। जापान में इंडिया पवेलियन की लोकप्रियता न केवल भारत की बढ़ती वैश्विक साख को दशार्ती है, बल्कि यह भी बताती है कि दुनिया भारत की प्रगति को उत्सुकता और सम्मान की नजरों से देख रही है।

# बाढ़ या आपदा के समय पशुओं की मृत्यु होने पर सरकार दे रही है अनुदान

## आपदा के समय पशुपालकों की सहायता करेगा पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

- 4 श्रेणियों में मिलेगी सहायता अनुदान राशि
- पशुपालकों को आर्थिक संकट से बचाएगी यह योजना

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बाढ़ या किसी आपदा के समय यदि आपके मवेशी गुम हो जाए या उसकी मृत्यु हो जाए तो घबराए नहीं, आपकी होने वाली क्षति को कम करने और राहत देने के लिए बिहार सरकार सहायता राशि दे रही है। इसके लिए पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की एक खास योजना है। इस योजना के तहत आपदा के समय पशुओं की मृत्यु होने या गुम हो जाने की स्थिति में सहायता राशि के लिए पशुपालक आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा इसको लेकर जारी एक सूचना में बताया गया है कि बाढ़ या किसी आपदा के कारण पशु मृत्यु होने पर अनुदान की दर चार श्रेणी में होगी। जिसमें पहली श्रेणी में दूध देने वाले पशु, दूसरी में भार ढ़ोने वाले पशु, तीसरी श्रेणी पॉल्ट्री की है वहीं चौथी श्रेणी घर से सटे पशु शेड के अग्निकांड से संबंधित है। इनमें से प्रति परिवार अनुदान राशि पहली श्रेणी के बड़े आकार के पशुओं जैसे गाय, भैंस आदि के लिए राशि प्रति इकाई 37,500 रुपये, 3 पशुओं के लिए मिलेगी। इसी श्रेणी में छोटे आकार के पशुओं जैसे बकरी, भेड़, सुकर के लिए 4,000 रुपये, 30 पशुओं तक के लिए मिलेगा। दूसरी श्रेणी के भार ढोने वाले बड़े पशुओं जैसे बैल, ऊंट, घोड़ा आदि की मृत्यु होने पर अनुदान राशि प्रति इकाई 32,000 रुपये 3 पशुओं तक के लिए मिलेगी। इस श्रेणी में छोटे आकार के पशु जैसे बछड़ा, खच्चड़, गदहा,टट्टू की मृत्यु होने पर 20,000 रुपये 6 पशुओं तक के लिए मिलेगा। तीसरी श्रेणी में पॉल्ट्री में यह राशि प्रति इकाई 100 रुपये होगी और प्रति परिवार अधिकतम 5 हजार रुपये तक अनुदान दिया जाएगा। चौथी श्रेणी में अनुदान 3,000 रुपए प्रति पशु शेड की दर से दिया जाएगा। अनुदान प्राप्त करने के लिए पशुपालकों को स्थानीय पशु चिकित्सक से प्रमाणित दस्तावेज के साथ आवेदन करना होगा, जिसमें मृत पशु की जानकारी और कारण का उल्लेख होगा। इसके साथ ही आवेदक को अपने आवेदन में अपना नाम, पता, मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक खाता का ब्योरा आदि अंकित करना होगा। पशुपालक जिला पशुपालन पदाधिकारी कार्यालय या वेबसाइट (ँ३३स्र२://२३३ीुँ१ॅ्न५.ल्ल/ँ) के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यहां से इस संबंध में अधिक जानकारी भी प्राप्त की जा सकती है।

# अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा नहर में गिरा दो महिला व चार बच्चे पानी से निकाले गए

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के रूपसपुर नगर के अंतर्गत नहर मार्ग पर चुल्हाईचक के निकट रूपसपुर गांव जाने के लिए बनी पुलिया से अनियंत्रित होकर एक ई-रिक्शा नहर में गिड़ गया। जिससे उस पर सवार दो महिला व चार बच्चे पानी में जा गिड़े। जिससे सभी चिल्लाने लगे। सभी पानी में डूबने लगे। ई रिक्शा के गिड़ते देख आस पास के लोग दौड़े और सभी को सकुशल वापस निकाल लिया। बाद में लोगो की मदद से ईरिक्शा को भी सकुशल निकाल लिया गया। बताया जाता है कि ई-रिक्शा नौबतपुर से रूपसपुर गांव में जा रहा था। ई-रिक्शा पर नौबतपुर से सवारी लेकर रूपसपुर गांव में जा रही थी। ऑटो पर सवार काजल का रूपसपुर में मैके है। सभी वही जा रहे थे। इसी दौरान चुल्हाईचक के पास से नहर पार करने के लिए पुलिया से ई-रिक्शा पार कर रहा था। पार करने के दौरान अंतिम छोड़ पर जाकर ई-रिक्शा पर से चालक का नियंत्रण हट गया और ई-रिक्शा बैक होकर नहर में जा गिड़ी।

# सशस्त्र सीमा बल के महानिरीक्षक ने भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट रक्सौल एवं मैत्री पुल का किया दौरा

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। निशीत कुमार उज्जवल (भा.पु.से), महानिरीक्षक, सशस्त्र सीमा बल , सीमान्त मुख्यालय पटना, द्वारा भारत-नेपाल सीमा पर स्थित एकीकृत चेक पोस्ट (आई.सी.पी.) रक्सौल एवं मैत्री पुल का औपचारिक दौरा किया गया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने कॉन्सुलेट, स.सी.ब. एवं आईसीपी से जुड़े सभी संबंधित अधिकारियों से मुलाकात की। इसके साथ ही उन्होंने स.सी.ब. के अधिकारियों एवं जवानों से संवाद किया, उनके कार्यप्रणाली की समीक्षा की. एवं सीमा क्षेत्र में स.सी.ब द्वारा संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं का जायजा लिया। महानिरीक्षक महोदय ने भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल की विभिन्न इकाइयों में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय को सुदृढ़ करना, सीमाओं की प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करना तथा बुनियादी ढांचे के विकास को गति देकर सीमा पार आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाना है।

# श्रावणी मेला के ले दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर कुछ ट्रेनों का ठहराव

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर। श्रावणी मेला के दौरान दानापुर मंडल के मनकठा, खुसरुपुर, टेका बीघा, हरदास बीघा, मंझौली ग्राम हाल्ट, बुद्धदेवचक यादव नगर, मेकरा मेमरखाबाद हाल्ट, शुक्रदासग्राम हाल्ट स्टेशनों पर निम्नलिखित ट्रेनों का 11.07.2025 से 10.08.2025 तक अस्थायी ठहराव प्रदान किया जा रहा है - 1. गाड़ी सं. 13235 साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 19.59/20.01 बजे मनकठा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 2. गाड़ी सं. 13236 दानापुर-साहिबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस 08.08/08.10 बजे मनकठा स्टेशन पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 3. गाड़ी सं. 53231 तिलैया-दानापुर पैसेंजर 21.50/21.51 बजे टेका बीघा, 22.05/22.06 बजे मंझौली ग्राम हाल्ट तथा 22.22/22.23 बजे बुद्धदेवचक यादव नगर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 4. गाड़ी सं. 53232 दानापुर-तिलैया पैसेंजर 10.26/10.27 बजे बुद्धदेवचक यादव नगर 10.42/10.43 बजे मंझौली ग्राम हाल्ट तथा 10.58/10.59 बजे टेका बीघा रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 5. गाड़ी सं. 63209 देवघर-पटना मेमू 12.04/12.05 बजे मंझौली ग्राम हाल्ट पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 6. गाड़ी सं. 63212 पटना-झाझा मेमू 15.41/15.42 बजे मंझौली ग्राम हाल्ट पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 7. गाड़ी सं. 63205 किउल-पटना मेमू 04.29/04.30 बजे बुद्धदेवचक यादव नगर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 8. गाड़ी सं. 63206 पटना-किउल मेमू 21.48/21.49 बजे बुद्धदेवचक यादव नगर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 9. गाड़ी सं. 53228 पटना-मोकामा पैसेंजर 05.45/05.46 बजे बुद्धदेवचक यादव नगर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 10. गाड़ी सं. 53227 मोकामा-पटना पैसेंजर 15.53/15.54 बजे मेकरा ममरखाबाद हाल्ट पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 11. गाड़ी सं. 53228 पटना-मोकामा पैसेंजर 07.03/07.04 बजे मेकरा ममरखाबाद हाल्ट पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 12. गाड़ी सं. 63207 झाझा-पटना मेमू 06.15/06.16 बजे शुक्रदासग्राम हाल्ट पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 13. गाड़ी सं. 63212 पटना-झाझा मेमू 19.17/19.18 बजे शुक्रदासग्राम हाल्ट पर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 14. गाड़ी सं. 13402 दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 17.21/17.23 बजे हरदास बीघा तथा 17.26/17.28 बजे खुसरुपुर रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी । 15. गाड़ी सं. 13401 भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 09.47/09.49 बजे खुसरुपुर तथा 09.52/09.54 बजे हरदास बीघा रूकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।

# मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ महागठबंधन का चक्का जाम

प्रात :किरण संवाददाता




मसौढ़ी !चुनाव आयोग द्वारा चलाए जा रहे वोटर लिस्ट के गहन पुनरीक्षण अभियान के विरोध में बुधवार को महागठबंधन के कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया।जहां सुबह सही मसौढ़ी में कपूर्री चौक,रेलवे गुमटी स्टेशन रोड व धनरूआ में प्रदर्शनकारियों ने एसएच 22 पर चक्का जाम कर प्रशासन और चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि यह अभियान एक साजिश के तहत चलाया जा रहा है, जिसके जरिए गरीब, अल्पसंख्यक,और बिहार से बाहर मजदूरी कर रहे लाखों लोगों का नाम मतदाता सूची से हटाया जा रहा है। इससे उनका वोट देने का संवैधानिक अधिकार छिन जाएगा।उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग तुरंत इस अभियान पर रोक लगाए और सुनिश्चित करे कि कोई भी पात्र मतदाता वोट देने के अधिकार से वंचित न हो। प्रदर्शन में महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आगे और बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जाम से लोगों को हुई परेशानी चक्का जाम के कारण सड़क पर घंटों यातायात बाधित रहा और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय प्रशासन की ओर से मौके पर पुलिस बल तैनात रहा, जिससे स्थिति नियंत्रण में रही।वहीं जाम में फंसे नौकरी पेशा व स्कूल दफ्तर जाने वाले लोगों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ा। लोगों को अपने गंतव्य तक पहुंच में घंटों की देरी हुई।इस मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष राकेश पंडित ब्रजनंदन सहाय नगर अध्यक्ष भाई वीरेंद्र उर्फ किरी यादव गायक भाई बिट्टू यादव रामानुज यादव कांग्रेस नेता मृत्युजंय पाण्डेय इंद्रमणि देवी अधिवक्त संघ के अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक पूर्व मुखिया मनोज यादव श्याम कुमार सदन मोहन मांझी लाला यादव चुन्नू यादव सहित महा गठबंधन के अन्य कार्यकताओं भी मौजूद रहे।

# दोस्तों के साथ महात्माइन नदी में पुल से मलगाई छलांग, लापता



प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। दनियावां में ब्रह्म स्थान के पास महात्माइन नदी में नहाने के दौरान 15 वर्षीय किशोर डूब गया। दनियावां गांव के शंभू मिस्त्री का बेटा झिम्मी राजा अपने दोस्तों और भाई के साथ बुधवार को नदी में नहाने गया था। सभी पुल से नदी में छलांग लगा रहे थे। झिम्मी राजा को छोड़कर बाकी सभी को तैरना आता था। जब अन्य सभी पानी से बाहर आ गए और झिम्मी का पता नहीं चला, तो उसके दोस्तों ने शोर मचाया। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए और उन्होंने अपने स्तर पर किशोर को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। झिम्मी के पिता शंभू मिस्त्री का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्होंने बताया कि मेरा 15 साल का बेटा जो नौवीं क्लास में पढ़ता है। आज अपने दोस्तों के साथ स्नान करने के लिए बोलकर घर से निकला था। स्नान करने के दौरान गहरे पानी में चला गया जिसके बाद वह लापता हो गया। जैसे ही इस बात की सूचना मिली हम लोग दौड़े दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे अभी तक तो झिम्मी का कुछ भी पता नहीं चल पाया है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय थाना और एसडीआरएफ को सूचित किया गया। दनियावां थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए, लेकिन एसडीआरएफ की टीम को पहुंचने में लगभग तीन घंटे का समय लग गया, जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया। थाना अध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि बंदी के कारण एसडीआरएफ की टीम को आने में देरी हुई, क्योंकि उन्हें बाढ़ से होकर आना पड़ा। एसडीआरएफ की टीम अब घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। लगातार झिम्मी राजा की तलाश में जुटी हुई है। खबर लिखे जाने तक किशोर लापता है और ग्रामीण तथा एसडीआरएफ की टीम उसे खोजने के प्रयास में लगी हुई है। आगे की कार्रवाई जारी है।

### साईं अंगना से गाजे बाजे के साथ साईं बाबा की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गई

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत बुधवार को दो दिवसीय गुरू पुर्णिमा उत्सव बुधवार से प्रारंभ हुआ। छावनी परिषद परिसर स्थित साईं अंगना से गाजे बाजे के साथ साईं बाबा की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गयी। गाजे बाजे व घोडा आदि के साथ निकली पालकी यात्रा में श्रद्धालु बाबा की पालकी कांधे पर लेकर निकले। फूलो से सजे पालकी में बाबा की तस्वीर लगी थी। बाबा की पालकी को भारी संख्या में श्रद्धालु कांधे लगाने में जुटे रहे। पालकी यात्रा में शामिल रथ व सिंहासन पर विराजमान साईं बाबा की आकर्षित रूप से सजी चित्र के साथ निकली झांकी की शोभा देखते ही बन रही थी। इससे पूर्व बाबा की धूप आरती किया गया। जिसमें महिलाओ ने बाबा की विशेष आरती उतारी। बाबा के जयकारे के साथ श्रद्धालु पालकी को कंधे पर लिये आगे बढते रहे। पालकी यात्रा में मुख्य रूप से पूर्व विधायक आशा सिन्हा, जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष संजय यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रवि भूषण उर्फ बेला यादव, धीरज कुमार यादव, भाई सनोज यादव, बंटी गुप्ता, शंकर सिंह, प्रियंका देवी, नामित सदस्य आशा देवी, मुख्य अधिशासी अधिकारी सपन कुमार समेत भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

# आधार हाउसिंग फाइनेंस का पीएमएवाई उत्सव और स्पॉट सेक्शन कैंप आज से

प्रात :किरण संवाददाता

Aadhar Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.

पटना। कम आय वर्ग के लोगों को आवास ऋण देने वाली कंपनी आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने प्रधानमंत्री आवास योजना- शहरी 2.0 (पीएमएवाई-यू2.0) के तहत जन-जागरूकता अभियान के तीसरे चरण की घोषणा की है। इस चरण का विशेष उद्देश्य पूर्व के वंचित समुदायों को घर खरीदने के लिए सक्षम बनाना है। कंपनी 10 से 13 जुलाई तक राजधानी में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) उत्सव और स्पॉट सेक्शन कैंप का आयोजन करेगी। इन शिविरों के माध्यम से पहली बार घर खरीदने वालों के लिए पीएमएवाई की प्रक्रिया को और भी अधिक आसान, पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जाएगा। यह पहल पहले चरण की सफलता को आगे बढ़ाते हुए शुरू की जा रही है, ताकि हर जरूरतमंद परिवार अपने घर के सपने को साकार कर सके। सरकार के हाउसिंग फॉर ऑल मिशन के तहत 10-13 जुलाई तक स्पॉट सैंक्शन कैंप का आयोजन यह शिविर लोगों को यह समझने में मदद करेंगे कि वे होम लोन के लिए पात्र हैं या नहीं, इसके लिए कौन-कौन से दस्तावेज जरूरी हैं और उन्हें कितनी सहायता—जैसे कि 1.80 लाख रूपए तक की सब्सिडी—मिल सकती है। इसके अलावा, लोन की प्रक्रिया को तेज बनाकर उन्हें घर खरीदने के सपने के एक कदम और करीब लाया जाएगा। दस्तावेजों के सत्यापन के बाद पात्र लोगों को मौके पर ही होम लोन की मंजूरी का पत्र दिया जाएगा। आधार हाउसिंग फाइनेंस पहली बार घर खरीदने वाले कम आय वर्ग के ग्राहकों को उनका खुद का घर दिलाने में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के एमडी और सीईओ ऋषि आनंद ने कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा से भारत के वंचित परिवारों के घर खरीदने के सपने को साकार करना रहा है। सरकार द्वारा किफायती आवास को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री आवास योजना ब्याज सब्सिडी योजना के दोबारा शुरू होने के साथ हमारे पास पहली बार घर खरीदने वाले और भी अधिक ग्राहकों तक पहुंचने का बड़ा अवसर है।

# बिहार बंद को महागठबंधन ने बताया ऐतिहासिक, एनडीए ने कहा फ्लॉप

## बिहार बंद के दौरान महागठबंधन का जोरदार प्रदर्शन

प्रातः किरण संवाददाता




पटना। बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चल रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में आईएनडीआईए गठबंधन द्वारा बुधवार को बुलाए गए बंद का असर पटना सहित कई जिलों में देखने को मिला। राजधानी पटना के अलावा गोपालगंज, दरभंगा, आरा, मधेपुरा, किशनगंज, खगड़िया, मधुबनी, गयाजी और सहरसा समेत कई जिलों में बंद समर्थकों ने जमकर प्रदर्शन किया है। इस दौरान कहीं ट्रेनें रोक दी गईं, तो कहीं सड़क पर आगजनी कर आवागमन को बाधित कर दिया गया। पटना की सड़क पर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के अन्य दिग्गज नेता प्रदर्शन करते नजर आए।

**बंद के दौरान 17 स्टेशनों पर किया गया प्रदर्शन :**

राज्य के 17 रेलवे स्टेशनों पर भी बंद के दौरान प्रदर्शन किया गया। पूर्व मध्य रेलवे (पूमरे) ने बुधावर को इसकी जानकारी दी है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि राज्य भर के 17 अलग-अलग स्टेशनों पर प्रदर्शनकारियों द्वारा ट्रेनों को कुछ समय के लिए रोका गया। हालांकि, इस दौरान कहीं भी हिंसा या तोड़फोड़ की घटना नहीं हुई। मुजफ्फरपुर में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को भी रोका गया। मजदूर एवं कर्मचारी संगठनों ने भी विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को बिहार समेत देश भर में बंद बुलाया। बिहार ग्रामीण बैंक में हड़ताल से करीब 10 हजार करोड़ रुपये के कारोबार के नुकसान होने की खबर है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहले से तय कार्यक्रम के तहत इस बिहार बंद को धार देने के लिए पटना पहुंचे। पटना पहुंचने के बाद राहुल गांधी आयकर गोलंबर पर पहुंचे। जहां पहले से ही बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव मौजूद थे। यहां महागठबंधन के नेताओं और कार्यकताओं का हुजूम उमड़ा हुआ था। आयकर गोलंबर से राहुल गांधी, तेजस्वी यादव, दीपांकर भट्टाचार्य और मुकेश सहनी सहित महागठबंधन के अन्य नेता एक वाहन पर सवार होकर मार्च के लिए निकले। गाड़ी पर दिग्गज नेताओं के साथ पटना की सड़क पर कार्यकर्ता लगातार पैदल मार्च कर रहे थे। पैदल मार्च करते हुए यह हुजूम शहीद स्मारक पहुंचा। यहां निर्वाचन कार्यालय से कुछ दूर पहले ही पुलिस ने बैरिकेडिंग कर रखी थी। कई कार्यकताओं ने यहां बैरिकेडिंग को तोडने. का भी प्रयास किया और कई बार स्थिति तनावपूर्ण भी बनी। पुलिस लगातार बैरिकेडिंग ना तोड़ने की अपील यहां कर रही थी। इस दौरान महागठबंधन के नेताओं ने अपने संबोधन में केंद्र और राज्य सरकार को घेरा तथा बिहार चुनाव से पहले मतदाता पुनरीक्षण को घातक बताया।

## पिकनिक मनाने बिहार आए हैं राहुल गांधी : सम्राट

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार बंद के समर्थन में राहुल गांधी के पटना आने पर राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि राहुल पिकनिक मनाने बिहार आए हैं। बिहार की समस्या से उनको कोई लेना-देना नहीं है।

**इंडी गठबंधन के शक्ति-प्रदर्शन का शो रहा फ्लॉप : मंगल**

स्वास्थ्य व विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने कहा है कि विपक्ष की ओर से मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध के नाम पर जंगल राज की झलक दिखाने के लिए बंद के नाटक का आयोजन किया गया था। मगर जनता के नकारे जाने से विपक्ष के शक्ति-प्रदर्शन का यह शो पूरी तरह से फ्लॉप रहा। श्री पाण्डेय ने कहा कि राजद और कांग्रेस का मकसद मतदाताओं को गुमराह करना है। मगर बिहार की जनता पूरी तरह से सहयोग कर चुनाव आयोग की पहल को सफल बना रही है। अब तक करीब 47 प्रतिशत मतदाताओं ने पुनरीक्षण फॉर्म भरकर जमा करा चुके हैं। विपक्ष को चुनाव के चार महीने पहले से ही सम्भावित हार का डर सता रहा है। वोटर लिस्ट पुनरीक्षण का विरोध कर विपक्ष अपने इसी डर को दर्शा रहा है। दरअसल चुनाव आयोग को आरोपित करना विपक्ष की उसी रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत वह हर चुनावी हार के बाद ईवीएम को कोसता है। श्री पाण्डेय ने कहा कि राजद, कांग्रेस और लेफ्ट के हुड़दंगियों ने बंद के बहाने जिस तरह से प्रदेश के आम लोगों को परेशान किया है, उससे लोगों के जेहन में एक बार फिर उन पुराने दिनों की याद ताजा हुई है।

## सैर-सपाटे के लिए बिहार आये राहुल : विजय

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भारत बंद के बाबत नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की बिहार यात्रा पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी चुनाव के मौसम को देखते हुए महज सैर-सपाटे के लिए बिहार आये थें। उनकी यात्रा का जन कल्याण से कोई सरोकार नहीं है। वे एक अस्थिर चित्त के व्यक्तित्व हैं जो मौसम के हिसाब से अपना चाल-चरित्र बदलते रहते हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के विपक्षी दलों की मानसिकता हमेशा से संविधान विरोधी और लोकतंत्र को कमजोर करने की रही है। ऐसे में चुनाव आयोग की विश्वसनीयता तथा उसकी नीतियों पर सवाल उठाना न तो राज्य हित में है और ना ही देश हित में। चुनावी फायदे के लिए बेवुनियाद मुद्दों से जनता को भ्रमित करने की साजिश को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने दिया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने महागठबंधन द्वारा घोषित बंद को महज एक चुनावी स्टंट करार देते हुए इसे परिवारवादियों का जमघट बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी बात-बात संविधान की दुहाई देते हैं और उसी संविधान की गौरव-गरिमा को धूमिल करने में पीछे नहीं हटते हैं। कल उनके हाथ में संविधान का खाली पन्ना उनकी गंभीरता और सजगता पर सवाल उठा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि चूकि बिहार में चुनाव आने वाला है इसलिए पिकनिक का आनंद लेने वो बीच-बीच में बिहार आते रहेंगे। पप्पू और अप्पू दोनों नेता प्रतिपक्ष मुद्दाविहीन राजनीति के सूचक हैं। मतदाता पुनर्रीक्षण सर्व समाज के हित में है मतदाता पुनर्रीक्षण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जो 2003 के बाद एक लम्बे अंतराल के बाद हो रहा है।

## चक्का जाम नाकाम, विपक्षी दल हलकान : प्रभाकर

पटना। प्रभाकर कुमार मिश्र ने विपक्षी दलों के चक्का जाम पर करारा तंज कसते हुए कहा कि विपक्षी दलों का चक्का जाम पूरी तरह नाकाम रहा। चक्का जाम कराने के लिए कई जगहों पर उपद्रवी तत्व जोर-जबरदस्ती करते दिखे। चक्का जाम कराने के लिए मारपीट भी की गयी। सड़क पर आते-जाते लोगों के साथ बदसलूकी की गयी। इसके बावजूद चक्का जाम पूरी तरह फ्लॉप साबित हुआ।

श्री मिश्र ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि चक्का जाम दोनों युवराजों के लिए महज मौज-मस्ती का माध्यम बनकर रह गया। दोनों युवराज रथ पर सवार होकर चक्का जाम का मुआयना करने निकले। भ्रष्टाचार के दोनों महारथियों को देखकर लोग हंस रहे थे। लोग कह रहे थे कि यह कैसा चक्का जाम है ।

## बिहार बंद स्वत:स्फूर्त व ऐतिहासिक रहा : राजद



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार यादव कहा कि ट्रेड यूनियन के हड़ताल के समर्थन एवं वोटर लिस्ट विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ इंडिया गठबंधन द्वारा आहूत बिहार बंद और चक्का जाम आंदोलन स्वतःस्फूर्त व ऐतिहासिक रहा। महागठबंधन के समन्वय समिति के अध्यक्ष सह नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव के आह्वान पर बिहार बंद को किसानों, मजदूरों, छात्र, नौजवानों और आम जनता का भारी समर्थन मिला। लोकतांत्रिक ढंग से शांतिपूर्ण बिहार बंदी देखने को मिला। राजद प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा-जदयू और चुनाव आयोग के खिलाफ बिहार के मतदाताओं एवं आमजनों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बिहार और बिहारवासी समझ चुके हैं कि भाजपा-एनडीए के इशारे पर चुनाव आयोग ने मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के बहाने बिहार के गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों और अल्पसंख्यकों के वोट का अधिकार छिनने की साजिश रची है। इसलिए चुनाव आयोग ने कम समय में जटिल दिशा-निर्देश जारी किया है।

राजद प्रवक्ता ने कहा कि चुनाव आयोग के सहयोग से भाजपा पहले गरीबों के वोट का अधिकार छिनेगी फिर राशन-पेंशन और आरक्षण छिनेगी। बिहार लोकतंत्र की जननी है, ऐसा किसी भी कीमत पर नहीं होने देगी। बिहार की जनता नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के नेतृत्व में संघर्ष के लिए तैयार है। इसलिए चुनाव आयोग अविलंब अपने तुगलकी फरमान को वापस ले।

## वोटबंदी के खिलाफ अभूतपूर्व रहा बिहार बंद : कांग्रेस



पटना। बिहार में मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया वोटबांदी और गुंडाराज के खिलाफ इंडिया गठबंधन के द्वारा आहूत बिहार बंद के अभूतपूर्व सफलता पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू एवं प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने सूबे की जनता और सभी कार्यकताओं, नेताओं और समर्थकों को धन्यवाद दिया है। बंद को अभूतपूर्व बताते हुए बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने सभी नेताओं,कार्यकताओं और बिहार की जनता को विशेष धन्यवाद दिया।

साथ ही उन्होंने राज्य में चुनाव आयोग के वोटबंदी और गुंडाराज से आम जनता को त्रस्त कर दिया है और इसीलिए जनता ने भी इस बंद का स्वागत कर पूरा समर्थन दिया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि सूबे की आम जनता ने सभी जिलों में स्वतः स्फूर्त बंद का समर्थन किया

## चुनाव आयोग बिहार की जनता की आवाज सुने: दीपंकर



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले महासचिव का दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि आज का राज्यव्यापी चक्का जाम ऐतिहासिक है। बिहार की जनता ने साफ कर दिया है कि उसे एसआईआर नहीं चाहिए। हमें अपने सार्वभौमिक मताधिकार और श्रम अधिकारों की रक्षा पूरी ताकत से करनी होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग गरीबों को उनके मताधिकार से वंचित करना चाहता है, लेकिन आज का चक्का जाम स्पष्ट संदेश दे रहा है कि बिहार की जनता अपनी लोकतांत्रिक आवाज को कुचले जाने नहीं देगी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से भी अपील की कि वह इस जनभावना को गंभीरता से सुने, जहाँ इस मुद्दे पर कल सुनवाई होनी है। का दीपंकर ने कहा कि बिहार की जनता इस बार 20 वर्षों की भाजपा-नीतीश सरकार को सबक सिखाने के मूड में है। लेकिन चुनाव आयोग जनता को भ्रमित करने और मतदाता चयन की साजिश में लगा हुआ है। यह लोकतंत्र पर हमला है। जिस पटना से 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन शुरू हुआ, वहीं से आज एक बार फिर लोकतंत्र की रक्षा का बिगुल बज चुका है। जब-जब बिहार बोलता है, देश बदलता है। लोकतंत्र और संविधान की रक्षा हर कीमत पर की जाएगी। दीपंकर ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लागू किए गए चार श्रम संहिताएं मजदूरों को गुलाम बनाने की साजिश हैं। उन्होंने कहा कि आज संगठित और असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, स्कीम वर्कर, कर्मचारी और ट्रेड यूनियन एकजुट होकर सड़कों पर हैं।

## बदलो सरकार बचाओ बिहार : डी राजा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव डी राजा देश के 10 ट्रेड यूनियनों द्वारा मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई के आम हड़ताल और महागठबंधन द्वारा वोटबन्दी के खिलाफ आयोजित चक्का जाम एवं बिहार बंद में महागठबंधन के नेताओं के साथ पटना में शामिल हुए। इस मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भाकपा महासचिव डी. राजा ने कहा कि मोदी सरकार ने दशकों से स्थापित 44 श्रम कानूनों को समाप्त कर 4 लेबर कोड बनाने का फैसला किया है, जो श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात है। उसे वापस लेने की मांग को लेकर पूरे देश में आज आम हड़ताल है। भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार अपने नवउदारवादी एजेंडे को आक्रामक ढंग से आगे बढ़ा रही है, जिसका केंद्रीय श्रम संहिताएँ हैं। उन्होंने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव भारत निर्वाचन आयोग 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए तैयार की गई ।

## बिहार को बंगाल नहीं बनने देंगे: ऋतुराज

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने इंडी गठबंध द्वारा बिहार बंद पर बयान देते हुए कहा कि झूठ, भ्रम और भय आज विपक्ष की राजनीति का मुख्य आधार बन चुका है। कांग्रेस, आरजेडी और कठऊकअ गठबंधन हर चुनाव से पहले जनता को डराने का काम करते हैं।

2024 के चुनाव में कहा गया था कि यह देश का आखिरी चुनाव होगा, संविधान खत्म हो जाएगा, आरक्षण छीन लिया जाएगा। लेकिन आज, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार शपथ लिए एक साल से ज्यादा हो गया है ,संविधान वही है, संसद वही है और भारत का लोकतंत्र मजबूती से कायम है। इतना ही नहीं बल्कि पहली बार 1930 के बाद जातीय जनगणना 2026 में मोदी सरकार ही कराने जा रही है। ऋतुराज ने कहा कि देश जानता है जब तक मोदी जी हैं, कोई गरीब और वंचित का अधिकार नहीं छीन सकता ।उन्होंने सीमांचल में नए वोटरों को लेकर बड़ा सवाल किया कि सीमांचल क्षेत्र में सर्वाधिक नए वोटर बन रहे हैं।

## चुनाव आयोग ने गरीबों की जिंदगी तबाह की : पप्पू



पटना । मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार बंद के समर्थन में बुधवार महागठबंधन के नेताओं ने राहुल गांधी के नेतृत्व में पटना की सड़कों पर जमकर प्रदर्शन किया । वहीं पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने भी 5 हजार समर्थकों के साथ आयकर गोलंबर पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ।हालांकि उससे पहले उन्होंने पटना के सचिवालय हॉल्ट पर अपने समर्थकों के साथ जोरदार प्रदर्शन किया और ट्रेन को रोका। इस दौरान पप्पू यादव ने चुनाव आयोग के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और केंद्र सरकार जमकर निशाना साधा। सांसद पप्पू यादव ने कहा कि चुनाव आयोग नाटक करता है। पूरे देश के गरीबों की जिंदगी तबाह कर दी है। कब याद आया कि देश में जन्म लेने वाला नागरिक नहीं है ?

## राहुल गांधी को न चुनाव आयोग पर न सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा : जायसवाल

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और सांसद संजय जायसवाल ने बुधवार को कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कई दल विरोध कर रहे हैं और मिथ्या प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने बिना किसी पार्टी का नाम लिए कहा कि एक क्षेत्रीय दल और एक राष्ट्रीय दल के युवराज ने क्यों बिहार में चक्का जाम किया था, यह किसी को समझ में नहीं आया। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि वह खुद तो संविधान की पुस्तक लेकर घूमते हैं, लेकिन न उन्हें संविधान पर भरोसा है और न सुप्रीम कोर्ट पर। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि महागठबंधन के नेता आधार कार्ड को लेकर सवाल उठाए हैं। साल 2020 में मोदी सरकार लोकसभा में एक विधेयक लाई थी कि आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र और मतदाता सूची के साथ जोड़ना चाहिए। लेकिन कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों के नेताओं ने उसका विरोध किया था। राजद और कांग्रेस को आईना दिखाते हुए उन्होंने कहा कि जब लोकसभा में आधार कार्ड को मतदाता पहचान पत्र या मतदाता सूची से जोड़ने का बिल लाया जाता है, तो ये उसका विरोध करते हैं और आज वे इसकी बात कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनकी हमेशा दोमुंही नीति रही है। उन्होंने कहा कि हाल ही में राजद की एक बैठक में तेजस्वी यादव बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर सवाल भी उठा रहे हैं और शहाबुद्दीन और तस्लीमुद्दीन के अमर रहने का नारा भी लगवा रहे हैं।

## विस चुनाव में कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों का सफाया तय : श्रवण

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। ग्रामीण विकास मंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधा है। जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ-साथ उसके सहयोगी दलों का भी सफाया तय है। उन्होंने विपक्ष के दोहरे रवैये पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब किसी राज्य में इंडी गठबंधन की जीत होती है, तब उन्हें चुनाव आयोग पूरी तरह निष्पक्ष नजर आता है, लेकिन जैसे ही हार मिलती है, वही आयोग उन्हें पक्षपाती लगने लगता है। ऐसी मानसिकता जनमत का सीधा अपमान है। कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए मंत्री ने कहा कि गरीबी हटाओ का नारा देकर कांग्रेस ने दशकों तक देश की जनता को सिर्फ गुमराह किया।

सत्ता में लंबे समय तक बने रहने के बावजूद उसने कभी गरीबों की ईमानदारी से चिंता नहीं की। कांग्रेस ने केवल खोखले नारे दिए, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई ठोस काम नहीं किया। इससे पहले ग्रामीण विकास मंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से आए आम नागरिकों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी एवं प्रो नवीन आर्य चंद्रवंशी भी उपस्थित रहे।

## बंद को नहीं मिला आम जनता का समर्थन : उमेश

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि सत्ता की लालसा में बौखलाए विपक्ष द्वारा बुलाए गए बिहार बंद के आह्वान को जनता ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि बिहार बंद को आम जनता का समर्थन और सहयोग न मिलना इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि सूबे की समझदार और जागरूक जनता अब विपक्ष के नकारात्मक मंसूबों को भली-भांति भांप चुकी है। श्री कुशवाहा ने राजद और कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि बिहार की जनता उस अराजक और भयावह दौर को कभी नहीं भूल सकती, जब 2005 से पहले चुनावों में बूथ कैप्चरिंग के जरिए गरीबों, दलितों और कमजोर वर्गों को मतदान से वंचित रखा। जाता था। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह जगजाहिर सच्चाई है कि लालू-राबड़ी के शासनकाल में लोकतंत्र का गला घोंटा गया। आगे उन्होंने कहा कि जिनकी राजनीति दबंगई और बूथ कैप्चरिंग की विरासत पर टिकी रही, वे आज किस नैतिकता से लोकतंत्र और संविधान की दुहाई दे रहे हैं? प्रदेश अध्यक्ष ने तंज कसते हुए कहा कि दिल्ली और बिहार के दो विफल युवा, जो परिवारवाद के प्रतीक हैं, अपने राजनीतिक अस्तित्व को बचाने के लिए नए-नए हथकंडे अपना रहे हैं। बिहार बंद का आह्वान भी उसी का एक हिस्सा था, लेकिन बिहार की जागरूक जनता ऐसे प्रयासों को किसी भी कीमत पर सफल नहीं होने देगी। उनके असली चाल, चरित्र और चेहरे से अब हर कोई भली-भांति वाकिफ है। साथ ही, उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास न कोई ठोस मुद्दा है, न ही जनता के लिए कोई सकारात्मक दृष्टिकोण।

## पूर्व विधायक रामचंद्र सदा की जदयू में घर वापसी

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। अलौली विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक रामचंद्र सदा ने अपने कई समर्थकों के साथ जनता दल यू में घर वापसी की। इस अवसर पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्री श्रवण कुमार ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। मंत्री ने सभी नवागत साथियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने कहा कि श्री रामचंद्र सदा के अनुभव और क्षेत्र में उनके व्यापक जनाधार से जदयू परिवार को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी स्थापना चंदन कुमार सिंह, प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी, मीडिया सेल के प्रदेश अध्यक्ष मनीष कुमार मंडल, पंकज कुमार सिंह सहित पार्टी के अन्य नेतागण भी उपस्थित रहे। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वालों में प्रमुख रूप से मुखिया बिहारी सदा, पूर्व मुखिया श्री प्रमानन्द राय, अरुण कुमार, जनाब मो. चुन्नू, जनाब मो. मन्नान, पूर्व समिति सदस्य पाण्डव यादव, डॉ. संजय पटेल, सुरेश सिंह, अनिल यादव, विनोद यादव, मो. इरफान खली, मो. साजन, मो. अंसारूल, मो. अरसद आलम, श्री फुल कुमार, सुनील कुमार, राजीव कुमार सिंह, शशि सिंह, श्री सुधीर कुमार सिंह शामिल रहे।

सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के संवाद कक्ष में विभागीय अधिकारी रहें मौजूद

## डजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन

विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने की कार्यशाला की अध्यक्षता



प्रातः किरण संवाददाता

पटना। सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के संवाद कक्ष में फेसबुक (मेटा) के सहयोग से डिजिटल गवर्नेंस को सशक्त बनाने हेतु एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विभाग के निदेशक वैभव श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में अपर सचिव, संयुक्त सचिव, संयुक्त निदेशक, विशेष कार्य पदाधिकारी, सभी सहायक निदेशक, संबंधित जिलों के उप निदेशक सह जन-सम्पर्क अधिकारी, सहित सोशल मीडिया एजेंसी की प्रोजेक्ट मैनेजर, सीनियर सोशल मीडिया मैनेजर, कंटेंट हेड, एसएमई तथा कंटेंट राइटर्स भी उपस्थित रहे।

यह कार्यशाला डिजिटल संचार को अधिक जन-केंद्रित, प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध होगी, जिससे शासन और जनता के बीच संवाद को नई ऊर्जा और गति प्राप्त होगी।

## कृषि विभाग ने 5 एकड़ भूमि हस्तांतरण को दी स्वीकृति

पटना। उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा राज्य के विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नवादा जिले में केन्द्रीय विद्यालय के भवन निर्माण हेतु कृषि विभाग की भूमि हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई है। मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय बीज गुणन प्रक्षेत्र, नवादा में स्थित थाना संख्या-378, मौजा-भदौनी के अंतर्गत कुल 5 एकड़ भूमि को शिक्षा विभाग को हस्तांतरित करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है। यह भूमि अब केन्द्रीय विद्यालय के स्थायी भवन निर्माण हेतु प्रयोग में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और यह निर्णय उसी दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

## खेमका हत्या कांड : पता सहित आरोपियों का हुआ खुलासा: जदयू

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू मुख्य प्रवक्ता सह विधान पार्षद नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव एवं मीडिया पैनलिस्ट पूजा पैट्रिक ने संयुक्त रुप से प्रेसवार्ता को संबोधित किया। इस दौरान तेजस्वी यादव से सवाल पूछते हुए कहा कि पुलिस ने इस मामले में आरोपियों का पता सहित खुलासा कर दिया है ऐसे में तेजस्वी यादव उनसे मिलने कब जाएंगे? पार्टी प्रवक्ताओं ने प्रेसवार्ता के दौरान उनकी ही पार्टी के सुभाष यादव, जो बेऊर जेल में बंद हैं उनका हथकड़ी लगा हुआ पोस्टर जारी करते हुए कहा कि इनके नामांकन में तेजस्वी यादव जाते हैं ऐसे में नेता प्रतिपक्ष को अपराध के खिलाफ बोलने की पात्रता नहीं है। गुंजन खेमका हत्याकांड में तेजस्वी यादव का दावा था कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। जबकि इस मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज हुआ जिसके आधार पर पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया एवं चार्जशीट दायर किया। उन्होंने कहा कि अपराध के खिलाफ हमारी सरकार कितनी गंभीर है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि घटना के मुख्य आरोपी अभिषेक कुमार उर्फ अस्तु मस्तु के पास बरामद हथियार को हाजीपुर व्यवहार न्यायालय के न्यायिक दंडाधिकारी रामेश्वर मिश्रा द्वारा आरोप मुक्त कर न्यायिक राहत देने का काम किया गया था लेकिन सक्षम प्राधिकार द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट को सेवा से बर्खास्त करने का काम किया गया। वहीं गोपाल खेमका हत्याकांड की चर्चा करते हुए प्रदेश प्रवक्ताओं ने कहा कि इस मामले में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया लेकिन पुलिस ने महज 72 घंटे में घटना के आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने कहा कि गुंजन खेमका हत्याकांड का आरोपी अभिषेक उर्फ अस्तु मस्तु मारा गया और नरक में वास कर रहा होगा और गोपाल खेमका हत्याकांड का आरोपी विकास उर्फ राजा भी नरक में वास कर रहा होगा उसका पता खोजकर जाकर मिल लीजिए। साथ ही कहा कि गोपाल खेमका हत्याकांड में जिन अरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है उससे भी जाकर मिल लीजिए।

# बिहार बंद का दरभंगा जिले पर मिला-जुला असर रहा

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा। महागठबंधन के आह्वान पर बिहार बंद का दरभंगा जिला में मिला-जुलाहा। नई दिल्ली जाने वाली बिहार संपर्क क्रांति सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को प्रदर्शनकारियों ने पटरियों पर बैठकर बाधित किया, जिससे यात्री स्टेशन पर कुछ देर फंसे रहे। एनएच 27 भी आमजन व वाहन चालकों के लिए कुछ घंटों के लिए बंद हो गया, जब प्रदर्शनकारियों ने टायर जलाकर सड़क पर रोका लगाया।पूर्व-मध्य रेलवे के सूत्रों ने बताया कि समस्तीपुरझदरभंगा मंडल सहित अन्य 17 स्टेशनों पर ट्रेनों को रोककर नारेबाजी हुई, जिसमें गाड़ियों के आगे झंडा-बैनर लगाया गया और कुछ ट्रेनें 10 से 40 मिनट तक रुकी रहीं। लहेरियासराय टावर चौक, घनश्यामपुर, बिरौल, बेनीपुर, केवटी, हायघाट, अलीनगर, जाले, बहादुरपुर व मनीगाछी में भी सड़कें जाम की गईं, हालांकि अधिकतर इलाके सामान्य रहे । महागठबंधन के नेता व पूर्व केंद्रिय मंत्री मो अली अशरफ फातमी ने कहा की संघी लोग लोकतंत्र को खत्म करना चाहते हैं, यह हम हरगिज नहीं होने देंगे।बिहार के पूर्व मंत्री सह राजद विधायक ललित कुमार यादव ने कहा की भाजपा,नीतीश सरकार की तानाशाही और सत्ता के दुरुपयोग का अब बिहार की जागरूक जनता करारा जवाब देगी। राजद जिलाध्यक्ष उदय शंकर यादव,महानगर युवा राजद के अध्यक्ष राकेश नायक, राजद महानगर अध्यक्ष गंगा मंडल एवं कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि सह जिला मीडिया प्रभारी मो.असलम के संयुक्त नेतृत्व में बांस बल्ला लगाकर बंद और चक्का जाम किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### भाकपा का 26वां अंचल सम्मेलन सम्पन्न

मुजफ्फरपुर।।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मोतीपुर अंचल का 26वां सम्मेलन जलेश्वर साह नगर के ओमप्रकाश भक्त सभागार में मदन मोहन सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में पिछले बीस वर्षों से सत्तारूढ़ नीतीश सरकार हर मोर्चे पर फेल हो चुकी है।वासभूमि रहित भूमिहीन परिवारों को आवासीय जमीन उपलब्ध कराने में डबल इंजन की सरकार नाकामयाब रही।राज्य के नौजवान काम के अभाव में दूसरे राज्यों के महानगरों में पलायन कर गये हैं।नीतीश सरकार अफसरों को लूटने की पूरी छूट दे रखी है।आम जनता संकट में है। किसानों के खाद-बीज की कालाबाजारी हो रही है।फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदने में सरकार नाकाम रही है।आगामी विधानसभा चुनाव में राज्य की जनता बदलाव का निर्णय ले चुकी है। जनता के तेवर को देखते हुए भाजपा चुनाव आयोग के माध्यम से मतदाता सूची का अफरा-तफरी में विशेष गहन परीक्षण कर वोट के अधिकार पर हमला कर रही है।प्रधानमंत्री के सभाओं की खाली कुर्सियों से भाजपा-जदयू हताशा में है। सम्मेलन में अंचल सचिव द्वारा प्रस्तुत कार्य प्रतिवेदन को बहस के बाद पारित किया गया।सम्मेलन में जिला सम्मेलन के लिए आठ प्रतिनिधि एक एवजी प्रतिनिधि तथा एक महिला प्रतिनिधि का चयन किया गया।पन्द्रह सदस्यीय अंचल परिषद् ने सर्वसम्मति से कमलेश्वर चौधरी अंचल सचिव, शिवजी पासवान सहायक अंचल सचिव तथा रामचन्द्र बैठा कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए गए।

### दीवार गिड़ने से एक की दबकर हुई मौत,एक गंभीर रूप से घायल

अलीनगर(दरभंगा)।थाना क्षेत्र के धमसाइन गांव में बुधवार की सुबह ईंट का पक्का दीवार गिरने से शंभूलाल देव के आठ वर्षीय पुत्र राघव कुमार की मृत्यु डीएमसीएच में इलाज के क्रम में हो गई। बताया जाता है कि मृतक राघव सुबह करीब नौ बजे में अपने आंगन से सटे करीब छः फीट गहरे मैदान में शौच कर उठने पर बड़े भाई सौरभ से पानी मांगा था।सौरभ शौच धोने के लिए अपने भाई को पानी भड़ा लोटा पहले ही झुके हुए पक्के दीवार पर लटककर लोटा पकड़ाने की प्रयास कर रहा था।मृतक भी पानी का लोटा पकड़ने की प्रयास कर ही रहा था कि दीवार टूटकर गिर गई।पीठ के बल गिरे मृतक के ऊपर पुरा दीवार गिड़ने से वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं बड़ा भाई भी गिरने के कारण जख्मी हो गया।घटना के साथ ही परिजन सहित पड़ोसी दौड़े और दोनों को बाहर निकाला।तत्काल ही उसे स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया।जहां से गंभीर स्थिति में डीएमसीएच रेफर किया गया।इलाज के क्रम में गंभीर राघव अपने जीवन की अंतिम सांसे लेते हुए संसार को अलविदा कह गए।जबकि बड़ा भाई सौरभ खतरे से पूर्णतः बाहर बताया गया है।हालांकि उसके एक पैर की हड्डी टूट गई है एवं अन्य कई जगह भी चोटें आई है।मृत्यु की खबर सुनते ही माता-पिता सहित परिजनों के बीच चीख पुकार गूंजने लगे।एक तरफ डीएमसीएच में पुत्र के साथ ही मौजूद मां को संभालने में लोग परेशान थे, तो वहीं घर पर मौजूद मृतक बालक की एक मात्र बड़ी बहन नेहा कुमारी अपने दुलारे भाई के मौत की खबर सुन दहाड़े मार मारकर रोने लगी। अपने दुलारे भाई को खोने के गम में बार बार नेहा मूर्छित होकर गिर रही थी। आसपास की महिलाएं उसे ढाढस बंधाने की प्रयास करते हुए अपनी आंसू भी नहीं रोक पा रहे थे। देर शाम को पोस्टमार्टम के बाद लाश का घर पहुंचते ही देखने के लिए ग्रामीण की भीड़ उमड़ पड़े।आनन-फानन में उसका अंतिम संस्कार किया गया।वहीं इलाजरत भाई सौरभ भी अपने भाई को खोने की गम में लगातार आंसू बहाए जा रहे थे।इस घटना के संबंध में सीओ कुमार शिवम ने बताया कि उसे अब तक कोई जानकारी नहीं था और वह चुनाव ड्यूटी में बाहर भी हैं।लेकिन पीड़ित परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर आवश्यक कारवाई की जाएगी।

### शांतिपूर्वक पंचायत उप चुनाव संपन्न

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर पंचायत के वार्ड सदस्य का उप पंचायत चुनाव बुधवार को मतदान केंद्र संख्या 245 प्राथमिक विद्यालय पकड़ी डीह पर भारी पुलिसिया व्यवस्था के साथ शांतिपूर्वक संपन्न हुई। बीडीओ देवेंद्र कुमार ने बताया कि 54.80% मतदान के साथ चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शांतिपूर्वक मतदान को लेकर सीओ शशि रंजन कुमार ,थाना अध्यक्ष राकेश कुमार शर्मा, अपर अध्यक्ष दीपक कुमार मतदान केंद्र पर क्षेत्र में भ्रमण करते देख गये

## मतदाता पुनरीक्षण के विरुद्ध महागठबंधन ने किया विरोध प्रदर्शन



मधुबनी मतदाता पुनरीक्षण कार्य के विरोध में मंगलवार को महागठबंधन के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मधुबनी में बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने रेलवे स्टेशन चौक को जाम कर दिया और ट्रेन को भी रोक दिया, जिससे मधुबनी-दरभंगा मुख्य सड़क पर घंटों यातायात प्रभावित रहा।मधुबनी रेलवे स्टेशन पर शहीद एक्सप्रेस और जयनगर-सियालदह एक्सप्रेस ट्रेनों को लगभग 10 मिनट तक रोके रखा गया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।महागठबंधन नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्य में अनियमितताएं और भ्रष्टाचार हो रहे हैं। उन्होंने इस प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल महागठबंधन के प्रमुख नेता रामाशिष यादव ने कहा कि भ्रष्टाचार और पक्षपातपूर्ण रवैये के खिलाफ यह जनआंदोलन है। जब तक निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं होती, हम चुप नहीं बैठेंगे। प्रदर्शन के चलते प्रशासन को यातायात व्यवस्था बहाल करने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। स्थिति पर नियंत्रण पाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया।

## महागठबंधन कार्यकताओं ने किया सड़क जाम, रोड पे लगी वाहनों की लंबी कतारें



जमुई/ई०अलीगंज:- अलीगंज बाजार स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप महागठबंधन कार्यकर्ताओं ने विभिन्न समस्याओं को लेकर बुधवार को नवादा सिकंदरा मुख्यमार्ग को अहले सुबह को जाम कर दिया है। भाकपा के जिला सचिव कामरेड सुनील सिंह के नेतृत्व में मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इसे सफल बनाने को लेकर सिकंदर के पूर्व विधायक बंटी चौधरी अलीगंज पहुँच कर अलीगंज में सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि केन्द्र सरकार व चुनाव आयोग की वोटरलिस्ट जांच की प्रकिया में लाये गये विभिन्न प्रस्ताव जो काफी कठिन है। ऐसे में बहुत से वोटर का मतदाता सूची से बाहर हो जाएंगे। इसलिए प्रकिया सरल व सुलभ होनी चाहिए। और आधार जब पहचान है तो फिर अलग से जन्म प्रमाण पत्र और अन्य प्रूफ की क्या जरूरत है।मौके पर माकपा के डा दिनेश कुमार,परमेश्वर यादव,मकेश्वर यादव,वीरेन्द्र कुमार सिंह,भरोसी यादव,मनोज यादव,रामबालक यादव, छोटू, मोहित, संजय, मोहम्मद् शमिम मालिक, शमीम खान,पूर्ण मुखिया सौकत खान,सहित कई नेता व महागठबंधन कार्यकर्ताओ उपस्थित थे।

## देशव्यापी आम हड़ताल मुजफ्फरपुर में भी सफल

मुजफ्फरपुर। एसयूसीआई (सी) के जिला सचिव अर्जुन कुमार ने दस केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच द्वारा आहूत और संयुक्त किसान मोर्चे (एसकेएम) द्वारा समर्थित देशव्यापी आम हड़ताल को मुजफ्फरपुर में पूरी तरह से सफल बनाने के लिए राज्य की जनता को क्रांतिकारी बधाई दी है और लोगों से भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन को तेज करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी एसयूसीआई (सी) द्वारा समर्थित आम हड़ताल मुकम्मल सफल रही। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुजफ्फरपुर शहर सहित सरैया , साहेबगंज आदि में सड़कों पर उतरकर लोगों से हड़ताल में शामिल होने की अपील की। शहर में भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं का जुलूस मोतीझील, कल्याणी,हरिसभा, तिलक मैदान, सरैयागंज, जवाहरलाल रोड, कम्पनीबाग, इमलीचट्टी, अस्पताल रोड, स्टेशन रोड आदि स्थानों से होकर गुजरा। जुलूस का नेतृत्व जिला सचिव अर्जुन कुमार, राज्य कमिटी सदस्य लालबाबू महतो, जिला कमिटी सदस्य तारकेश्वर गिरि, काशीनाथ सहनी,विपिन ठाकुर, लालबाबू राय,कुमोद राम, विजय कुमार, संजीत मांझी, कालिकांत झा,माधव भक्त, शिव कुमार आदि कर रहे थे। इस आम हड़ताल में अधिकांश व्यावसायिक प्रतिष्ठान, शिक्षण संस्थान और सरकारी कार्यालय बंद रहे।सड़कों पर वाहन न के बराबर थे। अर्जुन कुमार ने कहा है कि इस सफल हड़ताल ने साबित कर दिया कि राज्य का आम आवाम, खासकर मजदूर-किसान भाजपा नेतृत्ववाली केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ है, जिनमें चार मजदूर-विरोधी और एकाधिकार पूंजीपतिपरस्त श्रम संहिताओं को लागू करना, सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों और सरकारी उद्यमों के निजीकरण में तेजी लाना, स्थायी प्रकृति के रोजगार के ठेकेदारीकरण और आकस्मिकीकरण तथा ह्यहायर एंड फायरह्न नीति को लागू करना शामिल है। उन्होंने कहा कि सरकार उपभोक्ता-विरोधी बिजली (संशोधन) विधेयक 2023 लागू कर रही है और स्मार्ट मीटर लगा रही है।

## संयुक्त मोर्चा ने बिहार बंद के दौरान खगड़िया का किया चक्का जाम, बंद ऐतिहासिक सफल

खगड़िया। देश बचाओ अभियान, आम जनता पार्टी राष्ट्रीय एवं मिशन सुरक्षा परिषद के संयुक्त मोर्चा के बैनर तले निर्वाचन आयोग के द्वारा गहन मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ बिहार बंद के आह्वान पर खगड़िया का चक्का जाम ऐतिहासिक सफल किया गया। बंद का नेतृत्व अभियान के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष किरण देव यादव एवं आम जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश ठाकुर ने किया। बंद में मोदी नीतीश मुदार्बाद, निर्वाचन आयोग हाय-हाय, तुगलकी फरमान वापस लो, एनआरसी लागू करना बंद करो, काला कानून वापस लो, आदि गगनभेदी नारों के साथ बंद के दौरान कार्यकताओं ने सड़क पर उतरकर आक्रोश व्यक्त किया तथा राजेंद्र चौक, रेलवे स्टेशन चौक को जाम किया गया तथा स्टेशन रोड, मील रोड, एन ए सी रोड एवं रेलवे जंक्शन परिसर में प्रदर्शन किया गया तथा दुकानों को बंद करने का अपील किया। स्फूर्त बंद ऐतिहासिक सफल रहा। राजेंद्र चौक पर सभा को संबोधित करते हुए देश बचाओ अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि वोटर लिस्ट वेरीफिकेशन के माध्यम से एनआरसी लागू करने का प्रयास है। बहुसंख्यक एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी को वोट के अधिकार से वंचित करने का साजिश है। नोटबंदी के तरह वोट बंदी कर आम जनता का सभी अधिकार छीनने का षड्यंत्र है। मिशन सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता किरण देव यादव ने कहा कि यदि मतदाता फर्जी है तो आम जनता के वोट से जीती केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार फर्जी है उसे हटाने, बर्खास्त करने, उखाड़ फेंकने की जरूरत है।

## अखिल भारतीय आम हड़ताल एवं मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ नेशनल हाईवे जाम कर किया धरना प्रदर्शन

समस्तीपुर केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर अखिल भारतीय आम हड़ताल व मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण वापस लेने की मांग पर इंडिया गठबंधन के बिहार बंद व चक्का जाम के अवसर पर जुलूस निकालकर बाजार भ्रमण के बाद नेशनल हाईवे का चक्का जाम कर घंटों धरना-प्रदर्शन-सभा किया। बुधवार को बड़ी संख्या में भाकपा माले, राजद, कांग्रेस, भाकपा, वीआईपी आदि दलों के कार्यकर्ता बाजार क्षेत्र के गांधी चौक पर ईकट्ठा होकर अपने-अपने हाथों में मांगों से संबंधित नारे लिखे तख्तियां एवं झंडे-बैनर लेकर जुलूस निकाला जुलूस नेशनल हाईवे पहुंचकर नेशनल हाईवे को जाम कर घंटों नारेबाजी किया। इंडिया गठबंधन के घटक दलों का दूसरा जत्था नारे लगाकर बाजार भ्रमण के बाद प्रखंड मुख्यालय के राजधानी चौक पहुंचकर नेशनल हाईवे चौराहा को जाम कर घंटों धरना-प्रदर्शन करते रहे। इस दौरान सड़क की दोनों ओर गाड़ियों का तांता लग गया। मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। सभा को राजद के प्रखंड अध्यक्ष नूर आलम, अजहर मिकरानी, भाकपा के अंचल मंत्री रामप्रीत पासवान, रामबृक्ष राय, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक, सुहैल सिद्धीकी, वीआईपी के प्रखंड अध्यक्ष फैजान अहमद, एसयूसीआईसी के चंद्रशेखर राय समेत इंडिया गठबंधन के दर्जनों वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में भाकपा-माले प्रखंड सचिव सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को जनता से उनका मतदान का अधिकार छीनने वाला कार्यक्रम बताते हुए उसे वापस लेने की मांग की। भाकपा के अंचल मंत्री रामप्रीत पासवान ने मजदूर विरोधी 4 श्रम कोड, काम के 12 घंटे के आदेश को रद्द करने की मांग की। राजद के प्रखंड अध्यक्ष नूर आलम ने किसानों का लोन माफ करने, बंद बाजार समिति को चालू करने, किसानों को निः शुल्क बिजली देने, किसानों के सभी फसलों पर एमएसपी की गारंटी करने की मांग की।

कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक ने तमाम भूमिहीनों को वासभूमि एवं आवास देने की मांग की। वीआईपी के फैजान अहमद ने प्रखंड- अंचल में व्याप्त भ्रष्टाचार की चर्चा करते हुए भू सर्वे हेतु पंचायत स्तर पर शिविर के माध्यम से भू अभिलेख उपलब्ध कराने की मांग की।

## बिहार बंद के समर्थन में समस्तीपुर में महागठबंधन का जोरदार प्रदर्शन,पांच घंटे तक जाम

समस्तीपुर महागठबंधन के कार्यकर्ता राज्य विधानसभा चुनाव 2025 से पहले बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (र.कफ) के खिलाफ महागठबंधन द्वारा बुलाए गए बिहार बंद विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। शहर में जुलूस निकाल कर शहर को बंद कराया गया ' महागठबंधन द्वारा नगर भवन के पास समस्तीपुर मुसरीघरारी पथ को सुबह 09 बजे से दोपहर 02 बजे लगभग 05 घंटे जाम करके यातायात का ठप किया गया ' मौके पर राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती की अध्यक्षता में प्रतिरोध सभा भी हुई ' स्थानीय विधायक सह बिहार विधान सभा के मुख्य सचेतक अख्तरुल इस्लाम शाहीन ने कहा कि केंद्र सरकार चुनाव आयोग पर दबाव बनाकर गरीब विरोधी नीति लागू कर रही है ' यह सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को नुकसान पहुंचाने का काम कर रही है ' उन्होंने कहा कि यदि यह प्रक्रिया नहीं रोकी गई, तो वह केवल सड़क पर नहीं बल्कि आने वाले दिनों में सदन तक आंदोलन करेंगे ' राजद विधायक ने कहा कि हम बीजेपी की और नीतीश कुमार के ह्यगोदी आयोगह्न को अनुमति नहीं देंगे ' दादागिरी नहीं चलेगी ' बिहार लोकतंत्र की जननी है और भाजपा यहां लोकतंत्र को खत्म करना चाहती हैं ' बिहार के लोग ऐसा नहीं होने देंगे ' यहां ह्यक्रांतिह्न होगी ' राजद जिलाध्यक्ष सह पूर्व विधान पार्षद रोमा भारती ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान चलाया है। इससे गरीबों और पिछड़ों को मताधिकार से वंचित करने की साजिश की जा रही है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोह्न अबू तमीम, भाकपा जिला मंत्री सुरेन्द्र कुमार सिंह मुन्ना, माकपा जिला मंत्री रामाश्रय महतो, भाकपा माले जिला मंत्री प्रोफेसर उमेश कुमार, लोजपा पारस जिलाध्यक्ष विनय चौधरी ।

## नगर विकास मंत्री से मिलकर पूर्व मंत्री ने कराया ज्वलंत समस्याओं से अवगत

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। पूर्व मंत्री अजित कुमार मंगलवार को नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा से मिलकर कांटी नगर परिषद की ज्वलंत जन समस्याओं से अवगत कराया और उसके समाधान का अनुरोध किया। श्री कुमार ने मंत्री को ज्ञापन सौंप कर कांटी नगर परिषद के विभिन्न जन समस्याओं से अवगत कराते हुए छिन्मस्तिका मंदिर से थाना की ओर जाने वाली पीडब्लूडी सड़क में दोनों तरफ जल निकासी के लिए नाला का निर्माण, कांटी मन की सफाई एवं छठ घाट का निर्माण, कांटी वार्ड नंबर 6 में आधुनिक विवाह भवन एवं मोरसर रविदास टोला में सामुदायिक भवन का निर्माण, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कांटी के परिसर को जल जमाव से मुक्त कराने सहित कई समस्या से उन्हें अवगत कराया । मौके पर श्री मिश्रा ने पूर्व मंत्री के द्वारा सौंपे गए के ज्ञापन पर शीघ्र कार्रवाई करने के लिए प्रधान सचिव नगर विकास विभाग को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने श्री कुमार को आस्वस्त किया की चुनाव से पूर्व मैं कांटी नगर परिषद को और कई योजना से लाभान्वित कराऊंगा। विदित हो कि पिछले दिन पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने वार्ड 6 के एक सभा में कांटी नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकास कार्य में अपना सहयोग देने का जनता से वादा किया था। इस अवसर पर वार्ड पार्षद इनरदेव राम उर्फ पप्पू राम एवं नगर परिषद के पूर्व सभापति गजेंद्र पासवान ने श्री कुमार का नगर परिषद के कई ज्वलंत समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। उक्त सभा में ही पूर्व मंत्री ने घोषणा किया था कि मैं शीघ्र ही मंत्री से मिलकर जनहित में नगर परिषद कांटी के सभी 26 वार्डों के विकास के लिए बात करूंगा।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने मृतक बीएलओ सुपरवाइजर के परिजनों से की भेंट

प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने सड़क दुर्घटना में दिवंगत बीएलओ सुपरवाइजर सह कृषि समन्वयक चंदन प्रसाद प्रभाकर के आवास पर जाकर शोक संतप्त परिजनों से भेंट की तथा गहरी संवेदना व्यक्त की।जिलाधिकारी ने मृतक के पिता, पत्नी, पुत्र एवं पुत्रियों से मिलकर दुःख की इस घड़ी में धैर्य रखने की बात कही तथा हरसंभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने स्वर्गीय चंदन प्रसाद प्रभाकर को एक कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कर्मी बताते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।जिलाधिकारी ने मृतक स्वर्गीय चंदन प्रसाद प्रभाकर की पत्नी को अनुग्रह अनुदान की राशि दस लाख रुपए का चेक भी प्रदान किया।

## प्रेम-प्रसंग में हूई शिक्षक की हत्या ,प्रेमिका समेत 3 गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के साहेबगंज थाना क्षेत्र में पिछले दिन एक शिक्षा की हत्या प्रेम प्रसंग के कारण हुई।पुलिस ने इस हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। इस हत्याकांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन करते हुए महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हत्या प्रेम-प्रसंग के चलते की गई थी, गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में इसकी पुष्टि भी कर दी हैं । घटना 4 जुलाई की सुबह करीब 5 बजे की है, जब साहेबगंज थाना क्षेत्र के चिकना चवर में एक शव होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी।मृतक की पहचान मध्य विद्यालय मनाईन में कार्यरत विशिष्ट शिक्षक गुड्डु लाल ठाकुर(43 बर्ष) के रूप में हुई। वे साहेबगंज के दरिया चोपड़ा गांव के निवासी थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर इनक्वेस्ट की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मौके पर एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किया था। मृतक की पत्नी के आवेदन पर साहेबगंज थाना में हत्या का मामला दर्ज किया गया । मंगलवार को ग्रामीण एसपी राजेश सिंह प्रभाकर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के अनुश्रवण एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सरैया के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में साहेबगंज थाना की पुलिस भी शामिल रही। तकनीकी एवं मानवीय साक्ष्यों के आधार पर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान साहेबगंज थाना क्षेत्र के कमलेश कुमार, सोनु कुमार और ममता देवी, पति - शिवनाथ महतो के रूप में हुई है। इनके पास से एक मोटरसाइकिल और दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है।तीनों की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ में उन्होंने हत्या में संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के अनुसार, प्राथमिक जांच में यह मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। कुछ महीने पहले शिक्षक के विरुद्ध पंचायत कर उस पर जुमार्ना भी लगाया गया था। महिला का पति बाहर नौकरी करता है।चर्चा है कि उस महिला का एक अन्य युवक से भी चक्कर चल रहा था।

## मधुबनी पंचायत उप-निर्वाचन में 84 केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान जारी



**● महिलाओं में उत्साह, अब तक 25.04 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने डाला वोट**

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी पंचायत उप-निर्वाचन के अंतर्गत मधुबनी जिले के दस प्रखंडों के सभी 84 मतदान केंद्रों पर बुधवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण एवं उत्सवपूर्ण वातावरण में मतदान जारी है। प्रशासन द्वारा की गई चाक-चौबंद व्यवस्था के चलते कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है।पूर्वाह्न 11 बजे तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार कुल 13.17 प्रतिशत मतदान संपन्न हो चुका है। इसमें महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जहाँ 25.04 प्रतिशत महिलाओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पुरुष मतदाताओं की भागीदारी 11.88 प्रतिशत रही। मतदान को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।जिला पदाधिकारी आनंद शर्मा स्वयं विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने जिला नियंत्रण कक्ष के माध्यम से पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए रखी है।महत्वपूर्ण स्थलों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है और असामाजिक एवं उपद्रवी तत्वों पर प्रशासन की विशेष रणनीति के तहत कड़ी निगरानी रखी जा रही है।वरिष्ठ अधिकारी सुबह से ही मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं। डीपीआरओ ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हर स्तर पर सतर्कता बरती जा रही है।

## पुनरीक्षण कार्य में लापरवाही के कारण 66 बीएलओ से स्पष्टीकरण, एक निलंबित

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण में लापरवाही के कारण 66 बीएलओ का वेतन स्थगित करते हुए उनसे शो काज पूछा है। कुढ़नी प्रखंड के एक बीएलओ को निलंबित कर दिया गया है। डीएम द्वारा प्रतिदिन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने ने सभी ईआरओ और एआरओ को फील्ड विजिट कर फॉर्म के कलेक्शन एवं अपलोडिंग की गति तेज करने का कड़ा निर्देश दिया है।विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को गति प्रदान करने हेतु फार्म कलेक्शन को फोकस कर योजनाबद्ध तरीके से फार्म के अपलोडिंग का कार्य जारी है। इसके लिए हर विधानसभा क्षेत्र के बूथवार प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा जिलाधिकारी स्तर से की जा रही है। समीक्षा के दौरान पाया गया कि कई बीएलओ एवं पर्यवेक्षक अपने कर्तव्य के प्रति सजग नहीं है तथा जिलाधिकारी के लगातार निर्देश के बाबजूद घोर लापरवाही पायी जा रही है । ऐसे बीएलओ और पर्यवेक्षक को चिन्हित कर उनके विरूद्ध न केवलअनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है ऐसी परिस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग के समयबद्ध कार्यक्रम की संवेदनशीलता तथा कार्य निष्पादन की चुनौती को गंभीरता से लेते हुए पांच विधानसभा क्षेत्र के 66 बीएलओ से कारण- पृच्छा करते हुए वेतन स्थगित किया गया है। इसके अतिरिक्त एक बीएलओ पर्यवेक्षक सह कृषि समन्वयक कुढ़नी को निलंबित किया गया है। मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र से 19, कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र से 16, कांटी विधानसभा क्षेत्र से 16, साहेबगंज विधानसभा क्षेत्र से 14 तथा बोचहा विधानसभा क्षेत्र से एक बीएलओ का वेतन स्थगन तथा स्पष्टीकरण किया गया है।कुढ़नी प्रखंड के कृषि समन्वयक सह बीएलओ पर्यवेक्षक राकेश कुमार देव का आचरण बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली के प्रतिकूल पाया गया जिसके फलस्वरुप उन्हें निलंबित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि कुढ़नी विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 298 से 306 के पर्यवेक्षण कार्य हेतु राकेश कुमार देव, कृषि समन्वयक को बीएलओ नामित करते हुए कार्य दायित्व निर्वहन हेतु प्राधिकृत किया गया था ,किंतु उनके द्वारा अपने दायित्व के प्रति घोर उदासीनता एवं लापरवाही बरती गई जिससे समयबद्ध तरीके से आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप कार्य संपादित करने में बाधा उत्पन्न हो रही थी। फलस्वरूप भूमि सुधार उपसमाहर्ता मुजफ्फरपुर सह निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कुढ़नी के प्रतिवेदन के आधार पर जिला कृषि पदाधिकारी ने उन्हें निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय प्रखंड कृषि कार्यालय मुशहरी निर्धारित किया है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह-जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने कहा है कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य से जुड़े हुए सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी , बीएलओ व पर्यवेक्षक तथा अन्य प्रतिनियुक्त कर्मी पूरी जवाबदेही से प्रतिदिन के कार्यों का शत प्रतिशत निष्पादन करना सुनिश्चित करें अन्यथा कर्तव्य के प्रति लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मियों को चिन्हित कर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की सुसंगत धारा के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राजद कांग्रेस सहित विपक्षी दलों का बिहार बंद को जनता ने नकारा : डॉ गोपाल जी ठाकुर

प्रात: किरण संवाददाता



दरभंगा ।1950 ईशवी में देश रत्न डा राजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता तथा बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के देखरेख में जिस संविधान को बनाया गया आज राजद कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों के नेता उसी संविधान को नकार रहे जो दुखद है तथा उसी संविधान में निहित निदेर्शों के आलोक में किए जा रहे मतदाता पुनरीक्षण का विरोध कर वास्तविक रूप से विपक्षी दल भारतीय संविधान का विरोध कर रहे हैं जो अनुचित है। लहेरियासराय बलभद्रपुर स्थित अपने संसदीय कार्यालय में आए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों तथा बुद्धिजीवियों के बीच चर्चा के क्रम में स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने उपरोक्त बातें कही। सांसद डा ठाकुर ने विपक्षी दलों के बिहार बंद को पूरी तरह से फ्लॉप करार देते हुए कहा कि केंद्र और बिहार की एनडीए सरकार में बिहार में जितने विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं वहां इस तरह के बंदी को जनता स्वीकार नहीं कर सकती है। सांसद डा ठाकुर ने विपक्षी दलों के बंदी को औचित्यविहीन करार देते हुए कहा कि 2003 से पहले यहां जन्म लेने वालों को किसी प्रमाण पत्र की आवश्यकता नहीं है जबकि 2004 के बाद जन्मलेने वालों को अपने माता पिता के साथ प्रमाण देने में कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। सांसद डा ठाकुर ने कहा संविधान बनने के बाद इससे पहले भी मतदाता पुनरीक्षण का कार्य किया गया है तथा अब यदि यह पुनरीक्षण कार्य शुरू किए गए हैं तो विपक्षी दलों में बेचैनी समझ से परे है। सांसद डा ठाकुर ने राहुल तेजस्वी जैसे विपक्षी दलों के नेताओं पर करारा हमला बोलते हुए कहा कि देश और बिहार में किए जा रहे ऐतिहासिक विकासात्मक उपलब्धि से विरोधियों में घबराहट हो रही है।

# मतदाता सूची में पुनरीक्षण के विरोध में महागठबंधन दलों का लखीसराय में व्यापक असर

प्रात : किरण संवाददाता



लखीसराय !मतदाता सूची में पुनरीक्षण के विरोध में आज महागठबंधन दलों का बिहार बंद लखीसराय जिले में काफी असरदार रहा !महागठबंधन दल के नेताओं के साथ-साथ ट्रेड यूनियन और रसोईया संघ का भी इस बंद को समर्थन मिला !नेताओं ने लखीसराय शहर के विद्यापीठ चौक,शहीद द्वार,जमुई मोड,तथा सूर्यगढ़ा,हलसी, रामगढ़ चौक,बड़हिया बाजार आदि में जगह-जगह चक्का जाम रखा !वहीं पूर्णिया सांसद पप्पू यादव के कट्टर समर्थक रंजय कुमार के नेतृत्व में विद्यापीठ चौक को पूरी तरह से ठप कर दिया गया !बंद से पूरे जिले में यातायात भी पूरी तरह से प्रभावित रहा ! वैसे आम लोगों की संख्या भी सड़कों पर नगण्य दिखी !लखीसराय रेलवे स्टेशन पर भी रेल यात्रियों की संख्या बेहद ही कम नजर आई !मुख्य शहर के शहीद द्वार के निकट राजद के वरिष्ठ नेता प्रेम सागर चौधरी,कांग्रेस नेता सुनील कुमार,वाम दलों के नेता मोती साह, रौशन कुमार,शिवनंदन पंडित,युवा राजद जिला अध्यक्ष विनय कुमार तथा पूर्व विधायक फुलेना सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महागठबंधन दल के नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे जिसमें महिलाओं की भी संख्या अच्छी खासी दिखी !

## बिहार बंद का दिखा व्यापक असर, महागठबंधन के आह्वान पर बाजार और सड़कों पर पसरा सन्नाटा

सहरसा। केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के विरोध में बिहार के महागठबंधन दलों द्वारा बुधवार को राज्यव्यापी बिहार बंद का आयोजन किया गया। इसी क्रम में सहरसा में भी बंद का व्यापक असर देखा गया। सुबह से ही महागठबंधन के विभिन्न घटक दलों के नेता और कार्यकर्ता अपने-अपने झंडे-बैनर के साथ सड़कों पर उतर आए और सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए लोगों से प्रतिष्ठान बंद रखने की अपील करते नजर आए। आमजन और व्यापारियों ने भी स्वतः अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर इस बंद को समर्थन दिया। गठबंधन कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर धरना दिया। चिलचिलाती धूप के बावजूद कार्यकर्ता सड़क पर बैठकर विरोध जताते रहे। इस दौरान सड़कों पर वाहनों की आवाजाही भी लगभग ठप रही। लोगों ने विरोध प्रदर्शन को देखते हुए निजी वाहनों से यात्रा करना मुनासिब नहीं समझा। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क नजर आया। खुद एसडीपीओ आलोक कुमार और थाना प्रभारी सुबोध कुमार सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए प्रदर्शन स्थलों पर मौजूद रहे। शहर के पूर्वी क्षेत्र स्थित बैजनाथपुर चौक को पूरी तरह जाम कर दिया गया, जिससे भारी वाहन शहर में प्रवेश नहीं कर सके। समाचार लिखे जाने तक बंद पूरी तरह से सफल माना जा रहा है।

## उदाकिशुनगंज में बिहार बंद का मिला-जुला रहा असर



उदाकिशुनगंज (मधेपुरा) उदाकिशुनगंज में मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य के खिलाफ महागठबंधन के बिहार बंद का मिला-जुला असर रहा। राजद के प्रखंड अध्यक्ष गजेंद्र राम की अध्यक्षता में आयोजित बंदी कार्यक्रम में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिए। बंद समर्थक सुबह से ही सड़क पर उतरकर कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटे रहे। यद्यपि समान्य तौर पर अधिकांश दुकानें खुली रहे। जबकि कार्यकर्ताओं ने चक्का जाम कर यातायात को प्रभावित किया। हालांकि बंद के कुछ घंटे बाद ही वाहनों का परिचालन समान्य तौर पर शुरू हो गया। इस दौरान महागठबंधन कार्यकर्ता व्यवस्था को लेकर सरकार और आयोग को जमकर कोसा। कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचलना चाहते हैं। लोगों से वोट के अधिकार को छिनना चाहते हैं। इसमें भाजपा की बड़ी चाल है। जिसे कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। बुधवार को अनुमंडल मुख्यालय के विभिन्न मुख्य मार्ग को महागठबंधन कार्यकताओं ने बंद कर दिया। इसमें राजद, कांग्रेस, वीआईपी, माले समेत महागठबंधन के घटक दलों के लोग सड़क पर उतरकर बंद को सफल बनाने सड़क पर डटे रहे। इस दौरान महागठबंधन में शामिल घटक दलों ने घूम घूमकर मुख्य बाजार के दुकानों को बंद कराते नजर आए। जिस कारण सड़क पर गाड़ियों का परिचालन कुछ घंटों के लिए ठप रहा। महागठबंधन के लोगों ने कहा कि गरीबों, वंचितों, दबे कुचलों और माध्यम वर्गीय परिवारों के लोगों का नाम वोटर लिस्ट से काटने और उनके अधिकारों को छीनने की साजिश का दूसरा नाम मतदाता पुनरीक्षण है। इसी के खिलाफ महागठबंधन सड़क पर उतरकर प्रदर्शन कर रहा है। पूरे तरीके से चक्का जाम रखा गया है। राजद नेता पूर्व महादलित आयोग के सदस्य कंतलाल शर्मा ने कहा कि पूरे बिहार में गरीब लोगों को मतदाता सूची से बाहर करने का षडयंत्र रचा जा रहा हैं। महागठबंधन इस सोची समझी साजिश को सफल नहीं होने नहीं देगा।

## महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, राजद, रालोजपा एवं वामदलों ने बिहार बंद के दौरान जमकर किया विरोध प्रदर्शन

सहरसा राष्ट्रीय जनता दल इंडिया गठबंधन के बिहार बंद के आह्वान पर मतदाता पुनरीक्षण और केंद्र सरकार के नीतियों के विरुद्ध, ट्रेड यूनियन के आह्वान पर सहरसा बंद सफल रहा। इंजीनियर कौशल यादव महानगर जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में मोटरसाइकिल जुलूस शहर के विभिन्न चौराहे बाजार में जाकर दुकानदार भाइयों से बंद करने हेतु अपील कर रहे थे। बंद के दौरान शांतिपूर्ण ढंग से सभी दुकानदार ने बिहार बंदी में काफी सहयोग किया। मुख्य तौर पर शंकर चौक पर चारों तरफ से बंद कर केंद्र सरकार की नीतियों के विरुद्ध नारे लगाए गए। राष्ट्रीय जनता दल इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ता पैदल मार्च भी शहर के विभिन्न मार्ग में भ्रमण कर केंद्र एवं चुनाव आयोग के गलत नीतियों के विरुद्ध नारे लगा रहे थे। बंद को सफल करने में महानगर रजत के इंजीनियर कौशल यादव जिला अध्यक्ष महानगर राष्ट्रीय जनता दल सुमन कुमार सिंह प्रदेश युवा महासचिव, भारत यादव जिला अध्यक्ष युवा, रजत मोहम्मद, जमशेद आलम, प्रधान महासचिव रमेश कुमार शर्मा, बबीता देवी, कुंदन कुमार यादव, चिंटू कुमार गुप्ता, मोहम्मद जावेद अनवर चांद, जिला प्रवक्ता राजा मोहम्मद साहिल, वार्ड अध्यक्ष मोहम्मद फहीम खान, मोहम्मद कुदुस, मोहम्मद अब्दुल नकीम, धानेश्वर शर्मा, बिनोद यादव, मुकेश यादव, ललटु यादव सहित अन्य राजद नेता मौजूद थे। बंद में जिला अध्यक्ष प्रो मो ताहिर, उपमेयर उमर हयात, गजेंद्र यादव, अड़हुल देवी, धीरेन्द्र यादव, गौतम कृष्णा, धनिकलाल मुखिया, जावेद अनवर चांद, भारत यादव, सुमन सिंह, कौशल यादव, टुनटुन शर्मा, ताबिश मेहर, गोविंद दास तांती, पवन शर्मा, ओमप्रकाश नारायण, मुकेश झा, मनीष कुमार, प्रेमलाल सादा, तेजनारायण यादव, भीम भारती, मो साहिल एवं भारी संख्या में महागठबंधन के नेता बंद को सफल बनाने में लगे रहे।

## मतदाता पुनरीक्षण के विरोध में पूरी तरह से बंद रहा तारापुर बाजार

तारापुर ।बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के आह्वान पर मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में बिहार बंद को लेकर बुधवार को राजद एवं कांग्रेस के कार्यकताओं द्वारा तारापुर बाजार को पूरी तरह से बंद कराया ।गौरतलव है कि मतदाता सूची में चुनाव आयोग द्वारा मांगे जा रहे कागजात का जो मापदंड चुनाव आयोग ने तय किया गया है उसे महागठबंधन के लोगों ने एक बड़ा साजिश बताते हुए चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर जोरदार हमला बोलते हुए उसे वापस लेने की मांग पर महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता अरे हुए हैं ।इधर राजद के प्रदेश सचिव जितेंद्र कुशवाहा ने बंद के दौरान बताया कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में गरीब शोषित वंचित लोगों के मुंह में आवाज देने वाले राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के वोटरों को मतदाता सूची से बाहर का रास्ता दिखाने को लेकर भारत सरकार और चुनाव आयोग ने अपना हिटलड़ी फरमान जारी किया है जिसे महागठबंधन के हम सभी नेता और कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेने वाले हैं ।आगे बता दें कि सुबह करीब 7:00 बजे से ही महागठबंधन के कार्यकताओं ने एस एच 22 तारापुर सुल्तानगंज संग्रामपुर देवघर मुख्य मार्ग को तारापुर थाना के ठीक सामने गोलंबर को बांस ,बेंच, लगाकर सड़क जाम कर दिया ।एकाएक यातायात पूरी तरह से ठप हो गई सड़के भी धीरे-धीरे सुनी हो गई ।इस बीच तारापुर मुख्य बाजार का छोटा बड़ा सभी तरह की दुकानें पूरी तरह से 11:00 बजे के बाद तक बंद रही ।बिहार बंद को लेकर तारापुर के डीएसपी सिंधु शेखर सिंह थाना अध्यक्ष राजकुमार सुबह से ही पुलिस बल के साथ सड़क पर थे ।बिहार बंद एवं चक्का जाम का नेतृत्व मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया विजय यादव मंटू यादव , किसान नेता दिनेश कुमार सिंह, मोहम्मद भोलू , निरंजन झा ,कृष्णानंद यादव ,उमा बिंद , संजय बिंद, इत्यादि लोगों ने तारापुर थाने में अपनी गिरफ्तारी भी दिया। बिहार बंद का असर दिन 12:00 बजे तक ही रहा उसके बाद पूर्व की तरह सभी दुकाने खुलने लगे और यात्रा भी बहाल हो गई ।

## सीटानाबाद में मुखिया पद का उपचुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न, 60% मतदान

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिले के सिमरीबख्तियारपुर प्रखंड अंतर्गत सीटानाबाद पंचायत में बुधवार को हुए मुखिया पद के उपचुनाव में कुल 60% मतदान दर्ज किया गया। मतदान प्रक्रिया पूरी तरह शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और प्रशासनिक नियंत्रण में सम्पन्न हुई। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर महिलाओं और युवाओं की उत्साही भागीदारी देखी गई। ग्रामीण मतदाता पैदल, साइकिल और ऑटो से पहुंचकर लोकतंत्र के इस पर्व में शामिल हुए। डीएम दीपेश कुमार व एसपी हिमांशु ने खुद मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। चुनाव में कहीं से किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सभी ई वी एम मशीनें सील कर स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रख दी गई है। अब 11 जुलाई को मतगणना होगी, तब तय होगा कि सीटानाबाद पंचायत का अगला मुखिया कौन होगा।

# बिहार का आकाशदीप बना भारतीय गेंदबाजी का सितारा: प्रो.गौरी शंकर



प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः-भारत (टीम इंडिया) ने गत रविवार को 1967 के बाद एजबेस्टन में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट में ऐतिहासिक जीत हासिल की. गौर तलब है कि कप्तान शुभमन 430 रन, सिराज 7 विकेट और आकाशदीप 10 विकेट लेकर इंग्लैंड के कप्तान स्टोक्स को लोहा मनवा दी। यह सब कुछ संभव हुआ सासाराम बिहार के रहने वाले आकाशदीप के बेहतरीन प्रदर्शन के बदौलत। इंडिया टीम की जीत की खुशी में केकेएम कॉलेज के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने टीम इंडिया को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने बिहार का तेज गेंदबाज आकाशदीप के बेहतर प्रदर्शन पर उन्हें बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि सासाराम बिहार का आकाशदीप भारतीय गेंदबाजी का सितारा बन गया। 58 वर्षों के बाद एजबेस्टन में भारत का पताका फहरा कर आकाशदीप नायक बन गया। आकाशदीप संघर्ष, संकल्प और और सफलता की जीवंत मिशाल है। आर्थिक तंगी, पारिवारिक दुःख, सामाजिक अनदेखी के बीच आकाशदीप ने जिस तरह क्रिकेट पिच पर अपना कौशल दिखाया वह ऐतिहासिक और अप्रत्याशित है। प्रो.पासवान ने कहा कि बिहार का आकाशदीप ने एजवेस्टन मैदान पर ऐतिहासिक जीत दर्ज कर एक गौरवपूर्ण इतिहास रच दिया है। आकाशदीप मैन ऑफ द मैच बन कर भारतीय क्रिकेट इतिहास में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में दर्ज करा दिया। वास्तव में बिहार को आकाशदीप के रूप में एक नया दीप मिला है। यह जीत केवल भारत की नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत की उस आत्मा की जीत है, जो संसाधनों के अभाव में भी सपनों को मरने नहीं देती है। हर युवाओं को चाहिए कि वह आकाशदीप की भांति अपने जीवन में अंधकार की बीच दीपक बने। बिहार की युवा क्रिकेटरों एवं छात्रों के लिए यह केवल गर्व का ही क्षण नहीं बल्कि प्रेरणा का प्रकाश भी है। इस सफलता पर पुनः आकाशदीप, शुभमन और सिराज को कोटि-कोटि शुभ कामनाएं। केकेएम कॉलेज के खेल परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रो.सरदार राम ने कहा कि सासाराम बिहार का लाल आकाशदीप ने इंग्लैंड में जो परचम लहराया है वह ऐतिहासिक है। आकाशदीप आज बिहार ही नहीं देशभर के लाखों युवाओं के लिए प्रेरणादीप बन गए हैं। आकाशदीप ने साबित किया है कि संसाधनों की कमी कभी भी सपनों के रास्ते में आड़े नहीं आती है। इंग्लैंड की कप्तान बेन स्टोक्स ने भी आकाशदीप की तेज गेंदबाजी को अविश्वसनीय और निर्णायक बताया है। आकाशदीप ने एजवेस्टन टेस्ट में पहले ही मैच में 10 विकेट लेकर इतिहास बना दिया। आकाशदीप के शानदार प्रदर्शन में 58 वर्षों की सूखे को समाप्त कर भारत को गौरव की ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया। इसके लिए उन्हें बधाई और शुभकामना साथ ही शुभमन और सिराज को भी कोटि कोटि बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। मौके पर काफी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे। बिहार के तेज गेंदबाज आकाशदीप, शुभमन और सिराज को टीम इंडिया की जीत के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी।

# रेलवे कर्मचारियों ने 8 सूत्री मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन सहरसा शाखा द्वारा बुधवार को केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान पर एकदिवसीय शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंडल स्तर पर विभिन्न लंबित मांगों के समर्थन में किया गया, जिसमें रेलवे प्रशासन को 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। शाखा अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में यह प्रदर्शन रेलवे लोको रनिंग कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर हुआ। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा और संगठन ने इसे चेतावनी स्वरूप कदम बताया। अपनी मांगों के लिए सौंपे गए ज्ञापन में (पुरानी पेंशन योजना) बहाल की जाए। रनिंग स्टाफ को वेतन आयोग के अनुसार 25% भत्ता दिया जाए। 108 घंटे से अधिक की ड्यूटी पर रोक लगाई जाए। लोको रनिंग स्टाफ की समस्याओं के लिए स्थायी फोरम बनाया जाए। 508 घंटे से अधिक रनिंग ड्यूटी समाप्त की जाए। मेडिकल बोर्ड द्वारा कार्यरत कर्मचारियों को रेलवे प्रशासन में पुनः नियोजित किया जाए। रनिंग स्टाफ को 14 घंटे से अधिक ड्यूटी पर रोक लगाई जाए। 55/30 की सेवा शर्तों पर रोक लगाई जाए शामिल है। इस मौके पर शाखा अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह के अलावा जोनल कमिटी सदस्य विशेष कुमार और उमाशंकर चौपाल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन संगठन के संयुक्त सचिव ने किया। सप्तर्षि लोको पायलट समूह से जुड़े अविनाश कुमार, रंजीत कुमार, नुसरत परवीन, अंजय कुमार, दीपक झा, मदनलाल रजक, दिलीप कुमार, टोंकर भारती, हिमांशु सिंह, मोहन कुमार, राजीव रंजन, दिवाकर कुमार साह सहित कई अन्य रनिंग स्टाफ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द विचार नहीं किया गया तो भविष्य में केंद्र और मंडल स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# प्रधानाध्यापक के खिलाफ छात्र-छात्राओं ने नारेबाजी करते हुए एसएच 58 को किया जाम

प्रात : किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा) पुरैनी बीआरसी के नाक तले स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय पुरैनी के निवर्तमान प्रधानाध्यापक मनजीत कुमार मौर्य के पास बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा निर्धारित तय अवधि में नामांकित 257 छात्र छात्राओं में से 238 छात्र छात्राओं ने नवम सत्र 2024-25(वर्तमान कक्षा दसवीं में अध्ययनरत) के पंजीयन प्रपत्र और शुल्क जमा करने के बावजूद भी अब तक तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण आज तक छात्र-छात्राओं का विभागीय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन नहीं हुआ हैं। तत्पश्चात जब बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं का डमी पंजीयन पत्र जारी नहीं होने से छात्र-छात्राओं का आक्रोश भड़क उठा और विद्यालय प्रांगण से नारेबाजी करते हुए मंगलवार को अंबेडकर चौक समीप एसएस 58 को जाम कर दिया। यह जाम लगातार तीन-चार घंटे तक चला जिससे यातायात पूर्ण तरह बाधित हो गया। तत्पश्चात इसकी सूचना मिलते हैं बीईओ विजय कुमार, सीओ विद्यानंद झा पुलिस बल के साथ उक्त स्थान पर पहुंचे अधिकारियों के सामने भी प्रधानाचार्य के खिलाफ छात्र-छात्राओं नारे बाजी रुकी नहीं जिसके पश्चात अधिकारियों ने बड़ी मशक्कत से समझा बूझकर छात्र-छात्राओं को शांत कराया और आश्वासन दिया कि दो दिनों के अंदर पुनः पोर्टल खुलवाकर सभी बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा। इसी क्रम में अंशु आनंद, विशाल कुमार, लक्ष्मी कुमारी, अंजली कुमारी, सामा प्रवीण, मनीषा प्रवीण, निशा कुमारी, नेहा कुमारी, किशन कुमार, सौरव कुमार, अलीशा प्रवीण, निशु कुमारी, रवि कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने बताया कि वर्ग 9वीं से 10वीं में प्रवेश करने के बाद प्रभारी प्रधानाध्यापक के द्वारा नामांकन शुल्क 400 से 450 रुपया लिया गया जिसका राशिद 340 रुपया महीना बीतने के बाद दिया गया। इसका कारण पूछने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक छात्र-छात्राओं से गोल मटोल बात करते हुए विद्यालय से जाने को कहा। मालूम हो कि उक्त विद्यालय में इस प्रकार की घटना नासुर बन चुकी है फिर भी विभागीय अधिकारी मौन बने बैठे हैं।

# उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रथ को रवाना किया

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- जिलाधिकारी, मुंगेर अरविंद कुमार वर्मा के सघन मॉनिटरिंग में मुंगेर जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के सत्यापन के लिए चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, स्वीप नोडल सुनीरा प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 के तहत पदाधिकारियों सहित अन्य कर्मियों द्वारा लगातार जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक मतदाता इसे समझें और बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराए गए अपने अपने गणना प्रपत्र को भर कर उन्हें शीघ्र उपलब्ध करा दें। इसी कड़ी में आज मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता रथ को भी रवाना किया गया है, जो जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में भ्रमण कर आमजन/ मतदाताओं को गणना प्रपत्र भरन के लिए जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि जिले में कुल दस लाख पचास हजार मतदाता हैं, जिनका गणना प्रपत्र भरा जाना है। विगत 27 जून से प्रारंभ इस मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य काफी तेजी से पूर्ण किए जा रहे हैं और अब तक लगभग चार लाख से अधिक गणना प्रपत्र भरकर अपलोड किया जा चुका है। शेष बचे गणना प्रपत्र को भी तीव्र गति से भरने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने आमजन/मतदाताओं से अपील किया है कि वे अपने अपने क्षेत्र के बीएलओ से गणना प्रपत्र प्राप्त कर उसे शीघ्र भरकर उन्हें ही उपलब्ध करा दें। यदि गणना प्रपत्र से संबंधित सभी दस्तावेज मतदाता के पास उपलब्ध हों तो वो गणना प्रपत्र के साथ ही उपलब्ध कराएं और यदि तत्काल दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो तो दो तीन दिनों में सभी संबंधित दस्तावेज भी अपने अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें, ताकि आपके दस्तावेज सही तरीके से संलग्न कर उसे पोर्टल पर अपलोड किया जा सके और मतदाता प्रारूप में आपका नाम दर्ज हो सके। उन्होंने सभी मतदाताओं से ऑफलाइन और ऑनलाइन आवेदन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि इस लिंक अथवा इससे संबंधित जारी किए गए क्यू.आर. कोड पर जाकर मतदाता ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करना और भी सुविधाजनक है, जिसे मतदाता अपने मोबाइल अथवा लैपटॉप पर भी आसानी से भर सकते हैं। आप सभी मतदाता इस जागरूकता रथ के माध्यम से और अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## भारत के उप निर्वाचन आयुक्त संजय कुमार ने मुंगेर एवं खगड़िया में चल रहे मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 कार्यक्रम का समीक्षा बैठक किया

प्रात : किरण संवाददाता




मुंगेर। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 को मंगलवार के दिन समाहरणालय सभागार में संजय कुमार, उप निर्वाचन आयुक्त, भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी जिला मुंगेर एवं खगड़िया के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुंगेर एवं खगड़िया जिले में चल रहे मतदाता गहन पुनरीक्षण 2025 के गणना पत्र प्रिंटिंग, वितरण, संग्रहण तथा उसके अपलोडिंग के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गयी की प्रगति पर उन्होंने संतोष प्रकट करते हुए इसे ससमय शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, मुंगेर अरविन्द कुमार वर्मा, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, खगड़िया नवीन कुमार, नगर आयुक्त मुंगेर शिवाक्षी दीक्षित, उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव कुमार, मुंगेर जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्र के ई.आर.ओ आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुंगेर द्वारा उप निर्वाचन आयुक्त को मुंगेर की बड़ी मां दुर्गा की तस्वीर उपहार स्वरूप दी गयी। बैठक में गणना प्रपत्र वितरण, उसके संग्रहण तथा पोर्टल पर अपलोड करने के संबंध में समीक्षा की गयी। समीक्षा में सभी कार्यों की प्रगति को संतोषजनक पाया गया। उप निर्वाचन आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों से कहा कि गहन पुनरीक्षण कार्य में लगे सभी अधिकारियों सहित बीएलओ द्वारा गणना पत्र वितरण, संग्रहण तथा पोर्टल पर अपलोडिंग के कार्यों की रोज समीक्षा करें तथा निर्धारित समय तक शत प्रतिशत दोनों जिले के सभी विधान सभा क्षेत्र के मतदाताओं का नाम गणना प्रपत्र में भरवा कर संबंधित दस्तावेज के साथ पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। इस बाबत जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, मुंगेर द्वारा जिले के सभी विधान सभा क्षेत्रों के मतदाताओं से अपील करते हुए कहा गया कि आपके क्षेत्र में बीएलओ द्वारा जो गणना प्रपत्र वितरण किया जा रहा है, उसे तत्क्षण ही भर कर बीएलओ को उपलब्ध करा दें तथा संबंधित दस्तावेज यदि व्यवस्थित तरीके से उपलब्ध हों तो उसे भी उसी वक्त उपलब्ध करा दें और अगर दस्तावेज व्यवस्थित नहीं हो तो दो तीन दिनों के अंदर उसे व्यवस्थित कर अपने क्षेत्र के बीएलओ को हर हाल में उपलब्ध करा दें, ताकि बीएलओ को आपके दस्तावेज को पोर्टल पर अपलोड करने में कोई असुविधा न हो। इससे संबंधित मतदाता का नाम पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाएगा, जिससे उनका नाम मतदाता गहन पुनरीक्षण के पश्चात बने प्रारूप मतदाता सूची में आ जाएगा। उन्होंने कहा कि ऑफलाइन सुविधा के साथ साथ ऑनलाइन लिंक भी शेयर किया जा रह है। मतदाता इस लिंक पर जाकर दिए गए संबंधित साइट पर भी अपना ओनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इस लिंक पर भी मतदाता ओनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने मुंगेर जिले के सभी मतदाताओं से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में अपना पूर्ण सहयोग देते हुए हर हाल में अपना गणना प्रपत्र को भरने की अपील की है, ताकि उनका नाम मतदाता सूची प्रारूप में दर्ज हो सके।

## केवल 16 डिसमिल जमीन के लिए चचेरे भाइयों ने मिलकर कर दी 45 वर्षीय किशोर यादव की हत्या

प्रात : किरण संवाददाता



सहरसा जिले के बनमा इटहरी थाना क्षेत्र के परसवानी गांव में जमीन विवाद को लेकर एक अधेड़ की हत्या कर दी गई। महज चार कट्ठा जमीन को लेकर हुए विवाद में 45 वर्षीय किशोर यादव की जान चली गई। घटना मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे की है। मृतक के भाई ने बताया कि किशोर यादव मवेशी चरा कर जैसे ही अपने दरवाजे पर पहुँचे, पहले से घात लगाए बैठे लक्ष्मी यादव, बबलू यादव, कुणाल यादव और कमलेश्वर यादव ने उन पर अचानक हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण किशोर यादव की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही बनमा इटहरी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में लेकर सहरसा सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गांव में इस घटना को लेकर भारी तनाव है। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों पक्षों के बीच पहले पंचायत स्तर पर विवाद सुलझाने की कोशिश की जा रही थी, लेकिन इसके बावजूद एक पक्ष ने कानून को ताक पर रखकर अपने ही चचेरे भाई की हत्या कर दी।

## डॉक्टर शुक्ला के निधन से तारापुर में शोक की लहर

प्रात : किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर) ।तारापुर के जाने-माने सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर हरेंद्र मोहन शुक्ला का निधन अहले सुबह करीब 3:00 बजे हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही तारापुर के क्षेत्र में लोगों के बीच शोक की लहर दौड़ पड़ी गौरतलब है कि डॉक्टर शुक्ला अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये ।उनको दो पुत्र एवं एक पुत्री है। उनके बड़े पुत्र आशीष मोहन शुक्ला वर्तमान में बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल के बेगूसराय जोन के अध्यक्ष हैं ।तो दूसरे पुत्र डॉक्टर आनंद मोहन शुक्ला एवं उनकी पत्नी पूजा प्रियदर्शनी भी पेशे से चिकित्सक है । वहीं उनकी पुत्री भी अपने व्यवसाय क्षेत्र में कुशल है। डॉक्टर शुक्ला के निधन के बाद क्षेत्र के गणमान्य लोगों का आना-जाना लगा रहा उनके अंतिम दर्शन के लिए तारापुर के विधायक राजीव कुमार सिंह,राजद नेता मंटू यादव, लोजपा नेता चंद्रशेखर चौधरी,रफी मोहम्मद भोलू ,इमरान फिरदोशी ,सेवा दल की महिला प्रदेश अध्यक्ष रूचि सिंह, नीलांबर यादव,अजय झा, आलोक भारती,नीरज सिंह लोजपान नेता विशाल आनंद सहित कई लोगों ने मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की एवं उनके परिजनों को सांत्वना दिया।

सम्पादकीय

## गुरु पूर्णिमाः मानवता को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने वाला पर्व

अर्जुन राम मेघवाल

भारत की सांस्कृतिक विरासत हमें मानवीय मूल्यों से परिचित कराती है तथा ज्ञान और शाश्वत शिक्षा प्रदान करती है। इसका विविध एवं सर्वव्यापी स्वरूप सामूहिक चेतना को जागृत करता है जिसकी अभिव्यक्ति भारत में मनाए जाने वाले विभिन्न त्यौहारों के रूप में होती है। ये त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं हैं बल्कि ये हमारी प्रकृति के साथ जुड़ाव तथा वैज्ञानिक सोच एवं आध्यात्मिक चिंतन से जुड़े हैं। गुरु पूर्णिमा एक ऐसा ही विशेष अवसर है जो हमें इतिहास में घटित घटनाओं के बारे में रूककर विचार करने और उन्हें समझने का अवसर प्रदान करता है। यह हमें यह जानने के लिए प्रोत्साहित करता है कि विगत की परिस्थितियों में अब क्या बदलाव आया है, किन बातों को हम अभी भी अपनाए हुए हैं और हमने अपने पीछे क्या कुछ छोड़ दिया है? हमने व्यक्ति के रूप में कितनी और सामूहिक रूप में कितनी उपलब्धियां हासिल की हैं? अपनाने और छोड़ने के इस दौर में हमारा साथ किन लोगों ने सबसे अधिक दिया? जीवन के उथल-पुथल एवं दुख से भरे समय में जबकि हमारा काफी अधिक पतन हो सकता था वैसे अस्थिर समय में किसने हमारा साथ दिया? ये सभी ऐसे प्रश्न हैं जिनके समाधान के लिए हमें गुरु या एक पथ-प्रदर्शक शक्ति की सर्वाधिक अहम भूमिका होती है चाहे वह कोई व्यक्ति हो, सिद्धांत हो या हमारे अंतर्मन की शक्ति हो जो हमारी जीवन यात्रा के दौरान सर्वाधिक शक्तिशाली मित्र के रूप में हमारा साथ निभाती है। समय की कसौटी पर खरे उतरे वे कौन से सिद्धांत हैं, जो हमें जीवन के पथ पर एक संतुलित यात्री बने रहने में सफल बनाते हैं। हमारे जीवन की इन सभी विविध परिस्थितियों के बीच प्रायः अदृश्य अथवा दृश्य, मूर्त या अमूर्त ऐसी शक्तियां होती हैं चाहे वो किसी पथ-प्रदर्शक का हाथ हो या कोई दिव्य विचार हो, मां का सानिध्य हो, शिक्षक के ज्ञान भरे शब्द हों या किसी मित्र का साथ हो जो हमारा पथ-प्रदर्शक बन जाता है। अतः गुरु पूर्णिमा ऐसे सभी शक्तियों को चाहे वह दृश्य हों अथवा अदृश्य, जो हमारा मार्गदर्शन करती हों, हमें सही रूप में ढालती हों और हमारे जीवन में उन्नति के पथ पर हमारा साथ देती हों, सभी को सम्मानित करने का एक पवित्र अवसर है।

गुरु पूर्णिमा का त्योहार व्यक्ति के जीवन और उसके सामाजिक मूल्यों को एक सही रूप में ढालने में गुरु की भूमिका को सम्मानित करने की एक शाश्वत परंपरा है। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के इस दिन का गहरा आध्यात्मिक, ऐतिहासिक तथा सामयिक महत्व है क्योंकि इसी दिन आदिगुरु भगवान शिव ने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान प्रदान किया था। इसी दिन महर्षि वेदव्यास की जन्म जयंती भी मनाई जाती है। इसके साथ ही, पूर्णिमा के दिन से चतुर्मास आरंभ होते हैं जो मानसून के दौरान के पवित्र चार महीने हैं जबकि साधु-संत किसी एक ही स्थान पर रहकर अपने शिष्यों को ज्ञान देते हैं। आसाढ़ मास की पूर्णिमा के बारे में ऐसा कहा जाता है कि इस दिन चांद के शीतल प्रकाश की ऊर्जा हमारे आंतरिक मन को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करती है। गुरु पूर्णिमा का यह त्योहार हमें उन लोगों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है जिन्होंने हमारे मन में ज्ञान की ज्योति जगाई है।

संस्कृत शब्द गुरु दो शब्दों गु (अंधकार) और रु (हटाना) का संयोजन है जिसका अर्थ होता है एक ऐसा व्यक्ति जो हमारे मन से अंधकार अर्थात अज्ञानता को दूर करता हो। प्राचीन वैदिक परंपरा में गुरु शिष्य परंपरा शिक्षा का आधार थी। गुरुकुल में शिक्षार्थियों को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करके उन्हें विचारशील बनाया जाता था तथा नैतिकता का पाठ पढ़ाकर उनकी नैतिक दुविधाओं का समाधान किया जाता था। गुरुकुल में शिक्षा की यह प्रक्रिया शिक्षार्थियों को कर्म के माध्यम से मूल्य आधारित जीवन जीने व चरित्र निर्माण करने के लिए निरंतर प्रेरित करने की प्रक्रिया थी। गुरु के महत्व और महानता को केवल शब्दों से व्यक्त नहीं किया जा सकता। गुरु मात्र एक शिक्षक ही नहीं होते बल्कि उनकी उपस्थिति ही एक ऐसी जीवंत शक्ति, एक ऐसी अनुभूति होती है जो शक्ति, मार्गदर्शन और प्रेरणा का एक निरंतर स्त्रोत होती है। जिस प्रकार पूर्णिमा संपूर्णता, शुद्धता और प्रकाश का प्रतीक है ठीक उसी प्रकार गुरु में भी वैसी ही महानता होती है और गुरु भी ज्ञान से संपूर्ण, निष्कपट और मन से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने के स्त्रोत होते हैं।

प्रसिद्ध संत कबीर ने गुरु की तुलना कुम्हार से और शिष्य की तुलना मिट्टी के कच्चे बर्तन से करते हुए कहा है कि, गुरु कुम्हार है, शिष्य कुंभ है, गढ़ि-गढ़ि काढ़ै खोट। अंतर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट ॥इसका अर्थ हैः गुरु कुम्हार है और शिष्य मिट्टी का घड़ा है। जिस प्रकार कुम्हार घड़े को भीतर से हाथ का सहारा देकर और बाहर से चोट मारकर गढ़ता है, उसी प्रकार गुरु भी शिष्य को भीतर से प्रेम, करुणा और ज्ञान का सहारा देकर और बाहर से डांट-फटकार लगाकर उसकी बुराइयों को दूर करता है और उसे अनुशासित व परिष्कृत करता है।

गुरु एक छिपे हुए और कभी भी खत्म न होने वाले ज्ञान का भंडार है - उनके आशीर्वाद मौन होते हुए भी जीवन में आमूल बदलाव लाने वाले होते हैं और शिष्य के मन में सच्चाई और अच्छाई से जुड़े मूल्यों से युक्त ज्ञान व बुद्धिमत्ता भरते हैं। रामायण काल में विश्वामित्र और भगवान राम के बीच तथा भक्तिकाल में गुरु रविदास और मीरा बाई, रामानंद और कबीर, गुरु नानक देव जी और उनके बाद हुए गुरुओं के बीच का संबंध- सभी भारतीय सभ्यता में आध्यात्मिक और बौद्धिक आदान-प्रदान की अमिट विरासत के उदाहरण हैं। इन पवित्र बंधनों ने समाज को एक नैतिक ढांचा प्रदान किया और इसके आंतरिक विकास को बढ़ावा दिया। आधुनिक युग में, देश के लोगों के मन में राष्ट्रवाद की अलख जगाने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज तथा समाज को ज्ञान के प्रकाश से आलोकित करने में समर्थ गुरु रामदास, स्वामी विरजानंद सरस्वती और स्वामी दयानंद सरस्वती का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। इसी गुरु परंपरा में स्वामी रामकृष्ण परमहंस भी हुए हैं जिनकी शिक्षा ने स्वामी विवेकानंद को एक आध्यात्मिक महापुरुष बनाया, जिन्होंने बाद में भारतीय दर्शन को पाश्चात्य देशों तक पहुँचाया। इसी प्रकार, महावतार बाबाजी, लाहिड़ी महाशय, श्री युक्तेश्वर और परमहंस योगानंद जैसे महापुरुषों द्वारा दिए गए ज्ञान की ज्योति दुनिया भर के साधकों का मार्गदर्शन करती रहेगी और उन्हें अपने मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उनके द्वारा दिए गए ज्ञान ने विश्व-बंधुत्व की भावना को बढ़ाया है और लोगों को ज्ञान की दिव्य दृष्टि प्रदान की है। विश्व के सभी देशों में देवत्व के प्रति निष्ठा, समर्पण और व्यक्तिगत संबंध को अभिव्यक्त करने की परंपरा देखी जाती है। पश्चिमी देशों में ईश्वर की प्रार्थना के दौरान ओ माई मास्टर शब्द का प्रयोग किया जाता है जो ईश्वर के साथ गहरे आध्यात्मिक जुड़ाव का सूचक है।

प्रथम गुरु के रूप में मां शिशु को इस नए विश्व से परिचित कराती है और जीवन में पहला कदम उठाना सिखाती है। अगर दूसरे नजरिये से देखा जाए तो हमारी पांचों ज्ञानेन्द्रियां- कान, त्वचा, नेत्र, जिह्वा और नाक - बाहरी दुनिया से संवेदी सूचनाएं प्राप्त करती हैं, पांचों कर्मेन्द्रियां- हाथ, पांव, वाणी, गुदा, जननांग- शारीरिक क्रियाएं करती हैं तथा अंतःकरण की चारों वृत्तियां - मन, बुद्धि, अहंकार और चित्त हमारे विचारों, भावनाओं और क्रियाओं को प्रभावित करती हैं। यदि संक्षेप में कहा जाए तो, हमारी ज्ञानेंद्रियां प्रत्यक्ष जगत से प्राप्त जानकारियों को एकत्र करती हैं, मन उन्हें समझता है, बुद्धि निर्णय लेती है, अहंकार अनुभव को वैयक्तिक बनाता है, कर्मेंद्रियाँ क्रिया संपन्न करती हैं और चित्त उसे स्मृति के रूप में दर्ज करता है। गुरु ज्ञान के जिज्ञासुओं को ज्ञान प्रदान करता है जबकि सद्गुरु अपने शिष्यों में बुद्धिमत्ता का संचार करता है। उनके मार्गदर्शन से ही इन सभी अदृश्य आंतरिक जटिलताओं के बीच हमारे मन में सद्गुणों का संचार होता है।

सभी सद्गुणों से युक्त व्यक्ति एक पुष्ट फलों से युक्त फलते-फूलते वृक्ष के समान है जिसकी मजबूत जड़ों को गुरु के ज्ञान, परिवार के सहयोग और समग्र समाज के मूल्यों से सींचा गया हो। व्यक्ति के कर्म इन आंतरिक मूल्यों की केवल अभिव्यक्ति हैं। पूर्णिमा का विशेष अवसर इन सभी तथ्यों पर आत्मनिरीक्षण का अवसर प्रदान करता है। यह मात्र एक खगोलीय घटना नहीं है, यह एक आध्यात्मिक दर्पण है, एक सांस्कृतिक समारोह है, एक वैज्ञानिक घटना है, तथा जीवन में नवीनता लाने, चिंतन करने तथा कृतज्ञता व्यक्त करने का एक गहन प्रतीकात्मक अवसर है। इसका महत्व धर्म, ज्ञान की विभिन्न शाखाओं और सदियों तक विस्तीर्ण है तथा हमें हमारे अंतःकरण में स्थित प्रकृति की लय और चक्र की याद दिलाता है। पूर्णिमा संपूर्णता और ज्ञानोदय का प्रतीक है- एक ऐसा समय है जबकि हम अपने स्वत्व की खोज सर्वाधिक स्पष्ट रूप में कर सकते हैं, ठीक उसी प्रकार जैसे चंद्रमा सूर्य के प्रकाश को पूरी तरह से परावर्तित करता है। योगी और संत प्रायः पूर्णिमा को गहन ध्यान, जप, उपवास और दिव्य ऊर्जा से जुड़ने के लिए एक आदर्श समय मानते हैं।गुरु पूर्णिमा सीखने, ज्ञान अर्जन करने और कृतज्ञता व्यक्त करने का त्योहार है। सूचना की भरमार, भ्रम, तुलना और प्रतिस्पर्धा के इस युग में एक सच्चे गुरु की हमारे जीवन में उपस्थिति काफी महत्वपूर्ण है चाहे वह आध्यात्मिक गुरु हों अथवा कोई प्रशिक्षक, शिक्षा प्रदाता, माता-पिता या डिजिटल मार्गदर्शक क्यों न हों। उनकी उपस्थिति धर्म एवं धार्मिक अनुष्ठानों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है।

# गुरु है संकल्प, गुरु है साधना, गुरु है मोक्ष का माध्यम

**गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया**





योगेश कुमार गोयल
लेखक

गुरु पूर्णिमा के दिन प्राचीन काल से ही गुरु की पूजा करने का चलन है, जो इस वर्ष 10 जुलाई को मनाई जा रही है। दरअसल प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा आषाढ़ मास की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। गुरु पूर्णिमा का संबंध महाभारत के रचयिता महर्षि श्रीकृष्ण द्वैपायन से जुड़ा है, जिनका जन्म इसी दिन हुआ माना जाता है। संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान महर्षि द्वैपायन ने ही सनातन धर्म के चारों वेदों की रचना की थी, इसीलिए उन्हें महर्षि वेद व्यास के नाम से जाना गया। वैसे तो गुरु पूर्णिमा का पर्व शास्त्रों में गुरुओं को समर्पित है लेकिन सही मायनों में यह आदिगुरु वेद व्यास के सम्मान में ही मनाया जाता है और इसीलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। महर्षि वेद व्यास ने एक लाख श्लोक वाला महाभारत, 18 पुराण और ब्रह्म-सूत्र की रचना के साथ एक वेद को चार वेदों में विस्तारित कर समस्त संसार को ज्ञान से प्रकाशित किया था, इसीलिए उन्हें आदि-गुरु का दर्जा प्राप्त है। हिन्दू धर्म में तो गुरु को ईश्वर से भी बढ़कर माना गया है और गुरु की महिमा का उल्लेख करते हुए कहा भी गया है कि गुरु ही ब्रह्मा है, गुरु ही विष्णु है, गुरु ही शंकर है, गुरु ही साक्षात परब्रह्म है, ऐसे सद्गुरु को प्रणाम।

गुरु को गुरु इसीलिए कहा जाता है क्योंकि वह अज्ञान रूपी अंधकार को हटाकर जीवन को ज्ञान रूपी प्रकाश से आलोकित करता है। ज्ञान की रोशनी सभी प्रकार के अंधकार को मिटा देती है, इसीलिए जीवन में गुरु का स्थान सबसे ऊंचा है। गुरु में गु शब्द का अर्थ है अंधकार (अज्ञान) और रु का अर्थ है उसे मिटाने वाला और इस प्रकार गुरु का अर्थ हुआ अंधकार रूपी अज्ञान को मिटाने वाला। गुरु ही एकमात्र ऐसा व्यक्ति होता है, जो अंधकार को मिटाकर प्रकाश के उजाले से हमारी अंतरात्मा और मन को प्रकाशित कर सकता है। एक अच्छा गुरु जीवन में रोशनी लाने का कार्य करता है, जिससे जीवन प्रकाशमान हो जाता है। गुरु साधक के अज्ञान को मिटाता है, ताकि वह अपने भीतर सृष्टि के स्त्रोत का अनुभव कर सके। शास्त्रों में अज्ञान रूपी अंधकार को नष्ट करने वाला जो ब्रह्म रूप प्रकाश है, वही गुरु है अर्थात अंधकार को हटाकर प्रकाश की ओर ले जाने वाले को ही गुरु कहा जाता है। गुरु की महिमा का बखान करते हुए संत कबीरदास कहते हैंः-

भली भई जो गुरु मिल्या, नहीं तर होती हाणि।दीपक दिष्टि पतंग ज्यूं, पड़ता पूरी जाणि।

कबीरदास के इस दोहे का अर्थ है कि अच्छा हुआ जो गुरु मिल गए, अन्यथा तो मेरी हानि ही होती। जैसे दीपक की अग्नि की ओर पतंगे आकृष्ट हो जाते हैं, वैसे ही मैं भी विषय वासनाओं और माया की और आकृष्ट हो जाता और परिणामस्वरूप अमूल्य जीवन को नष्ट कर देता। मनुस्मृति के अनुसार ऐसे व्यक्ति को ही गुरु बनाना चाहिए, जो क्षमा, दया, तपस्या, पवित्रता, यम, नियम, दान, सत्य, विद्या, संतोष इत्यादि दस गुणों से सम्पन्न हो। गुरु की कृपा से ही विद्यार्थियों को विद्या की प्राप्ति होती है और उनके अंदर का अज्ञान तथा अंधकार दूर होता है। गुरु कृपा से ही विश्व के समस्त सुखों, ऐश्वर्य और स्वर्ग की सम्पदा प्राप्त हो सकती है, जो बड़े-बड़े योगियों को भी नसीब नहीं होती। गुरु तथा देवता में समानता के बारे में कहा गया है कि देवताओं के लिए जैसी भक्ति की आवश्यकता है, वैसी ही गुरु के लिए भी है। अच्छे गुरु की कृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है लेकिन गुरु की कृपा के अभाव में कुछ भी संभव नहीं। वैसे तो गुरु को सभी धर्मों में विशेष महत्व दिया जाता रहा है लेकिन एक अच्छे गुरु का स्थान हिन्दू धर्म में भगवान से भी बढ़कर है।

गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागु पांव, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।शास्त्रों में कहा गया है कि गुरु के बिना ज्ञान प्राप्त करना कठिन है और अगर शिष्य को अपने गुरु पर पूर्ण विश्वास हो तो उसका बुरा स्वयं गुरु भी नहीं कर सकते। गुरु पूर्णिमा को बौद्ध धर्म के अनुयायी गौतम बुद्ध द्वारा सारनाथ में दिए गए पहले उपदेश के सम्मान में मनाते हैं। सिख धर्म में केवल एक ईश्वर और अपने सभी दसों गुरुओं की वाणी को ही जीवन के वास्तविक सत्य के रूप में मानते है। जैन धर्म के अनुसार इस दिन को चौमासा अर्थात चार महीने के बारिश के मौसम की शुरूआत के रूप में तथा त्रीनोक गुहा पूर्णिमा के रूप में माना जाता है। गुरु पूर्णिमा का पर्व वास्तव में मानव जीवन में गुरु के विशिष्ट स्थान को दशार्ता है। एक दोहे में गुरु की महिमा के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा गया हैः-

गुरु को पारस जानिए, करे लौह को स्वर्ण।शिष्य और गुरु जगत में, केवल दो ही वर्ण।

# फिलवक्त बिहार में विपक्षी राजनीति का चक्का जाम है

**निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको डर सता रहा है**






डॉ. आशीष वशिष्ठ
लेखक

चुनाव आयोग द्वारा बीती 25 जून से बिहार में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण किया जा रहा है जहां इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है। इस प्रक्रिया का विपक्षी इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस यानी इंडी गठबंधन विरोध कर रहा है। विपक्ष इस मसले पर कानूनी लड़ाई भी लड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट में विपक्ष की 9 राजनीतिक पार्टियों ने याचिका दाखिल की है, जिस पर सर्वोच्च अदालत 10 जुलाई को सुनवाई करेगा। वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने नौ जुलाई बिहार में चक्का जाम करने का निर्णय किया है। विपक्ष की राजनीति और बॉडी लैंग्वेज से ऐसा आभास हो रहा है मानो मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण से उसका बना बनाया खेल बिगड़ गया है। फिलवक्त बिहार में विपक्ष की राजनीति का चक्का जाम दिखाई दे रहा है।

निर्वाचन आयोग देश में अवैध रूप से बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार से आकर जो लोग रह रहे हैं, जिन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज करवा लिया है। वैसे लोगों को मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया शुरू की है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि जो भी अवैध रूप से बिहार आकर बस गए हैं, उनका वोट विपक्ष को जाता है। यही कारण है कि इंडिया गठबंधन के घटक दल हो या ओवैसी, इनको इस बात का डर सता रहा है कि मतदाता सूची से यदि इनका नाम कट गया तो उनका राजनीतिक रूप से नुकसान होगा। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव होने हैं, जबकि पांच राज्यों- असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव 2026 में होने हैं। बांग्लादेश और म्यांमार से आने वाले अवैध प्रवासियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में की जा रही कार्रवाई के मद्देनजर यह कवायद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। पश्चिम बंगाल और असम दोनों ही राज्यों में एनआरसी बड़ा मुद्दा है क्योंकि इन राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठियों और शरणार्थियों की बड़ी संख्या है। इसी वजह से पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस बहुत बेचैन है।बिहार के सीमांचल के इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला वर्षों से सामने आ रहा है। पिछले 30 वर्षों में पूरे सीमांचल का समीकरण बदल गया है। किशनगंज, अररिया, कटिहार और पूर्णिया में अल्पसंख्यकों की आबादी 40 फीसदी से 70 फीसदी तक हो चुकी है। यही कारण है कि वर्षों से इस इलाके में बांग्लादेशी घुसपैठियों की रोक की मांग उठती रही है। कई इलाकों से हिंदुओं के पलायन की भी खबर उठी थी। केंद्र सरकार ने जब पूरे देश में एनआरसी लागू करने की बात कही थी तो बिहार में इस इलाके से भी विरोध के सुर उठे थे।

जाति आधारित सर्वेक्षण आंकड़ों के अनुसार बिहार में करीब 17.70 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। वहीं, बिहार की 243 विधानसभा सीटों में से 47 सीटें ऐसी हैं, जहां मुस्लिम वोटर अहम भूमिका अदा करते हैं। इन इलाकों में मुस्लिम आबादी 20 से 40 प्रतिशत या इससे भी अधिक है। बिहार की 11 सीटें हैं, 10 से 30 फीसदी के बीच मुस्लिम मतदाता हैं। जानकारों का मानना है कि चुनिंदा क्षेत्रों में अगर एक निश्चित मात्रा में नाम कट जाएं तो मुकाबला कमजोर हो जाएगा।

वहीं ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहाद उल मुस्लिमीन यानी एआईएमआईएम ने भी विपक्ष के सामने संकट पैदा कर दिया है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तर उल ईमान ने लालू प्रसाद को चिट्ठी लिख कर कहा कि एमआईएम को महागठबंधन में शामिल किया जाए। राजद की ओर से पहली प्रतिक्रिया में पार्टी के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने इसके लिए मना कर दिया है। असल में एआईएमआईएम ने राजद और कांग्रेस दोनों को उलझा दिया है। ये दोनों पार्टियां कहती रही हैं कि ओवैसी की पार्टी भाजपा की बी टीम है और हर बार राजद, कांग्रेस को हराने के लिए चुनाव लड़ती है। लेकिन इस बार उन्होंने अपनी ओर से तालमेल की पहल की है। अगर राजद, कांग्रेस तालमेल के लिए तैयार नहीं होते हैं तो फिर कैसे एमआईएम पर भाजपा की बी टीम होने का आरोप लगाएंगे! राजद और कांग्रेस की स्थिति सांप छछूंदर वाली हो गई है।

इंडी गठबंधन बिहार विधानसभा चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए को टक्कर देने के लिए दो तरफा योजना बना रहा है। इसके तहत वह कल्याणकारी योजनाओं के वादों के साथ-साथ सामाजिक न्याय का एक बड़ा मुद्दा भी पेश करेगा। विपक्ष रोजगार की तलाश में गरीब बिहारियों के बड़े पैमाने पर पलायन को रोकने के उपाय के रूप में विशेष रोजगार सृजन योजनाओं की पेशकश करने के लिए भी काम कर रहा है। विपक्षी गठबंधन को उम्मीद है कि वह स्थानीय भावनाओं को भी प्रभावित करने के लिए एक अभियान चलाकर यह दावा कर सकेगा कि बिहार में कुछ नौकरशाहों के माध्यम से एक दिल्ली गिरोह छद्म सरकार चला रहा है, वह भी ऐसे समय में जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की शारीरिक फिटनेस पर सवाल उठ रहे हैं।

लेकिन विपक्ष के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि बिहार चुनाव में उसका चेहरा कौन होगा? विपक्ष अभी अपना चेहरा तय नहीं कर पाया है। राजद तेजस्वी को भावी मुख्यमंत्री और विपक्ष के चेहरे के तौर पर पेश कर रहा लेकिन गठबंधन में इस पर कोई सहमति नहीं है। राजनीति के जानकारों का मानना है कि इस मुद्दे पर सहमति बनना मुश्किल है। गठबंधन का कोई भी दल अपनी दावेदारी कम नहीं करना चाहता।ऐसे में विपक्ष भले ही ऊपरी तौर पर ताकतवर दिखने के लिए एकजुटता दिखा रहा है, लेकिन अंदरखाने विपक्ष के चेहरे यानी सीएम प्रत्याशी के नाम को लेकर भारी उथल पुथल मची है। सत्तारूढ पक्ष की ओर से साफ किया जा चुका है कि वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव मैदान में उतरेग। और चुनाव जीतने के बाद मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नीतीश कुमार बैठेंगे। बिना चेहरे के चुनाव मैदान मे उतरने से विपक्ष का पलड़ा कमजोर होना तय है, क्योंकि इस से यह मैसेज जायेगा कि विपक्ष एकजुट नहीं है।

# जो ज्ञान का सागर है वही सच्चा गुरु है



श्री गोपाल नारसन

भक्ति मार्ग में किसी सिद्ध पुरूष ऋषि,संत, महात्मा, ज्ञानी को गुरु बनाने का चलन है।जबकि ज्ञान मार्ग या फिर रूहानियत की दृष्टि से देखे तो एक मात्र परमात्मा ही हमारा परम गुरु है,वही परमपिता है और वही परम शिक्षक है। शास्त्रों में गुरू शब्द के शाब्दिक अर्थ भारी को अपनी तपस्या से जो सिद्ध कर कर देते है,वही अपनी रूहानियत व चेहरे पर तेज की दृष्टि से आध्यात्मिक क्षेत्र में सिद्ध पुरूष रूप में प्रतिष्ठित होते है। कहा भी गया है कि जो ज्ञान से भारी है,वही गुरू है और गुरु ज्ञान स्वयं में एक ऐसा अथाह सागर है जिसकी थाह ले पाना भी आसान नही है। गुरू शब्द जिसके सामने लग जाता है उसे अन्यो से श्रेष्ठतम और विशिष्ठतम बना देता है। यथा गुरूत्वाकर्षण ,गुरूज्ञान आदि।चूंकि गुरु भी श्रेष्ठतम महापुरूष होते है।इसी कारण गुरु के नाम से गुरु धाम भी प्रतिष्ठा सम्पन्न हो जाता है। गुरू को पौराणिक साहित्य में इतनी महत्ता दी गई कि उसे ही विष्णु,उसे ही ब्रहमा और उसे ही महेश्वर कहा गया है। गुरु देवता तूल्य होता है। गुरु की इस तुलना का अर्थ मात्र गुरू का महिमा मण्डन करना नही है। कई मायनो में गुरु भी ब्रहमा, विष्णु व महेश के समतूल्य होते है क्योकि गुरु ही वह शक्ति है जो अपने शिष्यो और अनुयायियों को ब्रहमा, विष्णु और महेश से मिलाने के लिए ,उन्हे आत्मसात करने का मार्ग बताते रहे। तभी तो प्रभु शरणम से पहले गुरू शरणम का प्रचलन है ।

युगप्रर्वक संत कबीर दास ने गुरू के सच्चे रूप और कार्य का वर्णन अपने एक दोहे में किया है। गुरू गोविन्द दोउ खडे काके लागू पाये,बलिहारी गुरू आपनो गोविन्द दियो बताए। यानि गुरू और गोविन्द दोनो खडे हो और पहले पैर किसके छूयें को लेकर संशय हो तो पहले गुरू के पैर छूने चाहिए क्योकि गुरू ही वह माध्यम है जो गोविन्द से मिलने का मार्ग बताता है। कई बार गुरू और अध्यापक को एक दूसरे का पर्याय मान लिया जाता है। परन्तु यह ठीक नही है। गुरू और अध्यापक एक नही हो सकते। अध्यापक अधिकाशत भौतिक विधाएं सिखाता है। लेकिन गुरू मनुष्य रूपी शिष्य को पूर्ण रूपेण आध्यात्मिक विकास व समग्र कल्याण के लिए तैयार करता है। उसी प्रकार गुरु अपने भक्तों को परमात्मामय बनने का रास्ता दिखाकर अपने भक्तों पर उपकार करते रहे है। गुरु की प्रेरणा से ही देश दुनिया को परमात्मा का सद सन्देश मिलता है और इस पुनीत कार्य मे गुरु ही सफल सिद्ध हो रहे है। गुरु की सोच है कि ,मनुष्य जीवन का उददेश्य है जीवन मरण के चक्र से निकलना और अपने कर्मो को भोगकर मोक्ष प्राप्त करना होता है। मोक्ष प्राप्ति की इस प्रक्रिया में गुरू की भूमिका बहुत बडी है। गुरू अच्छे बुरे का ज्ञान कराता है। साथ ही अनेक भौतिक विधाओं का ज्ञान देता है। गुरू ही वह व्यक्ति है जो सत्य और असत्य के बीच का अन्तर समझाकर अपने शिष्य को सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। जब तक मनुष्य अपने सभी कर्तत्यों को पूर्ण कर प्रभु प्राप्ति के पथपर अग्रसर नही होता, तब तक गुरू उसे निरंतर निर्देश देकर उसे अपने उददेश्य की सतत याद दिलाता रहता है।ताकि शिष्य गुरू की इच्छा के अनुरूप जीवन के सन्मार्ग पर चलकर गुरू को अमरत्व प्रदान कर सके।वैदिक दर्शन में गुरू को एक चेतन देवता माना गया है। माता, पिता,पति, पत्नि,आचार्य इन सभी को चेतन देवता कहा गया है। मनुष्य के उपर इन पांचो देवताओं तथा जल, वायु ,अग्नि, वनस्पति आदि जड देवताओं का कर्ज होना माना गया है। आचार्य कर्ज मुक्ति के लिए उनके द्वारा दिये गए ज्ञान को जीवन में उतारना और दूसरो में बांटना जरूरी है। मनुष्य के लिए आवश्यक है कि सभी जड और चेतन देवताओं के साथ साथ आचार्य कर्ज भी इसी जीवन में उतारे।जिसके लिए गुरू पूर्णिमा जैसे अवसरों पर गुरू दक्षिणा देकर गुरू पथगामी बना जा सकता है। इससे गुरू के प्रति श्रद्धा तो बढती ही है गुरू का आशीर्वाद भी अपने शिष्यों पर बना रहता है।गुरू का भारतीय समाज में एक विशिष्ट स्थान है। गुरू ही बालक में संस्कार भरकर उसे एक ऐसा मनुष्य बनाता है जो संस्कारो, विधाओं और विचारो से परिपूर्ण हो। इस समाज को ऐसे ही गुरू की आवश्यकता है जो विधाविभूषितकर कल्याण के मार्ग का पथिक बना सके। ऐसे ही गुरू समाज को अपनी दिव्य ज्ञान ज्योति से प्रकाशमान करते है।गुरु को भगवान से भी ऊंचा दर्जा प्राप्त हैं क्योंकि गुरु ही हमें अज्ञानता के अंधेरे से ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। कोरोनावायरस के कारण लोगों को इस बार अपने घरों में रहकर ही गुरु पूर्णिमा मनानी पड़ रही है। इस दिन आदिगुरु महाभारत के रचयिता और चार वेदों के व्याख्याता महर्षि कृष्ण द्वैपायन व्यास अर्थात महर्षि वेद व्यास का जन्म हुआ था।

महर्षि व्यास संस्कृत के महान विद्वान थे। महाभारत महाकाव्य उनके द्वारा ही लिखा गया ।सभी 18 पुराणों के रचयिता भी महर्षि वेदव्यास ही है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है।भारत में सभी ऋतुओं का अपना ही महत्व है गुरु पूर्णिमा वर्षा ऋतु में ही क्यों मनाया जाता है। इसका भी एक कारण है क्योकि इन चार माह में न अधिक गर्मी और न अधिक सर्दी होती है यह समय अध्ययन और अध्यापन के लिए अनुकूल व सर्वश्रेष्ठ है इसलिए गुरुचरण में उपस्थित शिष्य ज्ञान, शांति, भक्ति और योग शक्ति को प्राप्त करने हेतु इस समय का चयन करते हैं

# वोटबंदी के खिलाफ महागठबंधन का बिहार बंद सफल, छपरा में दिखा जनसमर्थन

●व्यावसायिक प्रतिष्ठाने स्वतः रही बंद, नेता कार्यकर्ता सड़क पर उतरे वाहनों का परिचालन आंशिक दिखा

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। महागठबंधन के शीर्ष नेताओं राहुल गांधी और तेजस्वी यादव के निर्देश पर वोटबंदी के विरोध में आयोजित बिहार बंद के तहत सारण जिले की जनता सड़कों पर उतर आई। महागठबंधन के नेता, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधियों ने चुनाव आयोग और केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। जिला मुख्यालय समेत विभिन्न क्षेत्रों में महागठबंधन द्वारा आयोजित बिहार बंद को व्यापक जनसमर्थन प्राप्त हुआ, जहां व्यापारियों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद रखीं। बंद के दौरान मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय, माझी विधायक डॉ. सत्येंद्र यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बच्चू प्रसाद वीरू, राजद नेता एवं छपरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सुनील राय, महागठबंधन नेता शैलेंद्र प्रताप आदि ने अपने समर्थकों के साथ शहर में मार्च किया। प्रदर्शनकारियों ने राहुल गांधी जिंदाबाद तेजस्वी यादव जिंदाबाद चुनाव आयोग मुर्दाबाद, केंद्र सरकार मुर्दाबाद जैसे नारे लगाए। नेताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए वोटबंदी का आदेश तत्काल वापस लेने की मांग की। महागठबंधन ने इस बार बिहार बंद को पूरी तरह शांतिपूर्ण रूप में आयोजित किया। जिला प्रशासन ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सख्त सुरक्षा इंतजाम किए थे। हर प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। नगर पालिका चौक इस बार बिहार बंद का मुख्य केंद्र रहा, जहां महागठबंधन के नेता और कार्यकर्ता लगातार जमे रहे। शहर के प्रमुख स्थानों जैसे गांधी चौक, मौना चौक, कचहरी स्टेशन, मौना पकड़ी, कटहरी बाग, नगर पालिका, हथुआ मार्केट, साहेबगंज सोनार पट्टी, करीमचक, खनुआ डाकबंगला रोड, अस्पताल चौक और दरोगा राय चौक समेत विभिन्न क्षेत्रों में दुकानें और व्यावसायिक प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहीं। सड़कों पर वाहनों का परिचालन भी आंशिक रूप से प्रभावित रहा; केवल आपातकालीन सेवाओं को छूट दी गई थी। मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन और ट्रेड यूनियन द्वारा आयोजित बिहार बंद पूर्णतः सफल रहा और जनता ने स्वेच्छा से समर्थन देकर यह स्पष्ट कर दिया कि वह चुनाव आयोग के अलोकतांत्रिक फैसले के खिलाफ है। उन्होंने इसे गरीबों और वंचितों को वोट देने से वंचित करने की साजिश बताया। माझी विधायक डॉ. सत्येंद्र यादव ने इसे मोदी सरकार और चुनाव आयोग की तानाशाही करार देते हुए कहा कि संविधान को ताक पर रखकर कमजोर वर्गों को वोटिंग अधिकार से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हृदेश संविधान से चलता है, तानाशाही से नहीं। पूर्व प्रत्याशी सुनील राय ने कहा कि गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों का नाम मतदाता सूची से हटाया जा रहा है ताकि उन्हें वोट देने से रोका जा सके। जब तक चुनाव आयोग द्वारा दिया गया आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इस बिहार बंद में महागठबंधन के प्रमुख नेता शैलेंद्र प्रताप, कांग्रेस जिलाध्यक्ष बच्चू प्रसाद वीरू, प्रीतम यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष जिलानी मोबिन, राधे कृष्णा प्रसाद यादव, सागर नौशेरवा, मुखिया वीरेंद्र शाह, अरविंद कुमार राय, बलिराम यादव, कांग्रेस नेता डॉ. शंकर चौधरी, फिरोज इकबाल, सीपीएम नेता सुरेंद्र सौरव, और मुकेश साहनी पार्टी के अन्य नेता सक्रिय रूप से शामिल रहे। इस बंद में महागठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में आमजनता ने भाग लिया, जिससे यह आंदोलन व्यापक जनआंदोलन का रूप लेते दिख रहा है।

## इंडो नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में बिहार बंद रहा बेअसर पुलिस व्यवस्था रही चाकचौबंद

बगहा। महागठबंधन के आह्वान पर वाल्मीकिनगर बगहा 2 के क्षेत्रों में बंद रहा बेअसर।सभी दुकाने खुली रही और सड़कों पर पूर्वत आवागमन सुचारू रूप से चालू रहे। लेकिन यात्री वाहनों में यात्री नहीं के बराबर यात्रा पर बाहर निकले। सड़कों पर कहीं भी कोई अवरोध नहीं देखा गया।बगहा 2 स्थित नौरंगिया,भैरियारी, लक्ष्मीपुर,टंकी बाजार समेत वाल्मीकिनगर में लोग सामान्य दैनिक कार्यों में व्यस्त रहे।बतादें की वाल्मीकिनगर में वाल्मीकिनगर विधानसभा के वर्तमान जदयू के विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह का गृह निवास है।दरअसल इस क्षेत्र के लोग पार्टी पोलटिक्स से इतर सामाजिक संरचना के मर्यादाओं का ज्यादा ख्याल रखते है।इसलिए बंद का कहीं कोई असर देखने को नहीं मिला।

## बिहार बंद शांतिपूर्ण रहा, लोग सड़क पर उतर जताया विरोध: शैलेंद्र प्रताप

छपरा। बुधवार को सारण विकास मंच के कार्यकर्ताओं ने इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। यह शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन मंच के जिला संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया गया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर निगम चौक, थाना चौक, हथुआ मार्केट, साहेबगंज, मौना चौक होते हुए साढ़ा ढाला चौक तक जनसंपर्क कर लोगों से स्वतः बंदी का आह्वान किया। प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा। इस अवसर पर जिला संयोजक शैलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि, नोटबंदी के बाद अब भारतीय जनता पार्टी वोटबंदी की साजिश रच रही है। चुनाव आयोग को ढाल बनाकर भाजपा लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करना चाहती है, जिसे हम सफल नहीं होने देंगे।

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से नाराज महागठबंधन का विरोध परसा दरोगा राय चौक पर बंद का ऐलान, विधायक छोटेलाल राय हुए शामिल

परसा। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर महागठबंधन ने विरोध जताते हुए बुधवार को परसा प्रखंड के दरोगा राय चौक पर बंद का आयोजन किया.इस बंद का नेतृत्व महागठबंधन के कार्यकर्ताओं ने किया, जिसमें राजद विधायक छोटेलाल राय स्वयं शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया.महागठबंधन के नेताओं का आरोप है कि प्रशासन द्वारा कराए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के नाम पर एकतरफा कार्रवाई की जा रही है और खास समुदाय विशेष को निशाना बनाकर नाम विलोपित करने का प्रयास किया जा रहा है.इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताया गया.दरोगा राय चौक पर बंद के दौरान महागठबंधन से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए और प्रशासन विरोधी नारेबाजी करते हुए आम जन को दुकानों व यातायात को बंद रखने की अपील की. कई दुकानदारों ने स्वेच्छा से अपनी दुकानें बंद कर बंद का समर्थन किया.इस दौरान यातायात भी कुछ घंटों के लिए प्रभावित रहा.विधायक छोटेलाल राय ने मौके पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह बंद आम जनता की आवाज है. मतदाता सूची में छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी.अगर प्रशासन ने अपना रवैया नहीं बदला तो महागठबंधन चरणबद्ध आंदोलन करेगा.इस बंद के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए परसा थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने पुलिस बल मौके पर मुस्तैद रही.हालांकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना की सूचना नहीं है. बंद शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ.राजेश राय लालबहादुर राय राजेंद्र रा विनोद कुमार लालप्रकाश कुमार अजय दास सकील अहमद अमोद कुमार शर्मा अजमुल्लाह अंसारी शम्भु राय रामप्रवेश राय सीता राम माँझी अमरेश सिंह शशि कान्त चौबे अखलेश कुमार कपेंद्र राय नागेंद्र राय कृष्णा साह शैलेन्द्र विद्यार्थी रवि प्रकाश समेत सैकड़ों की संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता शामिल थे।

## बिहार बंद का रहा व्यापक असर वामपंथियों ने दिखाई सक्रियता

छपरा कार्यालय। महागठबंधन के आह्वान पर आहूत बिहार बन्द का बुधवार को छपरा मे व्यापक असर देखा गया। शहर के दुकान प्रतिष्ठान, शिक्षण संस्थान, यातायात आदि पूरी तरह बंद रहे। जिले के ग्रामीण इलाकों में भी बन्द का व्यापक असर देखा गया। यह दावा करते हुए सीपीआई नेताओं ने बन्द की सफलता के लिए जिले की जनता को बधाई दी है। बंद के समर्थन मे महागठबंधन के सभी घटक दलों के कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकाला और बन्द के समर्थन में नारे लगाए। मतदाता सूची के गहन विशेष पुनरीक्षणको एक साजिश करार देते हुए इसे वापस लेने तथा चार श्रम कानूनों को वापस लेने की मांग के समर्थन मे यह बंद आयोजित किया गया। बंद समर्थकों का शहर नगर निगम चौक पर जमावड़ा लगा रहा।

## राजद गठबंधन का बिहार बंद चक्का जाम सफल

छपरा कार्यालय केंद्रीय चुनाव आयोग द्वारा बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के विरोध में जिले के राजद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने जुलूस की शक्ल में शहर की दुकानों को बंद करा वाहनों के आवागमन का चक्का जाम कराया जो पूर्णतः सफल रहा। सारण जिला राजद प्रवक्ता हरेलाल यादव ने बताया कि शहर के नगरपालिका चौक पर मढ़ौरा विधायक सह पूर्व मंत्री जीतेंद्र कुमार राय सारण विकास मंच के संयोजक शैलेन्द्र प्रताप सिंह सुनील राय अध्यक्ष राधेकृष्ण प्रसाद के नेतृत्व में राजद के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने सैंकड़ों की संख्या में नगरपालिका चौक से जुलूस की शक्ल में चुनाव आयोग मुर्दाबाद, मोदी सरकार मुर्दाबाद, मतदाता पुनरीक्षण आदेश वापस लो का नारा लगाते हुए थाना चौक, साहेबगंज, मौना चौक,कचहरी स्टेशन, योगिनियां कोठी, होते हुए नगरपालिका चौक पर पर आकर एक सभा में तब्दील हो गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक सह पूर्व मंत्री जीतेंद्र कुमार राय ने कहा कि केंद्र की एनडीए सरकार के इशारे पर चुनाव आयोग गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत बिहार के करोड़ों लोग जो रोजी रोटी कमाने दूसरे प्रदेशों में गए हैं उन्हें एवं बिहार के बड़ी आबादी के वंचित दलित पिछड़े तथा अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों से ग्यारह प्रकार के दस्तावेजों को कम समय में मांग कर वोटर लिस्ट से नाम काट कर मतदान से वंचित करने की गहरी साजिश रची गई है, जिसे राजद किसी भी कीमत पर इसका विरोध करने का काम करेगा।

## महागठबंधन ने मतदाता गहन पुनरीक्षण को लेकर विरोध प्रदर्शन किया

लहलादपुरः महागठबंधन के सदस्यों ने मतदाता गहन पुनरीक्षण का विरोध करते हुए प्रखंड कार्यालय बंद कराया तथा जनता बाजार के मुख्य सड़क पर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया. महागठबंधन के सदस्यों ने कहा कि चुनाव आयोग बीजेपी से मिला हुआ है और वह बीजेपी का पक्षपात कर रहा है. उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में जिसका नाम है, उसके नाम को ज्यों का त्यों रहना चाहिये. उसमें जरा भी छेड़-छाड़ नहीं होनी चाहिये. भले ही मर हुए तथा दूसरे जगह गये हुए व्यक्तिओं का नाम काट दिया जाय. महागठबंधन के विरोध प्रदर्शन में प्रखंड प्रमुख मनोज साह, उप प्रमुख मोतीलाल मांझी, पूर्व उप प्रमुख सरफुल्लाह कुरैशी, राजद किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामाशीष यादव,

# धोखे से पति ने तलाकनामा पर हस्ताक्षर करा पत्नी को किया बेघर

●न्याय की आस में न्याय के लिए दर-दर भटक रही है शबनम

प्रात : किरण संवाददाता



बगहा। बगहा के वाल्मीकिनगर स्थित लक्ष्मीपुर रमपुरवा पंचायत के पिपरा कुटी की रहने वाली शबनम,पिता मोहम्मद शमीम, ग्राम परसामीर थाना सेंदुरिया जिला महाराजगंज,वर्तमान पता लक्ष्मीपुर रमपुरवा थाना वाल्मीकिनगर पिपरा कुट्टी,सास और पति द्वारा सताए जाने के बाद न्याय के लिए दर-दर भटक रही है। शबनम ने बताया कि मेरी शादी 2018 में मोहम्मद इजहार पिता ऐनुलाह अंसारी साकिन लक्ष्मीपुर खुर्द,थाना लक्ष्मीपुर खुर्द,जिला महाराजगंज से हुई। शादी से पूर्व मेरे माता-पिता को यह पता नहीं था कि इजहार पहली पत्नी को घर से निकाल दिया है। जब मेरी शादी हुई तब यह पता चला। उसके बाद मोहम्मद इजहार मुझसे,हमेशा मारपीट करने लगा और दहेज के लिए पैसे की मांग करने लगा। उससे हमें दो बच्चे भी है। इसी बीच मेरे पति मोहम्मद इजहार 19 अप्रैल 2025 को धोखे से इंदिरा आवास निकलवाने के नाम पर बगहा कोर्ट लेकर गया। वहां जाने पर उसने कहा कि वकील साहब तुम्हें बुलाए हैं। जब मैं वहां गई तो तलाक के कागज पर हमसे हस्ताक्षर करवा लिया। क्योंकि मैं पढ़ी-लिखी नहीं हूं केवल हस्ताक्षर ही करती हूं। इसलिए मुझे तलाकनामा का कागज होने का शक नहीं हुआ। इसके बाद लक्ष्मीपुर खुर्द से मेरी सास वाल्मीकिनगर में रहने के लिए भेज दी। क्योंकि वाल्मीकि नगर में भी उनका जमीन था जब मैं यहां रहने लगी, तो मेरे पति और सास वहां पहुंचकर मेरे घर द्वारा बनाए गए घर को उजाड़ दिया, और अन्यत्र चले जाने के लिए कहने लगे। इस घटना के बाद 6 मई 2025 को वाल्मीकिनगर थाने में एक आवेदन दिया गया। थाना में सुनवाई नहीं होने के बाद पुलिस अधीक्षक बगहा को 24 जून को आवेदन दिया गया लेकिन कहीं भी न्याय नहीं मिला।

## संक्षिप्त खबरें

### पूरी तरह से विफल रहा बिहार बंदःअग्रवाल



छपरा कार्यालय। इंडी गठबंधन द्वारा बुलाए गए बिहार बंद के विफल होने पर भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी श्याम बिहारी अग्रवाल ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा हमें लगता है कि यह बंद पूरी तरह से विफल रहा है और इसका कोई खास असर नहीं हुआ है। इंडी गठबंधन के नेताओं ने अपने प्रयासों में कोई कसर नहीं छोड़ी, लेकिन लगता है कि जनता ने उनके आह्वान को नकार दिया है। हमें उम्मीद है कि इंडी गठबंधन के नेता इस विफलता से सीख लेंगे। हम बिहार की जनता के आभारी हैं जिन्होंने इस बंद को असफल बनाया है। हमें उम्मीद है कि आगे भी जनता का समर्थन और सहयोग एनडीए को मिलता रहेगा।

### आशा कार्यकर्ताओं ने किया धरना प्रदर्शन




परसा। बिहार राज्य आशा एवं आशा फैसिलेटर संघ के आह्वान पर दर्जनों आशा कार्यकर्ताओं ने परसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अपने 12 सूत्रीय मांगों को लेकर की एक दिवसीय धरना प्रदर्शन. धरना प्रदर्शन के दौरान आशा एवं आशा फैसिलेटरो ने प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हाथों में बैनर लेकर परसा दरोगा राय चौक तक पैदल यात्रा निकाली और केंद्र और राज्य सरकार के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया इस दौरान उन्होंने बताया कि यदि सरकार मेरी मांगे नहीं मानती है तो आगे हम लोग संघ के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जा सकते हैं. इस दौरान पूर्ण रूप से ओपीडी बंद रही जिससे मरीज को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा.उर्मिला देवी फुला माला देवी रेखा देवी पूजा देवी उमा देवी बेबी कुमारी मीणा देवी आहेलिया देवी माधुरी देवी बिंदु देवी नरगीस प्रवीण कौशलेया देवी सुबाला देवी संजू देवी मीणा देवी किरण कुमारी आभा कुमारी बिभा देवी रँगीता देवी कांति कुँअर सोनी कुमारी समेत दर्जनों की संख्या में आशा एवं आशा फैसिलेटर हुई शामिल.

# लिम्फेडेमा रोगियों की पहचान और ग्रेडिंग को लेकर आयोजित होगा विशेष शिविर

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। लिम्फेटिक फाइलेरियासिस (एलएफ) उन्मूलन अभियान को गति देने और रोगियों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम (ठश्इऊ्रढ) के तहत लिम्फेडेमा (हाथ-पैर में स्थायी सूजन) से ग्रसित व्यक्तियों की पहचान और सात स्तरों पर ग्रेडिंग के लिए विशेष शिविरों के आयोजन का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण केंद्र के निदेशक डॉ. तनु जैन ने सभी राज्यों को पत्र जारी कर स्पष्ट किया है कि ग्रेडिंग की प्रक्रिया पूरी किए बिना रोगियों का डेटा इंटीग्रेटेड हेल्थ इंफॉर्मेशन प्लेटफॉर्म (क्लक्ढ) पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा, जिससे आगे की योजना बाधित हो सकती है। इसलिए शीघ्रता से सर्वे, पहचान और ग्रेडिंग कर रोगियों की सूची को अपडेट किया जाना अनिवार्य है। क्या है लिम्फेडेमा और क्यों जरूरी है ग्रेडिंग? लिम्फेडेमा एक प्रकार का दीर्घकालिक रोग है, जिसमें हाथ या पैर में सूजन आ जाती है। समय पर उपचार और देखभाल के अभाव में यह स्थिति गंभीर हो सकती है और व्यक्ति की शारीरिक क्षमता को प्रभावित कर देती है। ग्रेडिंग प्रक्रिया से न केवल सही इलाज में मदद मिलती है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत लाभ दिलाना भी संभव हो पाता है। ग्रेडिंग के सात स्तर इस प्रकार हैंः 1.उलटने योग्य सूजन 2.स्थायी सूजन 3.हल्के मोड़ 4.गांठ जैसी सूजन 5.गहरे मोड़ 6.खुरदरी परतें या चर्म रोग 7.अशक्त करने वाली स्थिति इन अवसरों पर की जाएगी ग्रेडिंगः एमएमडीपी किट वितरण के समय एमएमडीपी क्लीनिक विजिट के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित विशेष शिविरों में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर सीएचओ द्वारा सरकारी योजनाओं में मिलेगा लाभः केंद्र सरकार की अधिसूचना (जनवरी 2018) के अनुसार, ग्रेड 3 या उससे ऊपर के लिम्फेडेमा रोगियों को 40% या उससे अधिक विकलांगता की श्रेणी में शामिल किया जाता है। इसके आधार पर वे सरकारी लाभों के पात्र होंगेः विकलांगता प्रमाण पत्र कस्टमाइज्ड फुटवियर सामाजिक सुरक्षा योजनाएं पुनर्वास सेवाएं एवं दिव्यांगजन योजनाएं सटीक पहचान और ग्रेडिंग अनिवायः जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने कहा कि लिम्फेडेमा रोगियों को गरिमामयी जीवन जीने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सटीक पहचान और ग्रेडिंग अनिवार्य है। यह न केवल एलएफ उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि सामाजिक समावेशिता की दिशा में भी एक बड़ी पहल है।

# हड़ताल के कारण ठप रहा बैंक बैंक कर्मियों ने किया प्रदर्शन




छपरा कार्यालय। बैंक कर्मियों के सबसे बड़े संगठन ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन (अक्इएअ), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर एसोसिएशन (अक्इडअ) एवं बैंक एम्पलाइज फेडरेशनऑफ इंडिया(इएऋक्र) के संयुक्त आह्वान पर आयोजित राष्ट्रीयकृत बैंक समेत ग्रामीण बैंकों की शाखों में कामकाज हड़ताल के कारण ठप रहा. हड़ताली कर्मियों ने भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा सेंट्रल बैंक मुख्य शाखा पंजाब नेशनल बैंक इंडियन बैंक आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ बडौदा,एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय, बैंक ऑफ इंडिया, यूनियन बैंक के सामने प्रदर्शन किया एवं प्राइवेट बैंकों को भी बंद कर' दिया. प्रदर्शन का नेतृत्व मनोज कुमार सिंह ,एसएन पाठक, जयशंकर प्रसाद, मनीष कुमार, मोहम्मद शमी उजमा,मनोज कुमार ठाकुर, सुमित कुमार, अमर कुमार, मनोज कुमार राय, सुजीत कुमार श्रीवास्तव, विकास कश्यप , धर्मेंद्र कुमार, जयराम सिंह प्रमोद कुमार ,अभिषेक कुमार ,राहुल राणा ,निकुंज वसंत, शशि प्रकाश,यशवर्धन जैन, मंटू शर्मा, अरुण कुमार ,श्रीवास्तव कुमार, शशि भूषण, विवेक कुमार, ओम प्रकाश सहित राजेश सिंह, राकेश कुमार, रणविजय सिंह, इंद्रजीत कुमार, दसई लाल, नंदकिशोर प्रसाद, राजीव रंजन ,प्रेम कुमार गुप्ता, सोनेलाल शाह ,सुनील कुमार राम ,गंगा कुमार ओम प्रकाश ,राकेश कुमारआदि ने किया. प्रदर्शनकारी बैंकों का निजीकरण नहीं करने, ठेकेदारी प्रथा बंद करने, कॉपोरेट ल्लस्त्रं कर्ज वसूली करने, ट्रेड यूनियन अधिकारों पर हमला नहीं करना एवं पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने सहित केंद्रीय ट्रेड यूनियन के मांगों का समर्थन किया. जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के 86 एवं ग्रामीण बैंक 80 शाखाएं हैं. आज के हड़ताल से पांच करोड़ नकदी समेत 25 करोड़ का लेन-देन प्रभावित हुए।

# गंडक नदी के बढ़ते घटते जलस्तर के बीच एक लाख क्यूसेक डिस्चार्ज के पार



बगहा। नेपाल की तराई क्षेत्र से लेकर नेपाल के देव घाट में मंगलवार की रात्रि हुई मूसलाधार बारिश के बाद गंडक नदी के जलस्तर में एक बार फिर वृद्धि दर्ज की गई है। बुधवार की शाम जल संसाधन नियंत्रण कक्ष द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार एक लाख 30 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है। नियंत्रण कक्ष के सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार एक लाख पानी गंडक बराज से डिस्चार्ज किया जा रहा है इससे तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की संभावनाएं बढ़ गई है ।उधर जल स्तर के वृद्धि को देखते हुए जल संसाधन विभाग के कर्मियों को गंडक बराज के फाटकों की निगरानी के लिए सतर्क कर दिया गया है ।बतादें की गंडक नदी के दियारा वाले क्षेत्र विशेष रूप से प्रभावित होते हैं ।मानसून के समय गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण विशेष रूप से ये चार गांव-चकदहवा, बिन टोली, कान्ही टोला एवं झंडू टोला प्रभावित होता है। क्योंकि यह गांव गंडक नदी के तट पर ही बसा हुआ है।इन गांवों में रहने वाले गरीबी रेखा से नीचे जीवन बसर करने वाले लोगों के सैकड़ो एकड़ फसल भी बर्बाद हो जाते हैं।साथ ही मुख्य शहर एवं मुख्य पथ से इनका संपर्क पूर्ण रूप से टूट जाता है।

# बिहार युवा आयोग का गठन क्रांतिकारी निर्णय : अभिषेक यादव

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम) भारतीय जानता युवा मोर्चा के सैकड़ो कार्यकताओं ने बिहार सरकार के द्वारा बिहार युवा आयोग के गठन की घोषणा के बाद एक-दूसरे को मिठाई खिला व पठाखा फोड़कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा जी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार प्रकट किया है। युवा भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक यादव ने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा युवाओं के बेहतर शिक्षा,कौशल विकाश,रोजगार प्राप्ति सहित आपके उज्ज्वल भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए ह्लबिहार युवा आयोगह्वका गठन किया जाएगा ।यह आयोग इस बात की भी निगरानी करेगा कि राज्य के स्थानीय युवाओं को राज्य के भीतर निजी क्षेत्र के रोजगारों में प्राथमिकता मिले । उन्होंने कहा कि यह आयोग निश्चित रूप से युवाओं के हित में एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। इसके गठन से युवाओं में नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रहा है ।मौके पर युवा मोर्चा के जिला मंत्री अनीश सिंह,जिला मीडिया प्रभारी लवकुश कुशवाहा,संजय यादव,छोटू सिंह,अनमोल सिंह,राजा कुमार,आशीष कुशवाहा,शशि भूषण तिवारी ,ऋतिक रौशन ,राहुल कुमार,रोहित कुमार,चंदन कुमार,समीम,अमित कुमार,अंशु कुमार,रौशन कुमार ,गोविंद कुमार साहिल कुमार सहित सैकड़ो युवा उपस्थित रहे ।

# महागठबंधन के नेताओं की तरह असफल रहा महागठबंधन का चक्का जाम : विधायक



छपरा कार्यालय। स्थानीय विधायक डॉ सी एन गुप्ता ने महागठबंधन के बुधवार को भारत बंद पर कहा कि जिस तरह महागठबंधन के नेता असफल है इस तरह आज इनका चक्का जाम भी असफल ही रहा जनता ने जिस तरह इन्हें नाकार दिया है उसका परिणाम आज अच्छी तरह से देखने को मिला विधायक ने कहा कि बिना किसी कारण के लोगों को परेशानी में डालना यह महागठबंधन के नेताओं की पुरानी आदत है.जो कहानी उनके समय था वह जनता कभी मरते दम तक भूलेगी नहीं किसी भी तरह यह चाह रहे हैं कि हम लोग कुछ भी करके सत्ता हथिया ले,लेकिन बिहार की जनता पूरी तरह से इनके चाल चलन को समझती है और जिस तरह से आमजन ने सत्ता से बेदखल करके रखा है इस तरह इस बार भी इन्हें मुंह के खानी पड़ेगी. विधायक ने कहा कि सड़कों पर महागठबंधन के लोग हुड़दंग कर रहे थे वैसे आमजन को काफी परेशानी हुई हर जगह मजदूर,किसान,बच्चे बूढ़े सभी प्रभावित हुए उनको यात्रा करने में काफी परेशानी हुई इसका खामियाजा इनको आगामी विधानसभा चुनाव में निश्चित ही भुगतना पड़ेगा.।

# विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : जिला पदाधिकारी

●जनसंवाद और जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाएं

●जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नरकटियागंज, सिकटा एवं मैनाटांड़ में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया(घनश्याम)। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बुधवार को नरकटियागंज, सिकटा एवं मैनाटांड़ प्रखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा किए और संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सिकटा प्रखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण अंतर्गत अब तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया और बीएलओ द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से फॉर्म संग्रहण एवं अपलोडिंग के प्रति बीएलओ की सक्रियता और तत्परता की प्रशंसा की। इसी के साथ नरकटियागंज एवं मैनाटाँड़ प्रखंड अंतर्गत बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ की भी सराहना की। उन्होंने निर्देश दिया कि गणना प्रपत्र भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुशंसित दस्तावेजों के साथ ही प्राप्त किए जाएं। यदि किसी कारणवश दस्तावेज उपलब्ध नहीं हो पाए, तो मतदाता के हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र के माध्यम से सत्यापन कर अपलोडिंग की प्रक्रिया पूर्ण की जाए। इसके साथ ही उन्होंने दावा एवं आपत्ति के दौरान दस्तावेजों की जांच पूरी सतर्कता और आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप करते हुए सभी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत आवश्यक है कि प्रत्येक पात्र मतदाता को अपने नाम के दर्ज होने की जानकारी हो। उन्होंने बीएलओ को निर्देश दिया कि वे अपने क्षेत्र में जनसंवाद और जागरूकता अभियान को और भी प्रभावी बनाएं, ताकि नागरिकों में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति विश्वास और भागीदारी की भावना और मजबूत हो सके। उन्होंने सभी उपस्थित अधिकारियों से अपील किया कि वे पुनरीक्षण कार्य में पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें, ताकि हमारा लोकतंत्र और अधिक सशक्त और सहभागी बना सके।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## नगर निगम बोर्ड की बैठक अब 14 जुलाई को होगी : नगर आयुक्त

छपरा। नगर निगम बोर्ड की बैठक आगामी 9 जुलाई को 11:00 बजे आहुत की गई है। जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है, इस आशय की जानकारी संबंधी पत्र नगर आयुक्त सुनील कुमार पांडेय ने जारी करते हुए बताया कि बोर्ड की बैठक अब नगर निगम के सभागार में 14 जुलाई को 2 बजे होगा। बैठक की जानकारी महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता, उप महापौर रागिनी कुमारी एवं सभी वार्ड पार्षदों को पुनः दे दी गई है। बोर्ड की बैठक 2:00 से आयोजन किया गया है। इस बैठक के एजेंडा में 14 दिसंबर 2024 को हुए बोर्ड की बैठक की संपुष्टि, 2025- 26 बजट पर चर्चा एवं संपुष्टि तथा स्ट्रीट लाइट एवं तिरंगा लाइट तथा स्पैरो टैक्स एजेंसी के कार्य प्रणाली की समीक्षा आदि शामिल है। बोर्ड की बैठक संबंधित पत्र जारी करने के बाद नगर आयुक्त ने महापौर एवं उपमहापौर सहित सभी पार्षदों से बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया है।

# जॉइंट पेट्रोलिंग से वन अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए वीटीआर प्रशासन अलर्ट मोड पर



बगहा।मानसून सत्र के दौरान वीटीआर के वन प्रमंडल दो के वाल्मीकिनगर रेंज में वन्यजीवों एवं वन संपदा की सुरक्षा को लेकर वन विभाग पूरी तरह अलर्ट मोड में है। वन विभाग ने वन संपदा एवं वन्यजीव सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के लिए एसएसबी से सहयोग लिया जा रहा है। बुधवार की सुबह 21 वीं वाहिनी गंडक बैराज के सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार के नेतृत्व में वन विभाग में कार्यरत टीटीपीपी के साथ जॉइंट पेट्रोलिंग चलाई गई। इस बाबत जानकारी देते हुए गंडक बैराज एसएसबी के सहायक उपनिरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी के साथ वन विभाग का वन संपदा एवं वन्य जीव सुरक्षा को सुनिश्चित कराने के लिए पूर्व से ही आपसी समन्वय बना हुआ है। वर्तमान में पर्यटन सत्र की समाप्ति हो चुकी है। बरसात के समय वन अपराधियों की गतिविधि वन क्षेत्र में बढ़ जाती है। जिस पर अंकुश लगाने के लिए वन विभाग के साथ मानसून सत्र जॉइंट पेट्रोलिंग समय-समय पर की जा रही है। इस पेट्रोलिंग से वन अपराधियों पर अंकुश लगेगा। बुधवार को हुई जॉइंट पेट्रोलिंग जटाशंकर चेक नाका से लेकर जटाशंकर वन क्षेत्र तक की गई। आगे यह पेट्रोलिंग वन क्षेत्र की दूसरे भागों में किया जाएगा।

# मतदाता सूची के पुनरीक्षण के खिलाफ इंडिया गठबंधन का बिहार बंद रहा असरदार



प्रातः किरण संवाददाता

बिहार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने कड़ा विरोध दर्ज किया है। इस प्रक्रिया को लोकतंत्र विरोधी और जनविरोधी करार देते हुए इंडिया ने आज बिहार बंद का आह्वान किया था, जिसका भोजपुर जिला में व्यापक असर देखा गया। इंडिया गठबंधन के भोजपुर जिला संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष वीरबल यादव के नेतृत्व में सभी घटक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आरा की सड़कों पर उतरकर चक्का जाम किया और इस जनविरोधी कदम के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

बंद के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए इंडिया गठबंधन के भोजपुर जिला संयोजक सह राजद जिलाध्यक्ष वीरबल यादव ने बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव से ठीक पहले शुरू की गई इस प्रक्रिया को असंवैधानिक, अव्यवहारिक और लोकतंत्र पर सीधा हमला करार दिया। उन्होंने आगे कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव से कुछ माह पहले और मानसून के समय, जब राज्य का 73% क्षेत्र बाढ़ प्रभावित है, इस तरह की जटिल और व्यापक प्रक्रिया शुरू करना जनविरोधी है। यह प्रक्रिया समय और संसाधनों के अभाव में लाखों मतदाताओं को उनके मताधिकार से वंचित कर सकती है।

वहीं दूसरी ओर लोगों को संबोधित करते हुए आरा के सांसद सुदामा प्रसाद ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा मांगे जा रहे दस्तावेज, जैसे जन्म प्रमाण पत्र, 10वीं की मार्कशीट, या जमीन के कागजात, लाखों गरीब, दलित, पिछड़े, और प्रवासी नागरिकों के पास उपलब्ध नहीं हैं। आधार कार्ड, राशन कार्ड और मनरेगा कार्ड जैसे सर्वसुलभ दस्तावेजों को मान्य न करना एक गंभीर साजिश को दर्शाता है जिसके माध्यम से गरीब, पिछड़ा, अतिपिछड़ा, अल्पसंख्यक समाज के लोगों का नाम मतदाता सूची से काटा जा सके। एक ओर आधार कार्ड को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य किया गया, वहीं दूसरी ओर इसे इस प्रक्रिया में दस्तावेज के रूप में स्वीकार नहीं किया जा रहा। यह दोहरा मापदंड निर्वाचन आयोग की नीयत पर सवाल उठाता है।

वहीं अगिआंव के विधायक शिव प्रकाश रंजन ने कहा कि यह प्रक्रिया सत्तारूढ़ दल को लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से शुरू की गई प्रतीत होती है। बिहार की गरीब, दलित, पिछड़ी, और अल्पसंख्यक आबादी को मताधिकार से वंचित करने की यह एक सुनियोजित साजिश है।

## जिला कॉंग्रेस ने चौक-चौराहों को बंद करा कर जताया विरोध

चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरोध में आज महागठबंधन द्वारा आयोजित राज्यव्यापी बिहार बंद के तहत, भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में आरा शहर के विभिन्न चौक-चौराहों को शांतिपूर्ण तरीके से बंद करने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अशोक राम जी ने कहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर एक नवीन रणनीति के तहत गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्गों के मतदाताओं को सूची से वंचित करने का षड्यंत्र कर रहा है, जो लोकतंत्र के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ऐसी अलोकतांत्रिक गतिविधियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी। केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को चेतावनी देते हुए अशोक राम जी ने कहा कि यदि इस गंभीर लोकतंत्र-विरोधी प्रक्रिया पर अविलंब रोक नहीं लगाई गई, तो निकट भविष्य में एक बड़े जनांदोलन की शुरूआत होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र

कांग्रेस नेता श्रीधर तिवारी ने कहा कि बिहार के लगभग 4 करोड़ 76 लाख मतदाता चुनाव आयोग के इस प्रक्रिया से प्रभावित होंगे, जिन्हें 31 जुलाई तक अपनी नागरिकता साबित करनी होगी और अधिकांश मतदाताओं, विशेषकर हाशिए पर मौजूद समुदायों के पास चुनाव आयोग द्वारा मांगे जा रहे दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं।वीआईपी जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश बिंद ने कहा कि बिहार के लगभग 2.90 करोड़ पंजीकृत मजदूर राज्य से बाहर कार्यरत हैं। इतने कम समय में उनके लिए इस प्रक्रिया में भाग लेना असंभव है, जिससे उनके मताधिकार पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।

## बिहार बंद का नेतृत्व कर बोले तेजस्वी से घबरा कर वोट काट रही है सरकार: रामबाबू सिंह

आरा। बिहार में प्रस्तावित मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के खिलाफ महागठबंधन के बिहार बंद का असर मंगलवार को भोजपुर में भी जमकर देखने को मिला। आरा से लेकर बड़हरा तक सड़कों और रेलवे ट्रैक पर जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस आंदोलन का केंद्रबिंदु बने बड़हरा के लोकप्रिय समाजवादी नेता रामबाबू सिंह, जिन्होंने तीखे शब्दों में चुनाव आयोग और केंद्र सरकार पर हमला बोला।चुनाव आयोग को अपना तोता बना कर सरकार दलितों, पिछड़ों और किसानों के वोट काट रहा है। क्योंकि उन्हें पता है कि तेजस्वी यादव युवाओं की पहली पसंद बन चुके हैं। हर सर्वे बता रहा है कि बिहार अब तेजस्वी को ताज पहनाना चाहता है।उन्होंने कहा कि यह पूरी कार्रवाई एक साजिश है–सरकार जानती है कि आम मतदाता अब उनके झांसे में नहीं आने वाला। हर मोर्चे पर फेल हो चुकी हैसरकार।

## गहन मतदाता पुनरीक्षण वापस लेने की मांग पर महागठबंधन ने गड़हनी बाजार पर आरा–सासाराम स्टेट हाइवे किया जाम

**गरीबों-वंचितों को मताधिकार से वंचित करने की बड़ी साजिश – माले**

गड़हनी। वोट बंदी की साज़िश के खिलाफ गहन मतदाता पुनरीक्षण वापस लेने की मांग पर महागठबंधन ने गड़हनी बाजार पर आरा-सासाराम स्टेट हाइवे को जाम किया।जिसकी अध्यक्षता राजद नेता निवास यादव और संचालन भाकपा-माले, गड़हनी प्रखंड सचिव राम छपित राम ने किया।सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले प्रखंड सचिव राम छपित राम ने कहा कि बिहार में जो हो रहा है, वह भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार हो रहा है जनता अपने मताधिकार की रक्षा के लिए सड़कों पर उतरी है, बिहार में चुनाव आयोग द्वारा चलाया जा रहा विशेष मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) भारत के चुनावी इतिहास में एक अभूतपूर्व और चिंताजनक घटना है। यह न केवल असंवैधानिक है, बल्कि करोड़ों लोगों के मताधिकार को संकट में डालने वाला है। इससे पहले ऐसा कोई उदाहरण देश के किसी भी राज्य में नहीं देखने को मिला।राजद के राज्य परिषद सदस्य श्रीनिवास यादव ने कहा कि इंडिया गठबंधन ने दिल्ली जाकर चुनाव आयोग से मुलाकात की थी, लेकिन वहां से कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला। आयोग का रवैया बेहद असंवेदनशील और टालमटोल भरा था। बिहार में करोड़ों लोग इस प्रक्रिया से परेशान और आशंकित हैं, लेकिन आयोग केवल इतना कह रहा है सब ठीक हो जाएगा। सवाल उठता है कि यदि यह प्रक्रिया संविधान के अनुसार है, तो क्या पिछले 70 वर्षों से जो चुनाव हो रहे थे, वे संविधान के विरुद्ध थे? 2024 का लोकसभा चुनाव अवैध था? आयोग अब सत्ता पक्ष के इशारे पर काम कर रहा है। अनुमान है कि 8 करोड़ मतदाताओं में से लगभग 5 से 5.5 करोड़ लोग इस प्रक्रिया की चपेट में आ सकते हैं।

# पीएसएसीडब्ल्यूए कोर कमेटी बैठक में डॉ. स्मिता सिंह को पुनः भोजपुर जिला अध्यक्ष किया गया नियुक्त



प्रातः किरण संवाददाता

पीएसएसीडब्ल्यूए कोर कमेटी बैठक में डॉ. स्मिता सिंह को पुनः भोजपुर जिला अध्यक्ष नियुक्त, 13वां प्रतिभा सम्मान समारोह 16 जुलाई को पटना में – प्राइवेट स्कूल्स एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन की राज्य स्तरीय कोर कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक कल पटना के समनपुरा स्थित प्रधान कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सैयद शमायल अहमद ने की, जिसमें बिहार के सभी जिलों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

**डॉ. स्मिता सिंह को पुनः सौंपी गई भोजपुर की बागडोर**

बैठक के दौरान भोजपुर जिले की जिला अध्यक्ष डॉ. स्मिता सिंह के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। उनकी कार्यकुशलता, संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अहमद ने उन्हें पुनः भोजपुर जिला अध्यक्ष पद पर बनाए रखने की घोषणा की।

संगठन में जो पदाधिकारीगण अपने कार्यों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन कर रहे हैं, वे अपने-अपने पदों पर बने रहेंगे।

वहीं, जो अपने उत्तरदायित्वों को निभाने में विफल रहे हैं, उनके स्थान पर अन्य योग्य व्यक्तियों की नियुक्ति की जाएगी। इस हेतु जल्द ही एक नई कमेटी का गठन किया जाएगा।साथ ही उन्होंने यह भी दोहराया कि संगठनात्मक अनुशासन भंग करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। भोजपुर से प्रमुख प्रतिनिधियों की उपस्थिति इस बैठक में भोजपुर जिले से कई सम्मानित विद्यालयों और संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिनमें प्रमुख नाम हैं:

# ग्रामीण बैंको के निजीकरण के सरकार द्वारा प्रयासों के खिलाफ बैंक एसोसिएशन ने किया धरना प्रदर्शन




प्रातः किरण संवाददाता

आरा। ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक इम्पलाईज एसोसिएशन एवं ऑल इंडिया ग्रामीण बैंक ऑफिसर एसोसिएशन के आह्वान पर बिहार ग्रामीण बैंक ऑफिसर फेडरेशन एवं बिहार ग्रामीण बैंक इम्पलाईज फेडरेशन के सदस्य आरा क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में भारत सरकार के द्वारा ग्रामीण बैंकों का निजीकरण की ओर ले जाने के जनविरोधी प्रयास के खिलाफ तथा ग्रामीण बैंकों का प्रवर्तक बैंकों में विलय को मॉग के साथ केन्द्रीय ट्रेड यूनियन के आह्वान पर भारत सरकार के निजीकरण नीति, ट्रेड यूनियन एक्ट में कर्मचारियों के अधिकारों पर हमला, आउटसोर्सिंग के खिलाफ तथा मॅहगाई पर रोक लगाने, भैकेन्सी के अनुसार नौकरी देने तथा अन्य मॉगों को लेकर बिहार क्षेत्रीय कार्यालय आरा के सामने दिन भर धरना प्रदर्शन किया गया तथा अपनी मॉगों के समर्थन में नारेबाजी किया। धरना में भाग लेनेवाले में प्रमुख भार्गव पाण्डेय(क्षेत्रीय सचिव) अशोक कुमार (अध्यक्ष), रत्नेश कुमार, पल्लवी पाण्डेय, प्रीती कुमारी,नेहा कुमारी, शारदा कुमारी, धनजी राम, चंद्रशेखर कुमार,मनोज सिन्हा , आशुतोष रंजन, विवेक कुमार, सिद्धार्थ चौधरी, संदीप घोष,मोहनलाल, नीरज कुमार मीना, धर्मेश पाण्डेय,सतीश कुमार, ओमप्रकाश,अनिल कुमार, दिनेश कुमार राम एवं अन्य सदस्य उपस्थित हुए । हड़ताल शत-प्रतिशत सफल रहा ।

# स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए टीम भोजपुर पहुंची




प्रात: किरण संवाददाता

आरा।पेयजल एवं स्वच्छता विभाग जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 का आगाज भोजपुर जिला में आज हो चुका है केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित इस कार्यक्रम के अनुरूप स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए टीम आज भोजपुर जिला पहुंच चुकी है गांव में सर्व प्रारंभ के पूर्व आज जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के सभागार में उप विकास आयुक्त के अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण की पूरी टीम जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सभी सदस्य के साथ सभी प्रखंडों के प्रखंड सम्यक उपस्थित रहे इस बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण पर विस्तार पूर्वक विचार विमर्श किया गया साथ ही सर्वेक्षण के लिए आई टीम को हर संभव सहायता करने का निर्देश सभी स्वच्छ प्रखंड समन्वयकों को दिया गया साथ ही जिला जल एवं स्वच्छता समिति को भी इसके लिए समन्वय बनाए रखने का निर्देश दिया गया बैठक के पश्चात टीम अपने निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विभिन्न पंचायत का आज भ्रमण करेगी जिन पंचायत में आज स्वच्छ सर्वेक्षण किया जाएगा उसमें उदवंत नगर के एक गांव आरा सदर के दो तथा कोईलवर के दो गांव शामिल हैं

## विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा सेवा सप्ताह के तहत कोईलवर थाना में किया गया पौधारोपण



आरा। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में सेवा सप्ताह के अवसर पर कोईलवर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोईलवर के कई प्रमुख संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों जिसमें कोइलवर सीएचसी, कोईलवर थाना परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद के जिला सह-संयोजक रितिक ओझा ने की। उन्होंने कहा कि पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण के लिए पौधारोपण अत्यंत आवश्यक है। आज जिस तरह से पर्यावरण असंतुलन की समस्या बढ़ रही है, उसमें पौधारोपण ही एक कारगर समाधान है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पर्यावरण संरक्षण को अपने जीवन का संकल्प बनाएं। पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान सीएचसी कोईलवर के प्रभारी डॉक्टर उमेश कुमार, कोईलवर थाना के अपर थानाध्यक्ष सुभाष कुमार मंडल, जितेंद्र तिवारी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने स्वयं पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

## महाराष्ट्र के निर्माण में बिहारियों का बड़ा योगदान, ठाकरे भाई बिहारियों के योगदान को नजरअंदाज नहीं करें : अजय सिंह



आरा (भोजपुर)। बिहार के प्रतिष्ठित उद्योगपति और समाजसेवी, भारत प्लस ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएमडी अजय सिंह ने कहा है कि उन्हें लगातार महाराष्ट्र में काम कर रहे बिहार वासियों के फोन आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में रह रहे बिहार के लोगों में काफी दहशत है और वो अब बिहार में काम की तलाश में हैं। अजय सिंह ने कहा कि उन्हें बड़ी संख्या में बिहार के लोगों ने फोनकर बिहार में नौकरी या रोजगार के लिए मदद की गुहार लगाई है। अजय सिंह ने कहा कि महाराष्ट्र के निर्माण में बिहारवासियों या सभी हिंदी भाषी लोगों का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने बहुत ईमानदारी और दिनरात मेहनत करके महाराष्ट्र को संवारा है। अजय सिंह ने कहा कि अगर बिहार के लोग महाराष्ट्र की फैक्ट्रियों में काम बंद कर दें, तो पूरे महाराष्ट्र में काम ठप हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ठाकरे भाईयों को चाहिए कि वो बिहार के लोगों के योगदान को नजरअंदाज नहीं करें। साथ ही उन्होंने सरकार से अपील की कि महाराष्ट्र में बिहारवासियों और सभी हिंदी भाषी लोगों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें।अजय सिंह ने यह भी कहा कि वो महाराष्ट्र में बिहारियों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ एफआईआर करेंगे। उ्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे को देश से माफी मांगनी चाहिए। देश को भाषाओं में बांटने की उनकी कोशिश बहुत खतरनाक और शर्मनाक है।आपको बता दें उद्योगपति और समाजसेवी, भारत प्लस ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के सीएमडी अजय सिंह का कारोबार बिहार, झारखंड से लेकर महाराष्ट्र तक फैला है। उन्होंने लंबे समय तक मुंबई में रहकर संघर्ष किया और कारोबार के क्षेत्र में खुद को स्थापित किया।

## इंडिया एलाइंस के आह्वान पर सभी का आपार समर्थन मिला है : विनय कुशवाहा

गया जी।राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने कहा कि इंडिया एलाइंस के आह्वान एवं हम सभा के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव के निर्देश पर गया पूरी तरह से बंद रहा है। विनय कुशवाहा ने कहा की जिस तरह से नरेंद्र मोदी की सरकार इलेक्शन कमीशन को अपने इशारे पर नचा कर गरीबों को तरह-तरह के डाक्यूमेंट्स मांग कर परेशान करके वोटर लिस्ट से नाम हटाने का काम कर रही है ।इससे आने वाले दिनों में गरीबों का राशन जमीन पेंशन सब कुछ बंद कर देंगे ।

# बिहार राज्य युवा आयोग से बदलेगा तकदीर :राजेश्वर पासवान

प्रातः किरण संवाददाता



लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) के भोजपुर जिला अध्यक्ष श्री राजेश्वर पासवान ने आरा सर्किट हाउस में प्रेस को सम्बोधित करते हुए कहा कि बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट विजन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है युवा आयोग । लोकजनशक्ति पार्टी(रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री माननीय श्री चिराग पासवान जी ने सदन से अपने लेकर सड़क तक युवा आयोग के गठन तक आंदोलन और आवाज उठाते रहे। बिहार राज्य युवा आयोग हमारे नेता के संघर्ष के प्रतिफल है ये हमारे पार्टी की जीत है और हमारे नेता ने बिहार सरकार को सुझाव दिया था कि किसी भी सरकार राज्य या देश का स्तंभ है युवा और युवा की हित की बात बिना सोचे हम राज्य को विकसित नहीं कर सकते है।बिहार के युवा फर्स्ट होंगे तब ही हमारी सरकार फर्स्ट होगी, हमारा बिहार राज्य फर्स्ट होगा। श्री चिराग पासवान युवा बिहारी है और वे हमेशा युवाओं की बात करते है तथा उनके कल्याण की बात करते रहते है।इस लिए बिहार के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार जीने अपने कैबिनेट से राज्य युवा आयोग की मंजूरी दे दी है इसलिये माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार सहित राजग के सभी घटक दलों के प्रति आभार प्रकट करता हूं साथ ही माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी के नीतिओ के जीत पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देता हूँ।राज्य युवा आयोग के गठन हो जाने से युवा को हर क्षेत्र में विकास के मार्ग प्रस्त्र होगा।इससे युवाओं में रोजगार शिक्षा और कला के क्षेत्र में समुचित विकास होगा।ये आयोग युवाओं के हित में काफी मददगार साबित होगा, ये सरकार का युवाओं के प्रति एक क्रांतिकारी कदम है ,ये युवाओं के सशक्तिकरण एवं आत्म निर्भरता के दिशा में एक सराहनीय एवं क्रांतिकारी कदम है।युवा आयोग से युवाओं का बदलेगा तकदीर। एनडीए गठबंधन जो कहती है वो करती है वो चाहे गरीबों का पक्के मकान,वृद्धा पेंशन की बढ़ोतरी आदि।प्रेस वार्ता में शामिल लोगों में सुरेंद्र आजाद प्रदेश सचिव ,विजय सिंह प्रदेश प्रदेश कार्य समिति के सदस्य , यादव रामसकल भोजपुरिया प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य ,दीपू गुप्ता प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ,अमित सोलंकी प्रदेश महासचिव छात्र प्रकोष्ठ,हरिओम गुप्ता प्रदेश सचिव संसदीय बोर्ड,पिंटू तिवारी जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ,मनोज पासवान जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, राजेश साहू जिला अध्यक्ष संसदीय बोर्ड, विकाश सिंह जिला अध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ,प्रमोद पासवान जिला अध्यक्ष श्रम प्रकोष्ठ, रमेश रेशमिया जिला अध्यक्ष खेल एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ,डॉक्टर प्रवीण कुमार जिला अध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ, विनोद कुमार जिला जिला उपाध्यक्ष, संजय पासवान जिला उपाध्यक्ष,कुंवर उपेंद्र सिंह पूर्व संगठन मंत्री, संजय प्रसाद,प्रकाश कुमार,संजू पासवान,राजेश कुशवाहा,राहुल पांडे,रणजीत टाइगर,ओमप्रकाश चंद्रवंशी,पिंटू रजक, के डी पासवान ,अविनाश सिसोदिया, सहित कई पार्टी के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

## जैन मुनि क्रांतिकारी विचारक श्री 108 विशल्य सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास के लिए आरा में हो रहा है आगमन



आरा। धर्मनगरी आरा में जैन मुनि क्रांतिकारी विचारक, सराक केसरी परम् पूज्य श्री विशल्य सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास के लिए वृहस्पतिवार को आरा में हो रहा है आगमन। जैन समाज के मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि परम् पूज्य समाधि सम्राट गणाचार्य विरागसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य क्रांतिकारी विचारक मुनि श्री 108 विशल्य सागर महाराज ससंघ का चातुर्मास, पट्टाचार्य आचार्य श्री 108 विशुद्ध सागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से धर्मनगरी आरा में होगा। चातुर्मास संयोजक डॉ शशांक जैन ने बताया कि मुनिसंघ का मंगल प्रवेश बृहस्पतिवार को प्रातः 5:30 बजे धनुपुरा स्थित जैन बाला विश्राम से गाजे-बाजे के साथ आरा नगर में होगा। जिसकी भव्य तैयारी सकल दिगंबर जैन समाज आरा के द्वारा किया जा चुका है। चातुर्मास के लिए आरा में पधार रहे मुनिसंघ में क्रांतिकारी विचारक मुनि श्री 108 विशल्य सागर महाराज, छुल्लक श्री 105 विश्वमार्दव सागर जी महाराज, क्षुल्लिका श्री 105 विशाम्यश्री, क्षुल्लिका श्री 105 धवलश्री, ब्रह्मचारिणी अलका दीदी, ब्रह्मचारिणी भारती दीदी, ब्रह्मचारी अनिष भैया जी का मंगल सानिध्य आरावासियों को प्राप्त होगा।

# भाजपा ने बिहार बंद को पूरी तरह से नकारते हुए विफल बताया

प्रातः किरण संवाददाता

आराः इंडी गठबंधन द्वारा बुधवार को बिहार बंद की घोषणा को भारतीय जनता पार्टी भोजपुर के नेताओं ने पूरी तरह से नकारा।

भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह,आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह,तरारी विधायक विशाल प्रशांत,विधानपार्षद जीवन कुमार सहित सभी भाजपा नेताओं और कार्यकताओं ने विपक्ष द्वारा बुलाए गए बिहार बंद को विफल बताते हुए कहा कि बिहार की जनता राजद,कॉंग्रेस, माले आदि पार्टियो की नियत और नीति को भलीभांति जान गए है। बिहार बंद का कही भी कोई असर नही था। बिहार बंद के दौरान राजद सहित विपक्षी पार्टियों के गुंडो द्वारा गरीब दुकानदारो और राहगीरों को परेशान किया गया और उन्हे लुटा गया। सड़को पर अराजकता फैलाना चाहा,लेकिन प्रशासन की मुस्तैदी के कारण अपने मंसुबे मे सफल नही पाए।भाजपा नेताओं ने कहा कि विपक्ष द्वारा बंदी मे जनता का समर्थन नही प्राप्त हुआ और इसी प्रकार इन्हे 2025 विधानसभा चुनाव मे मुँह की खानी पड़ेगी।

भाजपा नेताओं ने कहा निर्वाचन आयोग एक स्वायत्त संस्था है और उसका कोई भी निर्णय देश के मतदाताओं के पक्ष में होता है। सभी को निर्वाचन आयोग पर विश्वास करना चाहिए।

# दिलचस्प है आरा के बादल तिवारी का इंजीनियर से उद्योगपति बनने का सफर कोरोना में रखी कंपनी की नींव, आज करोड़ों का है टर्नओवर

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। मेहनत इतनी खामोशी से करो कि सफलता शोर मचा दे...ह्व इस कथन को साकार किया है भोजपुर जिले के बादल तिवारी ने, जिन्होंने इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़कर न केवल खुद के लिए एक नया रास्ता चुना, बल्कि दर्जनों लोगों को रोजगार भी मुहैया कराया. बिहार के औद्योगिक नक्शे पर एक नई पहचान बनाने वाले बादल आज प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुके हैं.

**इंजीनियरिंग की नौकरी छोड़ स्टार्टअप शुरू किया**

भोजपुर जिले के मूल निवासी बादल तिवारी ने 2013 में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, हरियाणा से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया.इसके बाद उन्होंने एनटीपीसी, नवीनगर में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में कार्य किया. अच्छी-खासी नौकरी होने के बावजूद उनके मन में अपने गांव और समाज के लिए कुछ करने की भावना ने उन्हें वापस बिहार लौटने को प्रेरित किया.

**कोरोना काल में शुरू की कंपनी, आज करोड़ो का टर्नओवर**

वर्ष 2020 में वैश्विक महामारी कोरोना के दौरान जब अधिकांश उद्योग बंद हो रहे थे, तब बादल ने गीधा (भोजपुर) स्थित इंडस्ट्रियल एरिया में 20 हजार स्क्वायर फीट में बियाडा से जमीन लेकर ह्वसरस्वती रिलायबल इंजीनियरिंगह्व की नींव रखी.यह बिहार का पहला रिजनरेटिंग स्टीम ब्वॉयलर कारखाना बना. शुरूआती दिनों में उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन आज उनकी मेहनत रंग लाई है.

**दर्जनों को मिला रोजगार, बिहार से पलायन रोकने का प्रयास**

बादल तिवारी की कंपनी में फिलहाल करीब 2 दर्जन कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिन्हें 10,000 से 25,000 रुपये तक वेतन मिलता है. उनका मानना है कि यदि युवाओं को उनके जिले में रोजगार मिले, तो वे बाहर क्यों जाएंगे? वे सरकार से अपील करते हैं कि बिहार में छोटे उद्योगों को बढ़ावा दिया जाए ताकि प्रदेश से बाहर होने वाला पलायन रोका जा सके.

**क्या है रिजनरेटिंग स्टीम ब्वॉयलर और कैसे करता है काम?**

रिजनरेटिंग स्टीम ब्वॉयलर एक भाप से चलने वाली मशीन है, जिसका निर्माण बादल अपने कारखाने में करते हैं.इसका उपयोग मुख्य रूप से डेयरी और मिठाई दुकानों में होता है. इसकी खासियत है कि यह पारंपरिक चूल्हों की तुलना में ईंधन की खपत बहुत कम करता है.जहां पहले एक डेयरी को 5,000 रुपये खर्च करने पड़ते थे, वहीं इस तकनीक से वही काम केवल 1,000 रुपये में हो जाता है, जिससे दुकानदार को 4,000 रुपये की बचत होती है.उन्होंने बताया कि उनके पास 65,000 रुपये में ऑटोमैटिक कड़ाही और ब्वॉयलर उपलब्ध है वही 50,000 रुपये में मैनुअल कड़ाही और ब्वॉयलर का सेट उपलब्ध है. इन प्रोडक्ट्स की मांग केवल बिहार में ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम और कर्नाटक तक है. लोग इन्हें इंडिया मार्ट के माध्यम से ऑनलाइन और इनसे संपर्क करके ऑफलाइन भी खरीदते हैं.

**लागत घटेगी अगर बिहार में ही उपलब्ध हो संसाधन**

ब्वॉयलर निर्माण में उपयोग होने वाली कई आवश्यक सामग्रियों की आपूर्ति बिहार में नहीं है, जिससे लागत बढ़ जाती है. बादल बताते हैं कि स्टेनलेस स्टील मुंबई से, माइल्ड स्टील कोलकाता से और गियर बॉक्स व मोटर राजकोट से मंगवानी पड़ती है. यदि ये सभी चीजें बिहार में उपलब्ध हो जाएं, तो समय और लागत दोनों की बचत होगी.

**स्टीम ब्वॉयलर के फायदे**

स्टीम ब्वॉयलर के कई फायदे हैं इसमें ईंधन कम लगता है,समय कम लगता है,काम में तेजी,ऑटोमेटिक है इसलिए लेबर कॉस्ट कम होगा.इससे मिठाई का क्वालिटी बेहतर होता है साथ ही इससे बनने पर खोया जलता नहीं है.चूल्हा जलने से गर्मी होती है इससे गर्मी नहीं होगी.बगल में बैठकर काम करने वाले हलवाई को इससे गर्मी महसूस नहीं होगी.

# इंडिया गठबंधन के भारत बंद का दिखा मिला-जुला असर, गया में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया नेतृत्व

प्रातः किरण संवाददाता




गया जी। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का पुनः निरीक्षण के नाम पर भारी पैमाने पर मतदाता सूची से नाम हटाने का षड्यंत्र का पदार्फाश होने से आज 09/07/2025 को सुबह से ही इंडिया गठबंधन के द्वारा भारत बंद जनांदोलन सड़कों पर उतर आया है। जागरूकता अभियान ने जनता को स्वयं सड़कों पर उतरने के लिए मजबूर कर दिया है।जिसका परिणाम यह हुआ कि स्वयं जनता इस जनांदोलन में कूद पड़ी है । चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची से नाम हटाना लोकतंत्र की हत्या है। इस जन आंदोलन का नेतृत्व गया जिला कांग्रेस कमिटी के जिला अध्यक्ष संतोष कुमार जी ने किया जिसमें कांग्रेस के दोनों कार्यकारी अध्यक्ष शाहाब उद्दीन रहमानी एवं उदय मांझी के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता और कांग्रेस के पदाधिकारी शामिल हुए हैं । जिसमें सर्व डिप्टी मेयर चिंता मांझी, जिला पार्षद अध्यक्षा नैना देवी, चंद्रिका प्रसाद यादव, गगन कुमार मिश्र,, डॉ देविका सरयार,

राम उदय प्रसाद, सुमंत कुमार, युगल किशोर सिंह, विद्या शर्मा, मदीना खातुन,विशाल कुमार, रंजीत कश्यप, अजय यादव, कमलेश चंद्रवंशी, अमित चंद्रवंशी, लालसा देवी, प्रतिभा रानी, डॉ देविका सरयार, धर्मेंद्र शर्मा, शक्ति ओंकार, प्रो शैलेश चौधरी, सविंदर चौधरी, बिपिन बिहारी सिंन्हा, धर्मवीर सिंह,शाहिल गुप्ता, राजकपूर गुप्ता, शिवनाथ पासवान, दामोदर गोस्वामी, रंजीत सिंह, अधिवक्ता सादुल्ला फारुकी, अधिवक्ता अब्दुल रकिब, अधिवक्ता सितेंदर यादव, अधिवक्ता बिनोद बिंद्रोही, केदार प्रसाद बर्मा, राजीव कुमार उर्फ लबी सिंह, संजय कुमार उर्फ नंदु चन्द्रवंशी, राहुल रंजन, राजेश गुप्ता, अजहरुद्दीन,ताज उद्दीन के अलावा सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। यह आंदोलन ऐतिहासिक स्थल कांग्रेस के मुख्यालय से निकल कर विभिन्न मांगों राजेन्द्र आश्रम, अंबेडकर चौक कचहरी, समाहरणालय, गांधी मैदान, मिर्जा गालिब कालेज बड़की डेल्हा, छोटकी डेल्हा,काशीनाथ मोड़ , जिला परिषद होते हुए जीबी रोड, छत्ता मस्जिद, कोतवाली, केपी रोड, गांधी चौक से लेकर टावर चौक पर सभा में तब्दील हो गया है। और धरने पर बैठ गए।अंत में भारत बंद जनांदोलन के उपरांत रमना, पीर मंसूर,कोइरीबारी होते हुए पुनः राजेन्द्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय में आकर समाप्त हो गया ।


## जहानाबाद सांसद ने गयाजी में किया बंद का नेतृत्व , उतरे सड़क पर

गया जी।गया जी जिला इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के तत्वाधान में देश के 10 ट्रेड यूनियन जो मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों जो 44 श्रम कानून का निषेध कर कर लेबर कोड बनाने का फैसला किया है जो श्रमिकों के अधिकारों पर कुठाराघात है इस प्रदर्शन का समर्थन करते हुए हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा मतदाता पुनरीक्षण के माध्यम से मोदी सरकार के सारे पर सजेशन बिहार के प्रवासी मजदूर गरीबों और आम मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने के हिटलर शाही कार्रवाई के खिलाफ गया जी इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के द्वारा संपूर्ण गया जी शहर एवं एवं संपूर्ण 24 प्रखंडों में में गया जी इंडिया गठबंधन समन्वय समिति के द्वारा रोश पूर्ण प्रदर्शन किया गया इस प्रदर्शन में गया जी के तमाम व्यवसायीयो एवं आम नागरिकों का भरपूर समर्थन मिला जिससे बंदी पूर्ण

## इंडिया गठबंधन का बिहार बंद कुर्था में शांतिपूर्ण संपन्न

कुर्था ( अरवल ) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में इंडिया गठबंधन का बिहार बंद का व्यापक असर देखा गया दिनभर बड़े से लेकर छोटे वाहनों का परिचालन पूरी तरह से बंद रहा। इस मौके पर महा गठबंधन के नेताओं के नेतृत्व में 10 ट्रेड यूनियनों के 4 कोड बिल एवं मतदाता पुनरीक्षण 2025 बिना समय दिए सरकार गरीबों का नाम काटना चाहतीं हैं केन्द्रीय सरकार एवं चुनाव आयोग के गलत निर्णय के खिलाफ कुर्था बंद कराया गया। सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। यदि सरकार को मतदाता सूची पुनरीक्षण कराना था या सत्यापन करना था तो इसके लिए समय-समय देना चाहिए था। मात्र 25 दिन के समय में मजदूरी करने वाले इंसान या किसान या कोई भी लोग जो 11 दस्तावेज का जो निर्धारण किया है सभी के पास नहीं है अगर उसमें से कुछ दस्तावेज है भी तो किसी में नाम गलत है तो कुछ में सरकारी भूल का शिकार हैं जिसे सुधार करने में समय लगेगा।वर्तमान सरकार सत्ता में बने रहने का तकनीकी अपना कर खास लोगों का नाम हटाना चाहती है आप सोचिए न इतना कम समय में कोई कैसे दस्तावेज जमा कर सकता है।

## बंदी को जनता ने नकारा: पुरुषोत्तम



औरंगाबाद। विपक्ष द्वारा बुलाई गई बंदी पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा के पूर्वजिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि आज की बंदी पूर्णतः असफल रही। आम जनता ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। लोगों को वर्तमान की सरकार पर भरोसा है। बंदी में कुछ जगहों पर सिर्फ महागठबंधन के नेता ही दिखे जो सिर्फ फोटो सेशन करवाए और जनता के मूड को भांप निकल लिए। कुछ स्थानों पर स्कूल बस, ट्रेन, एम्बुलेंस को जबरदस्ती रोका गया। जो विकास की ओर उन्मुख जनता को पसंद नही। महागठबंधन फिर वही जंगलराज की ओर बिहार को धकेलने की कोशिश में है।पर जनता अब जग चुकी हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विजन 2047 के साथ कदमताल कर रही है।

## बंद समर्थकों ने कुर्था के राजद विधायक का किया पुरजोर विरोध

➤ माले नेता ने कहा विधायक शरीर से नहीं दिमाग से भी हैं विकलांग

कुर्था, इंडिया गठबंधन द्वारा बिहार बंद को लेकर सड़क पर उतरे बंद समर्थकों ने कुर्था बाजार के सड़कों पर केंद्र सरकार के विरोध में गगन भेदी नारे लगाते हुए कुर्था बंद करते दिखे इस दौरान भाकपा माले नेता अवधेश यादव ने बिहार बंद के समर्थन में सड़क पर उठने बंद समर्थकों में कुर्था विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रीय जनता दल के विधायक बागी कुमार वर्मा की उपस्थिति ना रहने पर उन्होंने जमकर विरोध जताया उन्होंने कहा कि कुर्था विधानसभा के विधायक बागी कुमार वर्मा शारीरिक शारीरिक रूप से विकलांग नहीं बल्कि मानसिक रूप से भी विकलांग है जिसका असर है कि आज इंडिया गठबंधन के आह्वान पर बिहार बंद में कुर्था बंद करने के दौरान स्थानीय विधायक कहीं भी नजर नहीं आए उन्होंने कहा कि ऐसे ऐसे विधायकों को उन्हें वापस भेज देना चाहिए क्योंकि जब पार्टी के बैनर तले कोई कार्यक्रम आयोजित होती है ऐसे में उनकी उपस्थिति ना रहना कहीं ना कहीं स्थानीय विधायक पर सवालिया निशान खड़ा करती है।

## आयकर कर्मचारी महासंघ ने किया हड़ताल का समर्थन

गया जी।आयकर कर्मचारी महासंघ आईटीएफ के गया इकाई ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का समर्थन करते हुए आज कार्यालय में कार्य ना करने का फैसला किया है । इस मौके पर आयकर कार्यालय गया के सभी कर्मचारी उपस्थित होकर आईटीएफ जिंदाबाद, आवाज दो - हम एक है जैसे नारे लगाए ।

## बिहार बंद पूरी तरह विफल रहा: अवध बिहारी पटेल

गया जी।जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा की चुनाव आयोग द्वारा कराया जा रहा गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को गलत बताकर विपक्ष का बिहार बंद को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है।पटेल ने कहा की बिहार की जनता इनके बहकावे में नहीं आयेगी।यहां की जनता सब जानती है और इनके असली चेहरा को अच्छे से पहचानती है।

# धूमधाम से सजाया गया देवकुंड के बाबा दूधेश्वरनाथ महादेव मंदिर

प्रातः किरण संवाददाता



देवकुंड स्थित बाबा दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर को धूमधाम से सजाया गया। ज्ञात हो कि सन 2000 में बिहार - झारखंड विभाजन के उपरांत सन 2001 से लगातार 25 वां वर्ष करपी नवयुवक कॉवरिया संघ के स्वयंसेवक देवकुंड महादेव मंदिर को सजाते है। आज से 25 साल पूर्व करपी कॉवरिया संघ का गठन कर यह संकल्प लिया गया था कि झारखंड विभाजन के बाद बाबा दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर पर पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक करेंगे। इसी क्रम में पटना गायघाट से कॉवर मे पवित्र गंगाजल लेकर सावन के पवित्र महीने में परसा , पुनपुन, मसौढ़ी , जहानाबाद, निहालपुर, झुनाठी, किंजर , शांतिपुरम, इमामगंज करपी, शहर तेलपा के रास्ते च्यवन ऋषि के तपोभुमी पर प्राचीन बाबा दूधेश्वर नाथ महादेव जी पर जलाभिषेक करते हैं। करपी कॉवरिया संघ के स्वयंसेवक पूरे रास्ते में कांवर यात्रा करने वाले कॉवरिया लोगों का हर सुख -सुविधा का ख्याल रखते हैं। साथ ही साथ करपी उच्च विद्यालय के प्रांगण में सावन के पवित्र महिने मे हर रविवार को भव्य संस्कृति कार्यक्रम, कॉवरिया लोग के भोजन , नाश्ता, फलाहार ,नींबू पानी, गर्म जल, चिकित्सा, चाय सहित अनेको प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराते हैं। और पटना से देवकुंड कांवर यात्रा को प्रोत्साहित करते हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक आनंद कुमार चंद्रवंशी, रविंद्र यादव ,मार्गदर्शक वेंकटेश शर्मा, संघ के अध्यक्ष टिंकू कुमार ,कार्यकारी अध्यक्ष गुड्डू शर्मा , कोषाध्यक्ष शंकर गुप्ता ,धीरज कुमार खत्री,केशव प्रसाद, कारु बम ,पूरी बम, दिनेश बिंद, अशोक यादव ,संजय साव, प्रमोद मिस्त्री, राकेश कुमार सहित सैकड़ो स्वयंसेवक शामिल थे।

# युवा आयोग गठन करने का निर्णय ऐतिहासिक और स्वागत योग्य कदम :सत्येन्द्र रंजन

प्रातः किरण संवाददाता




अरवल। बिहार सरकार के द्वारा युवा आयोग गठन करने के निर्णय को लेकर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला कार्यालय में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन के अध्यक्षता में प्रेसवार्ता आयोजित की गई । प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा युवा आयोग गठन करने का निर्णय ऐतिहासिक और स्वागत योग्य कदम है , इसकी जितनी भी प्रशंसा किया जाय वह कम होगा । उन्होंने ने कहा कि युवा आयोग गठन करने की मांग लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान सड़क से लेकर सदन तक बराबर आवाज उठाते रहे है , वो मांगे पूर्ण हुआ है ।

युवा आयोग गठन करने के लिए बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान को हृदय से बहुत - बहुत आभार प्रेषित करता हूं । बिहार जैसे बहुल राज्य में युवाओं की समस्याओं को सुनने और समाधान के लिए एक स्वतंत्र मंच नही था । रोजगार , शिक्षा , खेल , तकनीकी विकास और अन्य क्षेत्रों में युवाओं को मार्गदर्शन देने वाली कोई संस्था नहीं थी । युवा आयोग के गठन से अब युवाओं की समस्याओं और समाधान पर सरकार का ध्यान केंद्रित एवं उनकी भागीदारी सुनिश्चित होगी । प्रेसवार्ता में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसीम अहमद , पंचायतीराज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार , अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र चंद्रवंशी , जिला प्रचार - प्रसार प्रमुख रमेश रजक , जिला उपाध्यक्ष नरेश पासवान , जिला महासचिव रमेश कुशवाहा , छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश आजाद , सत्यनारायण कुशवाहा मुख्य रूप से शामिल हुए ।

# मां वैष्णवी महोत्सव पौथु का होगा आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड स्थित ग्राम पौथु में ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी ने किया।जबकि,संचालन की जिम्मेवारी सुरेश विद्यार्थी द्वारा निभाई गई।मुख्य अतिथि के रूप में सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष,जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह की गरिमामई उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने आपसी विचार समन्वय किया एवं मां वैष्णवी महोत्सव पौथु धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया ।महोत्सव के सफल क्रियान्वयन के लिए एक कमिटी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष संजीव कुमार द्विवेदी,उपाध्यक्ष शैलेश सिंह एवं दिलीप तिवारी,सचिव श्याम बिहारी तिवारी,उप सचिव अश्विनी कुमार पांडेय,कोषाध्यक्ष रवि रंजन त्रिवेदी को मनोनीत किया गया। जबकि मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी सुरेश विद्यार्थी को दी गई।अगली बैठक में महोत्सव की तिथि का निर्धारण किया जाएगा। बतौर मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह ने संबोधन के क्रम में कहा कि बड़ेम और पौथु का संबंध विश्व स्तरीय संत त्रिदंडी स्वामी जी से रहा है।दोनों ही जगह पर त्रिदंडी स्वामी जी महाराज जी का सान्निध्य प्राप्त हुआ है ।यही नहीं विद्या भास्कर वासुदेवाचार्य जी महाराज का आशीर्वाद हमेशा पौथु के लोगों को हमेशा प्राप्त हुआ है।पौथु का यह मंदिर कौशलेश सदन धर्मदायक ट्रस्ट अयोध्या से संचालित की जाती है। इसके अध्यक्ष विद्या भास्कर जी महाराज है।विदित हो कि औरंगाबाद जिले में महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के सद्प्रयास से सूर्य राघव महोत्सव बड़ेम,छठ घाट महोत्सव,सोननद महोत्सव,धुंधुआ महोत्सव, सत्यचंडी धाम महोत्सव ,दोमुहान महोत्सव, पुनपुन महोत्सव टंडवा को राजकीय दर्जा प्राप्त दिलाने अहम भूमिका निभाई। कल्पवृक्ष धाम महोत्सव एवं अष्टभुजी धाम महोत्सव को भी सरकारीकरण कराने के लिए कृत संकल्पित है।

आज के महत्वपूर्ण बैठक में गुप्तेश्वर तिवारी,दिलीप कुमार त्रिवेदी,सुनील कुमार दुबे,श्याम बिहारी तिवारी, बिरला झा, देवमणि तिवारी आदित्य शेखर तिवारी, विंदेश्वर तिवारी,दिलीप प्रजापति,विजय तिवारी,राम सिंहासन त्रिवेदी, संजय भगत,राहुल कुमार सिंह, रामाधार तिवारी,आनंद भूषण तिवारी,कृष्णा तिवारी सतीश तिवारी ,टिंकू विश्वकर्मा,सिद्धेश्वर पासवान, लक्ष्मण साहू,कमल तिवारी, राम ध्यान पासवान, उमेश त्रिवेदी,अश्विनी कुमार सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

# मतदाता पुनरीक्षण को बताया लोकतंत्र की मजबूती का आधार: डॉ मनीष

प्रातः किरण संवाददाता

गया। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बिहार में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है, जिससे सही और वास्तविक मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित हो रही है।डॉ. मिश्रा ने कहा कि बिहार में मतदाता पनिशमेंट सफाई अत्यंत आवश्यक है क्योंकि कई ऐसे व्यक्ति हैं जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर मतदाता सूची में दर्ज हैं, जबकि वे उस क्षेत्र में रहते भी नहीं हैं। इस प्रकार की त्रुटियां चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल खड़े कर सकती हैं।

उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में मतदाता पुनरीक्षण एक कारगर माध्यम बनकर सामने आया है, जो लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करने का कार्य कर रहा है।उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह कार्य किसी भी राजनीतिक दल के विरुद्ध नहीं है, बल्कि यह एक प्रक्रिया है जो सभी नागरिकों के मताधिकार की शुद्धता और न्यायपूर्ण प्रयोग को सुनिश्चित करती है। विपक्ष द्वारा चुनाव आयोग के खिलाफ भ्रम फैलाना और इस अभियान को बदनाम करने का जो प्रयास किया जा रहा है, वह निंदनीय है। यह सिर्फ जनता को बहकाने का प्रयास है और इससे लोकतंत्र की छवि को नुकसान पहुंचता है।डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने जनता से अपील करते हुए कहा कि सभी नागरिकों को मतदाता सूची के पुनरीक्षण में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए।

इससे यह सुनिश्चित होगा कि हर मतदाता का नाम सही स्थान पर हो और कोई भी फर्जी नाम सूची में ना रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव तभी निष्पक्ष और लोकतांत्रिक होंगे जब मतदाता ही सही होंगे। मतदाता पुनरीक्षण से चुनाव पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता, बल्कि यह प्रक्रिया चुनाव को अधिक पारदर्शी बनाती है।डॉ. मिश्रा ने बिहार राज्य निर्वाचन आयोग की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि आयोग द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन का जो कार्य किया जा रहा है, वह बेहद मेहनत और ईमानदारी से किया जा रहा है। यह कार्य निष्पक्ष चुनावों की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि हर नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह अपने दस्तावेजों की जांच कराए और यदि कोई गलती है तो उसे सही करवाने में सहयोग करें। डॉ. मिश्रा ने दोहराया कि भारतीय जनता पार्टी मतदाता सूची की पवित्रता में विश्वास रखती है और हर नागरिक से अपेक्षा करती है कि वह इस अभियान में सहभागी बने, ताकि लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत हों।

## संवास सदन के परिसंपत्तियों एवं संवास सदन अधीनस्थ विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया गया

प्रातः किरण संवाददाता

गया। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर द्वारा कल देर संध्या संवास सदन के परिसंपत्तियों एवं संवास सदन अधीनस्थ विभिन्न भवनों का निरीक्षण किया गया है।अशोक अतिथि निवास के निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में शौचालय की स्थिति को देखते हुए 50% शौचालय को कमोड वाला लगवाएं, ज्यादातर तीर्थ यात्री वृद्धा अवस्था के होते हैं उन्हें सहूलियत मिलेगी। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां भी सीपेज की समस्या है, जहां कहीं दरवाजा खराब है, उसका स्टीमेट बनाते हुए तेजी से ठीक करवाये। अशोक अतिथि निवास में पेयजल की समस्या को देखते हुए एक नया बोरिंग करवाने का निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही निर्देश दिए हैं कि तुलसी बागान के समीप पूर्व से लगे बोरिंग को मरमत करवाये। संवास सदन के आय व्यय के समीक्षा के दौरान संवास सदन का कुछ राशि गया डाक मुख्य शाखा में जमा है, जिसकी निकासी गया डाक शाखा द्वारा देने में आनाकानी एवं टालमटोल कर रहे हैं। पत्राचार के पश्चात भी पैसा निकासी नहीं हो पाई है। डीएम ने पोस्ट मास्टर जनरल पटना को राशि निकासी करवाने एवं संबंधित दोषी पोस्ट ऑफिस के पदाधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने का अनुशंसा किया है।

## अधिवक्ता इंद्रदेव महतो के निधन पर शोक

औरंगाबाद। जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के वरीय अधिवक्ता इंद्रदेव मेहता बेरिया विश्रामपुर के निधन होने पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में शोक की लहर दौड़ गई। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद में एक शोक सभा आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय और संचालन महासचिव जगनरायण सिंह ने किया। सभी उपस्थित अधिवक्ताओं ने मौन रखकर उनकी आत्मा के शांति की प्रार्थना किया। मधु भाषी व्यवहार कुशल लगातार 44 साल वकालत में अपनी सेवा दी थी। शोक सभा के बाद अध्यक्ष ने कहा कि आज सभी अधिवक्तागण अपने आप को न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। वरीय अधिवक्ता इंद्रदेव मेहता के निधन पर व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के प्रधान जिला जज के इजलास में भी एक शोकसभा आयोजित प्रधान जिला जज राजकुमार वन ने किया, जिसमें अधिकांश न्यायिक पदाधिकारी और दोनों अधिवक्ता संघों के सदस्य उपस्थित थे अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने से मुवक्किलों के न्यायिक कार्य प्रभावित हुए हैं।

## मशाल खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन कबड्डी का आयोजन

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड में शहीद भगत सिंह खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता के निमित अंतिम दिन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन बारुण थाना के थानाध्यक्ष रंजीत कुमार द्वारा किया गया।उनके साथ प्रखंड संसाधन केंद्र के लेखपाल कुश कुमार, कंप्यूटर ऑपरेटर प्रतीक कुमार एवं शारीरिक नोडल प्रशिक्षक शशि भूषण लाल एवं बिंदु कुमारी सहित शारीरिक शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। प्रखंड के अधीन संकुल स्तर विभिन्न खेलों में चयनित प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि ने संबोधन के क्रम में कहा कि खेल मानव जीवन के लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। इसे अपनाकर ही हम अध्ययन के प्रति जागृति ला सकते हैं ।खेल से हम स्वस्थ जीवन यापन करने के साथ-साथ अध्ययन अध्यापन को गति प्रदान करते हैं।

## एबीवीपी ने गया के सभी कॉलेजों और 14 नगरों में मनाया राष्ट्रीय छात्र दिवस

गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा पूरे देश में मनाए जा रहे राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर गया महानगर में भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। गया जिले के सभी महाविद्यालयों और 14 नगरों में विविध आयोजन हुए। इस क्रम में गया कॉलेज, गया में नूतन-पुरातन कार्यकर्ता मिलन समारोह एवं दीपोत्सव का आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री व एबीवीपी के पूर्व कार्यकर्ता डॉ. प्रेम कुमार ने कहा, विद्यार्थी परिषद सिर्फ एक संगठन नहीं, यह एक विचार है जो राष्ट्र निर्माण की दिशा में विद्यार्थियों को दिशा देता है। मेरा जुड़ाव एबीवीपी से आज भी मेरे जीवन के मूल में है।

# संकल्प हमारा टूटे नहीं, एक भी मतदाता छूटे नहीं, सही नाम कटे नहीं, फर्जी नाम जुटे नहीं, सीएम ने दी आवाज, चलो सत्यापन कराए: राजू वर्णवाल

■ सीएम ने दी आवाज, चलो सत्यापन कराएं आज और 2025 से 30, फिर से नीतीश

प्रातः किरण संवाददाता



गया जी।प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर आज दूसरे दिन भी जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गयाजी राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बर्नवाल ने महानगर इकाई द्वारा मतदाता पुनरीक्षण अभियान की सफलता के लिए मतदाता जागरूकता साइकिल रैली गयाजी स्थित गांधी मैदान से गयाजी शहर के सैकड़ों स्थानीय प्रबुद्ध व बुद्धिजीवीयों एवं सैकड़ों कार्यकताओं के द्वारा पूरे शहर में निकाली गयी. साइकिल रैली के दौरान शहर में घर-घर मतदाताओं को सत्यापन कराने का संदेश पहुंचाया गया है।साइकिल पर सवार जदयू के नेता और कार्यकर्ता के हाथों में स्लोगन लिखी तख्ती दिखाते हुए सत्यापन हम कराएंगे, मतदान को स्वच्छ बनायेंगे का नारा भी लगा रहे थे,रैली में शामिल जदयू के तमाम नेता और कार्यकर्ता काफी जोश में दिख रहे थे और उसी अंदाज में लोगों से मतदाता पुनरीक्षण के तहत सत्यापन कराने की अपील कर रहे थे. जदयू नेताओं ने कहा कि इस आभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं का नाम जुड़वाना तथा स्वच्छ चुनाव करवाना है। राजू बरनवाल ने बताया कि महानगर जदयू ने साइकिल रैली के दौरान कार्यकताओं द्वारा ह्लसंकल्प हमारा टूटे नहीं, एक भी मतदाता छूटे नहीं, सही नाम कटे नहीं, फर्जी नाम जुटे नहीं, सीएम नीतीश ने दी आवाज, चलो सत्यापन कराएं आज और 2025 से 30, फिर से नीतीश जैसे गगनभेदी नारे लगाए गए, जिससे पूरा शहर जन-जागृति के स्वर में गूंज उठा है रैली में संगठन प्रभारी अरमान उर्फ गुड्डू ,लालजी प्रसाद , बैजनाथ बरनवाल , बलराम , मनोज बरनवाल,विनोद बरनवाल ,डॉ सुनील जी, दिवाकर उर्फ पुट्टू , नीरज , सुबोध , मिंता देवी, अनिल पटेल , गोपाल प्रसाद ,अमर चंद्रवंशी, छोटू , महेंद्र , अर्जुन राम , मानिकचंद गुप्ता , बमबम चंद्रवंशी सहित सैकड़ों स्थानीय प्रबुद्ध व बुद्धिजीवीयों की मौजूदगी दर्ज की गई है।

# अवैध वोटो से सत्ता पाना चाहती है इंडी गठबंधन : रामानुज

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामानुज पाण्डेय एवं पूर्व जिलाध्यक्ष तथा पूर्व लोकसभा प्रत्याशी कृष्ण बल्लभ प्रसाद सिंह बबुआजी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि अब जबकी बूथ कैपचरिंग का जमाना चला गया तो कांग्रेस पार्टी राजद और उनके घटक दल के लोग सत्ता में आने के लिए अवैध वोटो के सहारे 2025 का जंग जीतना चाहते हैं।दोनों अध्यक्षों ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि कांग्रेस ने देश के अंदर दशकों से तुष्टिकरण की जो राजनीति की है सत्ता के लिए पहले देश का बंटवारा किया सत्ता के लिए इस देश में बांग्लादेशीयो और रोहंगियो को आश्रय दिया

सत्ता के लिए देश के सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का काम किया हम सभी देख रहे हैं की आए दिनों पहले किस प्रकार से पहले असम में फिर पश्चिम बंगाल में और देश के विभिन्न प्रदेशों में रोहंगियों और बांग्लादेशों के द्वारा अपराध और हिंसा तो किए ही जाते रहे हैं यह अवैध रूप से देश के नागरिक बनकर के देश के लोगों के टैक्स के पैसे से सुविधाओं का भी उपभोग कर रहे हैं

और एक प्रकार से कहें तो यह देश के नागरिक बनकर देश के गरीबों का हक करने का काम कर रहे हैं और ये सारे दल जो कि देश के आम मतदाताओं का विश्वास खो चुके हैं ऐसे सारे दल अब इन घुसपैठियों के सहारे अपनी राजनीति को बचाने के लिए सड़कों पर उतरकर अपनी राजनीति और बांग्लादेशियों और रोहंगियो को बचाए रखने की लड़ाई लड़ रहे हैं।यह संविधान बचाने नहीं बल्कि अपना खो चुके राजनीतिक वजूद बचाने के लिए सड़कों पर आए हैं

# आईआईएम बोधगया ने हेल्थकेयर मैनेजमेंट शिक्षा को मजबूत करने के लिए मिलाया फोर्टिस हेल्थकेयर के साथ हाथ



➤ रणनीतिक एमओयू के हिस्से के रूप में इंटर्नशिप, प्लेसमेंट और संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।आईआईएम बोधगया ने हेल्थकेयर मैनेजमेंट शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए फोर्टिस हेल्थकेयर के साथ एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी के तहत, फोर्टिस हेल्थकेयर, आईआईएम बोधगया में एमबीए (एचएचएम) कार्यक्रम के तहत अस्पताल व्यवसाय प्रबंधन से संबंधित पाठ्यक्रमों को मजबूत बनाने में मदद करेगा। फोर्टिस हेल्थकेयर, एमबीए (एचएचएम) कार्यक्रम में आईआईएम बोधगया के छात्रों को भारत और विदेशों में स्थित अपने अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा केंद्रों में समर इंटर्नशिप और प्लेसमेंट भी प्रदान करेगा।आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता सहाय और फोर्टिस हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ. आशुतोष रघुवंशी ने फोर्टिस हेल्थकेयर के सीएचआरओ श्री रंजन पांडे की उपस्थिति में इस एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। आईआईएम बोधगया में एमबीए एचएचएम कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. स्वप्नराग स्वैन ने इस एमओयू के त्रि-आयामी दायरे पर विस्तार से प्रकाश डाला है।सहयोग के एक भाग के रूप में, आईआईएम बोधगया और फोर्टिस संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करेंगे और हेल्थकेयर मैनेजमेंट सम्मेलन, राउंड टेबल चर्चा, सेमिनार, कार्यशालाएं जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे, जिनका उद्देश्य अस्पताल और हेल्थकारे मैनेजमेंट क्षेत्र में प्रासंगिक मुद्दों पर ज्ञान-साझाकरण, नवाचार और चर्चा को बढ़ावा देना है।आईआईएम बोधगया ने 2023 में अस्पताल और हेल्थकेयर मैनेजमेंट एमबीए-एचएचएम में अपना दो वर्षीय पूर्णकालिक एमबीए की शुरूआत करी। यह कार्यक्रम संपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उद्योग की समग्र सराहना प्रदान करने और बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य बीमा, फार्मास्यूटिकल्स, चिकित्सा उपकरण, डिजिटल स्वास्थ्य और हैल्थकारे कंसल्टिंग सहित क्षेत्र के लिए उद्योग-तैयार प्रबंधन प्रतिभा को ढालने के लिए डिजाइन किया गया है।

आईआईएम बोधगया हैल्थकारे इंडस्ट्री में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए निरंतर आगे बढ़ रहा है और भारत में हैल्थकारे मैनेजमेंट शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए एक उत्कृष्ट केंद्र के रूप में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अपने-अपने क्षेत्र के दो प्रमुख संगठनों के बीच इस रणनीतिक सहयोग का उद्देश्य शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रभाव पैदा करने के नए रास्ते खोलना है।आईआईएम ब्रांड की भव्य विरासत को आगे बढ़ाते हुए, आईआईएम बोधगया एक ऐसी संस्कृति और पाठ्यक्रम को बढ़ावा देता है जिसका एकमात्र उद्देश्य सामाजिक रूप से ज़िम्मेदार प्रबंधक और भावनात्मक रूप से परिपक्व नेता तैयार करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### जॉब कैंप में निजी कंपनियों ने अभ्यर्थियों का शॉर्ट लिस्ट बनाकर किया चयन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। श्रम संसाधन विभाग, बिहार अंतर्गत जिला नियोजनालय, मुंगेर में बुधवार को एक दिवसीय नियोजन कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में निजी कंपनी एयरटेल पेमेंट बैंक के प्रतिनिधि मिथिलेश कुमार, जोन मनेजर कुमार सहायक मैनेजर एवं दो अन्य प्रतिनिधि के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित, वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 35 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 18 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत स्थल पर संक्षिप्त लिस्ट तैयार किया गया। जॉब कैंप में कुल 41 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर यंग प्रोफेशनल उज्जवल सिंह भंडारी, बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया की नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है साथ ही बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा निःशुल्क लाभ ले सकते है। जॉब कैंप में जिला कौशल प्रबंधक, मुंगेर, कन्हैया केशरी द्वारा बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन (बीएस डी एम) द्वारा संचालित कार्यक्रमों और बी एस डी द्वारा पटना में आयोजित रोजगार मेला के बारे में विस्तार से बताया गया।

### जिला शिक्षा विभाग ने 16 करोड़ से अधिक राशि खर्च का कोई हिसाब सरकार को नहीं दिया

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। स्कूली बच्चों पर 12 अरब रुपए से अधिक का खर्च कर दिए गए लेकिन उसका हिसाब विभाग को आज तक नहीं मिल पाया है। मुंगेर जिला शिक्षा पदाधिकारी के कार्यालय सूत्र के अनुसार यह मामला तब उजागर हुआ जब एसीडीसी एवं उपयोगिता को संघ के अवर सचिव सह प्रभारी पदाधिकारी सियाराम प्रसाद केसरी ने मुंगेर सहित बिहार के 38 जिला के डीईओ और डीपीओ से इस पर जवाब मांगा है। सूत्रों के अनुसार सूबे में छात्रवृत्ति एवं पोशाक की सबसे अधिक राशि का हिसाब वर्ष 2011- 2012 से 2018-19 सरकार को नदारत है। पोशाक में 73 करोड़ और छात्रवृत्ति में 98 करोड़ से अधिक का खर्चा उपयोगिता प्रमाण पत्र नहीं मिला है। इसके अलावा किशोरी स्वास्थ्य योजना साइकिल योजना के खर्च का हिसाब भी गायब है। बिहार में सामान्य छात्रवृत्ति मध्य में 98 करोड़ से अधिक की राशि कहां खर्च की गई है या 5 साल में भी नहीं ढूंढा जा सका है। इसमें मुंगेर और दरभंगा मुजफ्फरपुर में सबसे अधिक राशि का हिसाब बकाया है। मुंगेर में 16 करोड़ से अधिक दरभंगा में 12 करोड़ से अधिक मुजफ्फरपुर में 16 करोड़ से अधिक राशि का लेखा-जोखा शिक्षा विभाग बिहार को प्राप्त नहीं हो पाया है उपयोगिता को सॉन्ग में आशंका जताई है की लगभग 12 अरब से अधिक की राशि का 38 जिला के जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा गोलमाल किया गया है।

### विपक्ष की बौखलाहट चरम पर है : लोकमंच

प्रात : किरण संवाददाता

पटना : भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव रक्तविर कुणाल सिकंद ने कहा कि एनडी ठगबंधन के तरफ से बिहार बंद की घोषणा से साफ है विपक्ष की बौखलाहट चरम पर है। राजद के द्वारा फिर से बिहार बंद के नाम पर शक्ति प्रदर्शन करने की कोशिश किया जिसको उसके ही कार्यक्रम को राजद के बुद्धिजीवीओ द्वारा समर्थन नही दिया 1990 का दौर खत्म हो चुका है और अब समाज उसकी का समर्थन करता है जो जनता के लिए खड़ी मिलती है। बिहार चुनाव में एनडी ठगबंधन को जनता का समर्थन नहीं मिल रहा है। चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची की जाँच के संवैधानिक आदेश से विपक्ष की नींद उड़ गई है। विपक्ष को यह मालूम हो चुका है कि जनता मुझे हर बार की तरह इस बार भी नकारने वाली है और उसका कारण है संविधान विरोधी गतिविधियों के जरिए बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान किया जा रहा है, जिसे बिहार की जनता सहन नहीं करेगी। अफवाह और दुष्प्रचार से अब कुछ हासिल नहीं होगा और 2025 में एनडी ठगबंधन को जनता नकार देगी।

# भारत स्काउट और गाइड द्वारा नवनियुक्त जिला शिक्षा पदाधिकारी का हुआ भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। छपरा स्थित जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय में आज भारत स्काउट और गाइड सारण द्वारा नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी का गरिमामय स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट और गाइड के पदाधिकारीयो ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ,पौधा और संस्था का प्रतीक चिन्ह स्कार्फ भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में भारत स्काउट और गाइड सारण के उपाध्यक्ष डॉ. हरेंद्र प्रसाद सिंह, जीनत जरीना मसीह,जिला मुख्य आयुक्त हरेंद्र प्रसाद सिंह, जिला सचिव डॉ. शहजाद आलम,कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र भारद्वाज एवं जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अमन राज की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस मौके पर भारत स्काउट एवं गाइड के पदाधिकारियों ने पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया।संस्था के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण को स्काउटिंग गाइडिंग की गतिविधियों से अवगत कराया और भविष्य में विद्यालयों में इसे और सशक्त रूप से लागू करने की अपेक्षा जताई। जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण ने अपने संबोधन में भारत स्काउट और गाइड के अनुशासन,सेवा भावना और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# छपरा के सिंगही गाँव के डॉ. अमरेन्द्र कुमार आर्य बने दिल्ली विश्वविद्यालय के डीसीएसी में ठरर कार्यक्रम पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा, कार्यकर्ता। जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा के राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) के पूर्व स्वयंसेवक डॉ. अमरेन्द्र कुमार आर्य को दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित महाविद्यालय दिल्ली कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स (डइअउ) में राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) का कार्यक्रम पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे कॉलेज के पत्रकारिता विभाग में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। छात्र जीवन में ठरर से जुड़े रहते हुए डॉ. आर्य ने देशभर में आयोजित राष्ट्रीय एकता शिविरों में सक्रिय सहभागिता की और विश्वविद्यालय स्तर पर अनेक समाज कल्याण कार्यक्रमों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका उल्लेखनीय योगदान एड्स जागरूकता और पीड़ितों के कल्याण से जुड़ा रहा है। ठरर कार्यकाल के दौरान उन्होंने बिहार राज्य एड्स नियंत्रण संगठन (ईृ रअउर) के साथ मिलकर सारण जिले के विभिन्न गाँवों में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और पीड़ितों के सहयोग हेतु कार्य किया। डॉ. अमरेन्द्र आर्य मूलतः बिहार के सारण जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत डुमरी पंचायत के सिंगही गाँव के निवासी हैं। सामाजिक सरोकार, नेतृत्व क्षमता और सेवा-भावना के लिए चर्चित डॉ. आर्य को यह नई जिम्मेदारी मिलने पर कॉलेज परिवार सहित शिक्षा जगत में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर ठरर, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा इकाई के पूर्व समन्वयक प्रो. विद्या वाचस्पति त्रिपाठी, राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित मो. जहाँगीर समेत अनेक शिक्षाविदों, समाजसेवियों और पूर्व ठरर स्वयंसेवकों ने उन्हें बधाई दी और विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में ठरर नई ऊँचाइयों को छुएगा। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय सेवा योजना (ठरर) भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित एक राष्ट्रीय कार्यक्रम है,

# कुण्डघाट जलाशय योजना से जुमई जिले के सिकंदरा प्रखंड की 2035 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित



जमुई संवाददाता। जल संसाधन विभाग बिहार सरकार ने राज्य में इस वर्ष अब तक सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे कई जिलों में खेतों की समय पर पटवन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। मौसम की इस अनिश्चितता से निपटने और खेती को जल आपूर्ति के लिए और अधिक सक्षम बनाने के उद्देश्य से जल संसाधन विभाग द्वारा राज्य में कई बड़ी सिंचाई परियोजनाएं चलाई जा रही हैं। इन्हीं में से एक है – कुण्डघाट जलाशय योजना, जो जमुई जिले के सिकंदरा प्रखंड के किसानों के लिए लाभकारी साबित होगी। इस योजना के अंतर्गत बहुआर नदी पर 270.31 करोड़ की लागत से 350 मीटर लंबा मिट्टी का बांध, गेटेड स्पिलवे, आरसीसी बॉक्स आउटलेट तथा बांध से निकलने वाली नहर वितरण प्रणाली का निर्माण किया जा रहा है। यह संपूर्ण संरचना इस प्रकार डिजाइन की गई है कि वर्षाजल का प्रभावी भंडारण करते हुए खेतों तक पर्याप्त और नियंत्रित जल प्रवाह सुनिश्चित किया जा सके। योजना की भौतिक प्रगति 94 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है और कार्य को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। योजना के पूरा होने के उपरांत सिकंदरा प्रखंड की लगभग 2035 हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे न सिर्फ फसल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

# मोहनपुर गाँव मे अधेड़ व्यक्ति की अपराधियों ने खंजर से प्रहार कर किया अधेड़ की हत्या: जाँच में जुटि पुलिस

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/अलीगंजः चंद्रदीप थाना क्षेत्र अंतर्गत सहोड़ा पंचायत मोहनपुर गांव निवासी केदार यादव(40) की हत्या अपराधियों ने निर्मम तरीके से मोहनपुर सहोडा के बीच बहियार में मंगलवार की देर शाम हसुली से और पजौना से पीट पीटकर कर हत्या कर दिया।जानकारी के अनुसार परिजनों ने बताया कि बीते दिनों गांव के ही वीरो यादव एवं उसका बेटा नौरंगी यादव (18) ने मृतक की पूत्री को प्रेम प्रसंग में लेकर फरार हो गया था। उसी को लेकर केदार यादव को वीरो यादव के साथ वाद विवाद हुआ था। और अपनी बेटी व नौरंगी यादव को केदार ने बिहार शरीफ के बिन्द थाना क्षेत्र से पकड लिया था। वहां भी केदार तथा उसके सढबेटा मनोहर के साथ मारपीट किया गया था।और बिन्द थाना में दोनों के बीच समझौते की बात भी सामने आ रही है। मृतक की पत्नी अनिता देवी ने बताया कि वीरो यादव तथा उसके बेटे नौरंगी यादव ने एक साजिश के तहत मेरे पति को हत्या कर दिया है। उन्होने ने अपने विलाप मे बताया कि इज्जत भी गया और जान भी चला गया। मृतक के पूत्र सुरज ने बताया कि मेरे पिता सरपंच से पंचायत करने के मुद्दे पर बात करने बगल के सहोडा गांव सरपंच से मिलकर लौट रहे थे तभी वीरो यादव तथा उसके बेटे ने साचिश रचा और संटु रविदास अन्य आधा दर्जन अपराधियो के साथ मिलकर मेरे पिता को निर्मम तरीके से हत्या कर दिया। मृतक की पत्नी अनिता देवी के ब्यान पर आठ लोगो को नामजद अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवाई है। और जिला प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है।थानाध्यक्ष राजेन्द्र साह ने बताया कि पीडिता के आवेदन पर 119/25 काड संख्या दर्ज कर लिया गया है। और एक नामजद अभियुक्त संटु रविदास को गिरफ्तार कर लिया गया है। और नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार के लिए छापेमारी किया जा रहा है। इधर हत्या के बाद गांव मे भय व दहशत का महौल बना हुआ है। पुलिस मामले के जांच मे जुट गई

# 25 हजार का इनामी अपराधी सुदर्शन खा गिरफ्तार, 2007 से था फरार



प्रात : किरण संवाददाता

सहरसा। सहरसा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक हिमांशु कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत 25 हजार के इनामी वांछित अपराधी सुदर्शन खा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अपराधी सुदर्शन खा, पिता स्व. बिजेंद्र खा, बनगांव (सहरसा) निवासी है। उस पर आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में करीब 10 केस दर्ज थे। वह 2007 से फरार चल रहा था। तीन दिन पहले ही सहरसा पुलिस ने कई वांछित अपराधियों पर इनाम घोषित किया था, जिनमें सुदर्शन खा भी शामिल था। एसडीपीओ आलोक कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा गया। पुलिस के अनुसार, पिछले 6 महीनों में 13 इनामी फरार अपराधियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। सहरसा पुलिस की यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण की दिशा में बड़ी सफलता मानी जा रही है।

# स्वास्थ्य जांच के उपरान्त गर्भवती महिलाओं को खान-पान की दी गई विशेष सलाह

प्रात : किरण संवाददाता



पुरैनी (मधेपुरा)। मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं के प्रसव से पूर्व स्वास्थ्य की जांच की गयी। स्वास्थ्य जांच के उपरान्त 127 गर्भवती महिलाओं को खान-पान की विशेष सलाह देते हुए महीने भर की दवाई मुफ्त में दी गयी। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर राजेश कुमार की देखरेख में आयोजित शिविर में मातृ एवं शिशु मृत्युदर को कम करने तथा सुरक्षित मातृत्व के लिए गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व सभी प्रकार की नियमित जांच की गयी। जांच के दौरान गर्भवती महिलाओं का खून की जांच, रक्तचाप, वजन, ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, यूरीन, वीडीआरएल, आरएच, आरबीएस, भ्रुण की हृदय गति, पेट के आकार, एलब्युमीन, शुगर, एबीओ, वीडीआर, एचआईवी सहित अन्य सभी तरह की मुफ्त जांच की गई। स्वास्थ्य जांच के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर राजेश कुमार ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान आयरन एवं फोलिक एसिड की गोली, विटामिन, प्रोटीन व वसा, कैल्शियम, लौह तत्व की पूर्ति के लिए विभिन्न प्रकार के फल, जूस, दूध, दाल, मक्खन, टमाटर, गाजर, चुकन्दर, बदाम, मूंगफली, हरी साग, मछली, मांस, अंडा आदि का सेवन नियमित रूप से करने की सलाह दी। साथ ही महिलाओं के बीच आईएफए, कैल्शियम, एल्बेंडाजोल, मल्टी विटामिन सहित अन्य जरुरी दवाओं का वितरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर राजेश कुमार ने बताया कि गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य से संबंधित जांच प्रसव के पूर्व नियमित रूप से कराना जरूरी है। जांच के दौरान जीएनएम उषा कुमारी, कंचन कुमारी, ममता सेकंड, अमिता कुमारी, पूनम द्विवेदी, निभा कुमारी, आरती कुमारी, मंजू यादव, पूजा कुमारी, रेखा कुमारी, साधन कुमारी, दीपा कुमारी, समता मिश्रा, खुशबु रानी सहित अन्य मौजूद रहे।

# लेट सैयद निसार अली मेमोरियल कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता



मुंगेर। लेट सैयद निसार अली मेमोरियल कैरम प्रतियोगिता 2025 का आयोजन शाह जुबेर रोड में किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग सौ से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया और फाइनल मुकाबले में मुकेश कुमार ने सैयद सरफराज अली को सिंगल्स में हराया, जबकि डबल्स में सैयद सरफराज अली और मोहम्मद विक्की की जोड़ी ने मोहम्मद राजा और मोहम्मद छोटू को हराया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि यातायात डीएसपी प्रभात रंजन को वार्ड नंबर 25 की वार्ड पार्षद इशरत बेगम ने बुके देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि यातायत डीएसपी प्रभात रंजन ने खिलाडियों को संदेश देते हुए कहा कि खिलाड़ियों को कैरम खेल को और अधिक बढ़ावा देने के लिए प्रयास करना चाहिए उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद दिया इसके बाद खिलाड़ियों के बीच उन्होंने पुरस्कार वितरण किया प्रतियोगिता के विजेता:: सिंगल्स : मुकेश कुमार डबल्स : सैयद सरफराज अली और मोहम्मद विक्की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ीः सिंगल्सः मोहम्मद इम्तियाज डबल्सः मोहम्मद आसिफ और मोहम्मद अरमान फाइनल मैच का उद्घाटनः डॉक्टर उदय शंकरः चर्चित लोकप्रिय डॉक्टर उदय शंकर ने फाइनल मैच का उद्घाटन किया। अनिकेत कुमार झाः पूरब सराय थाना के अनिकेत कुमार झा ने भी फाइनल मैच का उद्घाटन किया। : सामाजिक कार्यकर्ता आमिर भाई ने आंखों देखा हाल सुना रहे थे। सैयद इरफान अली उर्फ पिंटू मोहम्मद अकीब ने निभाया प्रतियोगिता के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका सैयद उमर अली सैयद ओवैस अली सैयद इरफान अली उर्फ पिंटू मोहम्मद फैज मंसूर मोहम्मद नसीम उर्फ नससू मोहम्मद अकीब टिपू कुमार अमित कुमार मिथुन कुमार मोनू कुमार मोहम्मद शकेब निर्णायक की भूमिका निभा रहे थे इस पट्टी को सांप को देखने के लिए खेल प्रेमी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# मॉक ड्रिल का आयोजन वज्रपात एवं डूबने की घटना पर



पटना। सदर प्रखंड स्थित प्रखंड मुख्यालय सभागार एवं मनेर प्रखंड स्थित पंचायत सरकार भवन, ग्यासपुर में वज्रपात एवं डूबने की घटनाओं से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इस मॉक ड्रिल का संचालन एसड्डीड्डआरड्डएफड्ड टीम एवं आपदा मित्रों द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा जिला प्रशासन, पटना के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य वज्रपात व डूबने जैसी आपदाओं से होने वाली हानियों को न्यूनतम करना एवं समुदाय को सजग और सक्षम बनाना था। इस मॉक ड्रिल में जीविका दीदी, जनप्रतिनिधिगण, स्कूली बच्चे, सरकारी कर्मी एवं आंगनवाड़ी सहायिकाएं समेत बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को वास्तविक स्थिति में सुरक्षा, बचाव एवं प्राथमिक उपचार के गुर सिखाए गए। इस आयोजन के माध्यम से समुदाय में आपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा आपदा प्रबंधन तंत्र की तत्परता की जांच की गई। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और कहा कि इस तरह के कार्यक्रम समय-समय पर होते रहने चाहिए।

# केन्द्र सरकार का ग्यारह साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता




मांझी। केन्द्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर मांझी चट्टी स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में ग्यारह साल बेमिसाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की लोगों को जानकारी दी। रेलकर्मियों द्वारा प्रतिवर्ष रेल परिसर को तोड़ने की शिकायत स्थानीय दुकानदारों ने सांसद से की। इसपर सांसद ने कहा कि दुकानों को अब तोड़ा नही जाएगा बल्कि खाली पड़ी रेल भूमि पर बेरोजगारों को अल्पावधि के लिए आबंटन कराने का प्रयास किया जाएगा। मौके पर सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर ग्यारह साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत मौजूद ग्रामीणों के बीच पत्रक वितरण कर शपथ पत्र भरवाया गया। कार्यक्रम के संयोजक हेमनारायण सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदर्श छवि का पूरा विश्व कायल है। ऑपरेशन सिंदूर जैसे सफल ऑपरेशन को अंजाम देकर पाकिस्तान को झुकने पर मजबूर किया। स्थानीय दुकानदारों के आग्रह पर सांसद ने डी आर एम से बात कर दुकान नही तोड़ने की बात कही। सांसद ने बहोरन सिंह के टोला स्थित निर्माणरत राम जानकी मंदिर का भी मुआयना किया तथा मन्दिर निर्माण में 51 हजार रुपये का नकद आर्थिक सहयोग किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मनोज प्रसाद,रामशंकर मिश्र शांडिल्य,मकेश्वर सिंह,अमरजीत सिंह,निर्मल पांडेय,अरुण सिंह,भरत मांझी,शिवाजी सिंह धर्मेन्द्र सिंह समाज तथा पंकज सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जय किशोर सिंह ने किया।

# जीटी रोड पर विरोध प्रदर्शन करती विधायक एवं महागठबंधन के नेता




शेरघाटी। बिहार विधानसभा चुनाव से पहले, मतदाता सूची पुनरीक्षण व सत्यापन के खिलाफ महागठबंधन ने बुधवार को शेरघाटी में चक्का जाम किया. जीटी रोड पर स्थानीय विधायक मंजू अग्रवाल, राजद नेता प्रमोद वर्मा, प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र यादव, कांग्रेस नेता अजीत सिंह समेत महागठबंधन के नेताओं ने सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया. बंद समर्थकों ने सड़क पर उतरकर टायर जलाकर सड़क जाम कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया. प्रदर्शन के कारण जीटी रोड पर आवागमन ठप रहा. स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस तैनाती रही. इस दो खेमें में महागठबंधन के कार्यकताओं ने शहर में रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया. इस मौके पर लड्डन खां, कामदेव यादव, जितेंद्र सिंह, शकील खान, लाल बहादुर शास्त्री, वसीम अकरम, रामलखन पासवान, दिनेश यादव, कृष्णा यादव आदि मौजूद थे.

# जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर उमड़ी महिलाओं की भीड़

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत सैकड़ो गर्भवतियों की हुई जांच

● कई प्रकार की दवाओं का हुआ वितरण

प्रात : किरण संवाददाता



बेतिया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष कैंप का आयोजन कर गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई। इस सम्बन्ध में सिविल सर्जन डॉ विजय कुमार ने कहा की प्रत्येक माह की नौ तारीख को लगने वाले इस विशेष कैंप में काफी महिलाओं की भीड़ देखी जा रहीं है। कैंप के दौरान सैकड़ों महिलाओं की जांच की गई। चिकित्सक द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच के अलावा उच्च जोखिम गर्भधारण महिलाओं की पहचान कर उचित परामर्श दिया गया। चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा गर्भवती महिलाओं को फल व पौष्टिक आहार के सेवन के बारे में भी जानकारी दी गई। जांच के बाद दी गई उचित सलाहः जीएमसीएच की उपाधीक्षक डॉ. सुधा भारती ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ उन्हें बेहतर परामर्श देना है। सुरक्षित व सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने के लिए उनकी जांच की गई। शिविर में जांच कर रहे मेडिकल टीम ने गर्भवती महिलाओं की एएनसी, ब्लड, यूरिन, एचआईवी, ब्लड ग्रुप, बीपी, हार्ट-बीट आदि की जांच की। गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य जांच के बाद जरूरी चिकित्सा परामर्श भी दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रसव पूर्व महिलाओं की जांच, प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं में कमी लाती है। प्रसव पूर्व जांच के अभाव में उच्च जोखिम गर्भधारण की पहचान नहीं हो पाती। इससे प्रसव के दौरान जटिलता की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि इस अभियान की सहायता से प्रसव के पहले ही संभावित जटिलता का पता चल जाता है। जिससे प्रसव के दौरान होने वाली जटिलता में काफी कमी भी आती है।

# महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना डीडीयू रेलखंड का फुटप्लेट निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता



पटना/हाजीपुर। महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा पटना-डीडीयू रेलखंड का गाड़ी संख्या 12309 राजेन्द्रनगर-नई दिल्ली तेजस राजधानी एक्सप्रेस के इंजन में लोको पायलट के साथ फुटप्लेट निरीक्षण किया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने संरक्षा, मानसून प्रीकॉशन्स, सिगनलों की दृश्यता, रेलवे ट्रैक के रख-रखाव, ट्रैक की समुचित बैलास्टिंग, ट्रैक स्क्रीनिंग, ओवरहेड ट्रैक्शन व एलाइनमेंट, कॉशन ऑर्डर एवं ट्रैक फिटिंग्स आदि का निरीक्षण किया। इसके साथ ही लोको पायलट द्वारा स्टेशन एवं लेवल क्रासिंग गेट से गुजरते समय स्टेशन मास्टर/गेटमैन के साथ सिगनल का एक्सचेंज कर रहे है या नहीं, कॉशन ऑर्डर का पालन किया जा रहा है या नहीं तथा लोको पायलट द्वारा स्टेशन से बाहर निकलते समय एवं कर्व से गुजरते समय गाड़ी का लुक बैक किया जा रहा है या नहीं, इन सब पहलुओं का भी महाप्रबंधक द्वारा फुटप्लेट के दौरान जायजा लिया गया। महाप्रबंधक ने फुटप्लेट निरीक्षण के दौरान राजधानी एक्सप्रेस के लोको पायलट तथा सहायक लोको पायलट को संरक्षा नियमों का पालन करते हुए सजगता से कार्य करने के लिए प्रेरित भी किया। महाप्रबंधक का फुटप्लेट निरीक्षण डीडीयू जं. तक जारी रहेगा तथा संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलूओं का जायजा लिया जाएगा।

# विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर जागरुकता हेतु नन्द किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में साइकिल रैली



दुल्हिनबा। जारगोपाल विद्यार्थी जदयू शीर्ष नेतृत्व के निदेशानुसार विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से मंगलवार को दुल्हिनबाजार के उलार सोरमपुर पंचायत में राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य नन्द किशोर कुशवाहा के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान जदयू कार्यकताओं द्वारा संकल्प हमारा टूटे नहीं, एक भी मतदाता छूटे नहीं, सही नाम कटे नहीं, फर्जी नाम जुटे नहीं, सीएम नीतीश ने दी आवाज, चलो सत्यापन कराएं आज और 2025 से 30, फिर से नीतीश जैसे गगनभेदी नारे लगाए गऐ मौके पर राज्य खाद्य आयोग के पूर्व सदस्य सह जदयू नेता नन्द किशोर कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट की कीमत अमूल्य होती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए यह अभियान चला रहे हैं, ताकि कोई भी नागरिक मतदाता पुनरीक्षण से वंचित न रह जाए। उन्होंने जदयू कार्यकताओं से 26 जुलाई तक प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर जनसंपर्क और मतदाता सत्यापन में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि कोई भी योग्य मतदाता सूची से वंचित न रहे इस साइकिल रैली में पंचायत अध्यक्ष बिक्की कुमार, किसान नेता विनय यादव, बीस सूत्री के सदस्य मुकेश कुशवाहा, मिथिलेश रविदास व बबलू शर्मा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## विराट कोहली ने टेस्ट से संन्यास पर तोड़ी चुप्पी, कहा
# दाढ़ी ने इशारा कर दिया था
### युवराज से दोस्ती को लेकर कहा उन्होने मेरी काफी मददकी

**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अपने फैसले पर पहली बार चुप्पी तोड़ी है। लंदन में आठ जुलाई को युवराज सिंह द्वारा आयोजित चैरिटी कार्यक्रम में कोहली ने कहा कि उनकी उम्र ने इस फैसले में बड़ी भूमिका निभाई है। कोहली ने साथ ही युवराज सिंह के साथ अपनी दोस्ती को लेकर भी बयान दिया।

**दाढ़ी का रंग..., कोहली का मजेदार जवाब,कहा चार दिन बाद काली करनी पड़ रही थी** - कोहली ने मुस्कुराते हुए कहा, मैंने दो दिन पहले ही अपनी दाढ़ी को काला रंग दिया था। आप जानते हैं कि यह वो समय है जब आप हर चार दिन में अपनी दाढ़ी को रंग रहे हैं। कोहली ने इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से ठीक पहले संन्यास की घोषणा की थी। इस खबर ने कई प्रशंसकों और विशेषज्ञों को चौंका दिया था। 36 वर्षीय कोहली अभी भी खेल के सबसे फिट क्रिकेटरों में से एक हैं। कई लोगों का मानना था कि उनके पास अभी भी कुछ और साल बाकी थे। पूर्व क्रिकेटरों का मानना था कि उनके पास 10,000 टेस्ट रन तक पहुंचने के लिए पर्याप्त समय भी था।

**युवराज-भज्जी और जैक ने सहज महसूस कराया** - कोहली ने युवराज सिंह के साथ अपनी दोस्ती पर भी बात की। उन्होंने याद किया कि जब वह भारतीय टीम में नए थे तो हरभजन सिंह और जहीर खान जैसे सीनियर खिलाड़ियों के साथ मिलकर युवराज ने कैसे उनकी काफी मदद की थी। उन्होंने कहा, हमने मैदान के अंदर और बाहर दोनों जगह बहुत अच्छा रिश्ता साझा किया। जब मैंने भारत के लिए खेलना शुरू किया तो युवी पा, भज्जू पा और जैक ने मुझे अपनी छत्रछाया मे लिया और ड्रेसिंग रूम में सहज महसूस कराया।

**कैंसर के बाद युवी की वापसी अविश्वसनीय** -कोहली ने युवराज को कैंसर से लड़ाई के बाद गर्व के साथ क्रिकेट में वापसी करते हुए देखा है। उन्होंने कहा, कैंसर के बाद उनकी वापसी अविश्वसनीय थी। मैं कप्तान था जब उन्होंने वापसी की और कटक में इंग्लैंड के खिलाफ एक अद्भुत पारी खेली। मुझे लगता है कि युवी ने 150 रन बनाए थे। मैंने उस दिन किसी से कहा था- ऐसा लग रहा है मैं फिर से अपने बचपन में क्रिकेट देख रहा हूं। उन्होंने कहा, मेरे मन में उनके लिए बहुत प्यार और सम्मान है। मैं किसी और के लिए इस तरह के आयोजन में नहीं आऊंगा।

**भारतीय टीम भी चैरिटी कार्यक्रम में पहुंची, तेंदुलकर भी शामिल हुए** - टेस्ट से संन्यास लेने के बाद से कोहली लंदन में चुपचाप रह रहे हैं, जबकि भारतीय टीम का इंग्लैंड दौरा जारी है। नए कप्तान शुभमन गिल के नेतृत्व में टेस्ट टीम एक नए अध्याय की शुरुआत कर रही है। हेडिंग्ले में पहला मैच गंवाने के बाद भारतीय टीम ने एजबेस्टन में शानदार जीत के साथ वापसी की जो इस मैदान पर उनकी पहली टेस्ट जीत है। टीम के प्रदर्शन ने प्रशंसकों को उम्मीद दी है कि अगली पीढ़ी टीम को संभालने के लिए तैयार है, भले ही कोहली और रोहित शर्मा जैसे सितारे टेस्ट से दूर हो गए। भारतीय टीम भी इस चैरिटी शो में पहुंची थी, जिसकी तस्वीर बीसीसीआई ने साझा की है। तस्वीर में गौतम गंभीर भी दिखे। इसके अलावा मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर, महान सचिन तेंदुलकर और ब्रायन लारा, इंग्लैंड के केविन पीटरसन और डैरेन गफ भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।

# तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11 घोषित
### जोफा आर्चर की 4 साल बाद वापसी, यह खिलाड़ी बाहर




**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** लॉर्ड्स में गुरुवार (10 जुलाई) से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने प्लेइंग-11 का एलान कर दिया है। इंग्लिश टीम ने एक बदलाव किया है। तेज गेंदबाज जोश टंग को बाहर कर जोफ्रा आर्चर को जगह दी गई है। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है। लीड्स में इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीत हासिल की थी, जबकि एजबेस्टन में टीम इंडिया ने 336 रन से जीत हासिल कर इतिहास रचा था।

**टंग ने लिए सबसे ज्यादा विकेट** - टंग को बाहर करने का इंग्लैंड टीम मैनेजमेंट का फैसला इसलिए चौंकाने वाला है, क्योंकि वह मौजूदा सीरीज में दो टेस्ट में टीम के लिए और ओवरऑल सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने दो टेस्ट में 11 विकेट लिए। आकाश दीप 10 विकेट लेकर दूसरे स्थान पर हैं।आर्चर की इंग्लैंड के टेस्ट प्लेइंग-11 में चार साल बाद वापसी हुई है। उन्होंने पिछली बार फरवरी 2021 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैच खेला था।

**कमजोर दिखाई दिया था इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण** - भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर सीरीज के पहले और दूसरे टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया था। ऐसे में आर्चर के आने से इंग्लैंड टीम को राहत मिली होगी। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं और अब उनकी वापसी हो चुकी है।

**लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड की प्लेइंग-11--** जैक क्राउली, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रूक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, ब्राइडन कार्स, जोफ्रा आर्चर, शोएब बशीर।

## सीसीएल चैंपियंस 'पंजाब दे शेर' को पंजाब के राज्यपाल ने किया सम्मानित

**चंडीगढ़** लॉर्ड्स फिलमी सितारों और कॉर्पोरेट उत्कृष्टता का शानदार संगम देखने को मिला जब सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सी.सी.एल.) सीजन-11 की विजेता टीम 'पंजाब दे शेर' को पंजाब एंजेल्स नेटवर्क द्वारा आयोजित भव्य समारोह 'ए नाइट विद द चैंपियंस'में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया थे।

इस कार्यक्रम में राज्य की प्रतिष्ठित हस्तियों जिनमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, उद्योगपति, प्रसिद्ध कलाकार और खेल प्रेमी शामिल हुए। फिलमी सितारों से सजी शाम कार्यक्रम में टीम के मालिक पुनीत सिंह, नवराज हंस और करन गिल्होत्रा, हंसराज हंस और जस्पिंदर नरूला और कई लोकप्रिय सितारे जैसे अपारशक्ति खुराना, ऐमी विर्क, बिन्नू ढिल्लों, हार्डी संधू, मीट ब्रदर्स के मनमीत सिंह, सुय्यश राय, अनुज खुराना, राहुल जेटली, मयूर मेहता, बलराज सयाल, गवी चहल, दक्ष, गुलजार, निंजा, जस्सी गिल, बबल राय, युवराज हंस सहित अन्य कई जाने-माने चेहरों ने भाग लिया।

## दक्षिण अफ्रीका की जिम्बाब्वे पर 20 साल में सबसे बड़ी जीत, श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया

**बुलावायो (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन मंगलवार को यहां जिम्बाब्वे की दूसरी पारी को 220 रन पर समेट कर उसे पिछले 20 साल में पारी से सबसे बड़ी शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका ने महज तीन दिन के अंदर पारी और 236 रन की शानदार जीत दर्ज की। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इसके साथ ही श्रृंखला में 2-0 से सूपड़ा साफ किया।

दक्षिण अफ्रीका ने कार्यवाहक कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन के दम पर पांच विकेट पर 626 रन बनाकर पारी घोषित की थी। जिम्बाब्वे की टीम सोमवार को अपनी पहली पारी में 43 ओवर में 170 रन पर आउट हो गई थी जिसके बाद उसे फॉलोऑन दिया गया। टीम मंगलवार को अपनी दूसरी पारी में 220 रन पर आउट हो गई। जिम्बाब्वे की टीम ने इस मैच में कुल 390 रन बनाए जो मुल्डर के स्कोर से सिर्फ 23 रन अधिक था।

मुल्डर का चोटिल टेम्बा बावुमा और केशव महाराज की अनुपस्थिति में कप्तान के तौर पर यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने बल्ले से योगदान देने के साथ तीन विकेट भी चटकाए और तीन कैच लपके। वह मैच और श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये। जिम्बाब्वे ने दिन की शुरुआत दूसरी पारी में एक विकेट पर 51 रन से की थी और सुबह के सत्र में टीम ने दो विकेट गंवाए, जिसमें अनुभवी सीन विलियम्स भी शामिल थे।



विलियम्स ने मुल्डर की गेंद को रोकने की कोशिश की और 11 रन पर अपना ऑफ स्टंप गंवा बैठे। लंच से पहले निक वेल्च (55) ने अपने पांचवें टेस्ट में अपना तीसरा अर्धशतक पूरा किया, लेकिन इसके तुरंत बाद सेनुराम मुथुसामी की गेंद पर मुल्डर के हाथों कैच आउट हो गये। वेल्च का विकेट गिरने के बाद टीम ने 28 ओवरों में 67 रन पर बाकी के सात विकेट गंवा दिये। कप्तान क्रेग एर्विन ने एक छोर से संभल कर खेलते हुए 95 गेंदों में 49 रन की जुझारू पारी खेली।

## न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका, फॉर्म में चल रहे फिन एलन त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर



**न्यूजीलैंड टीम**

मिच सैंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, जैकब डफी, जैक फॉल्क्स, मैट हेनरी, बेवॉन जैकब्स, एडम मिल्ने, डेरिल मिशेल, विल ओ%रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, टिम सीफर्ट, ईश सोढ़ी।

**वेलिंगटन (न्यूजीलैंड) (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला से पहले न्यूजीलैंड को एक बड़ा झटका लगा है क्योंकि उनके फॉर्म में चल रहे दाएं हाथ के बल्लेबाज फिन एलन चोटिल होने के बाद श्रृंखला से बाहर हो गए हैं। एलन को संयुक्त राज्य अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलते समय पैर में चोट लग गई और उन्हें आगे की जांच के लिए न्यूजीलैंड भेजा जाएगा।

न्यूजीलैंड में आगे के परामर्श के बाद एलन के ठीक होने की समय-सीमा तय की जाएगी। फिर भी 26 वर्षीय खिलाड़ी 14 जुलाई से मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के किसी भी मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। ब्लैक कैप्स आने वाले समय में एलन के प्रतिस्थापन की घोषणा करेंगे। एलन अपनी चोट से पहले मेजर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में पांचवें सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे और उन्होंने ओकलैंड में वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ अपने पहले मैच में यूनिकॉर्न्स के लिए शानदार 151 रनों की पारी खेली थी।

# आईसीसी रैंकिंग : रूट को हटाकर नंबर-1 टेस्ट बल्लेबाज बने हैरी ब्रूक
### ● गिल-स्मिथ भी टॉप-10 में, जडेजा-बुमराह का जलवा ● शुभमन ने लगाई 15 स्थान की लम्बी छलांग, टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर पहुंचे







**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। आईसीसी की ताजा टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक नए नंबर एक टेस्ट बैटर बन गए हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रूट को हटाकर यह स्थान हासिल किया। ब्रूक ने एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 158 रन बनाए थे, जिसके दम पर वह रूट को हटा पाए। वहीं, टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में रूट दूसरे स्थान पर लुढ़क गए हैं। वह ब्रूक से 18 रेटिंग पॉइंट पीछे हैं। इसके अलावा भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड के बल्लेबाज जेमी स्मिथ की रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। गिल ने 15 स्थानों की छलांग लगाई और करियर बेस्ट रेटिंग पॉइंट हासिल किया। वह बल्लेबाजों में छठे पायदान पर पहुंच गए हैं। वहीं, स्मिथ भी टॉप 10 में पहुंच गए हैं। टेस्ट ऑलराउंडर्स में भारत के रवींद्र जडेजा और टेस्ट गेंदबाजों में भारत के जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बने हुए हैं।


**गिल को बेहतरीन बल्लेबाजी का इनाम** - गिल ने एजबेस्टन में 269 और 161 रन की पारी खेली, जिसके दम पर भारत ने इंग्लैंड को 336 रन से हराकर इस मैदान पर पहली टेस्ट जीत दर्ज की। वहीं, टेस्ट कप्तान के रूप में गिल ने भी अपनी पहली जीत दर्ज की और दाएं हाथ का यह स्टायलिश बल्लेबाज अब ब्रूक से सिर्फ 79 रेटिंग अंक पीछे है। टेस्ट बल्लेबाजों में ब्रूक के बाद रूट (दूसरे), केन विलियम्सन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) का नंबर आता है। शीर्ष 10 में गिल और यशस्वी के अलावा ऋषभ पंत भी हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ और वह सातवें से आठवें पायदान पर लुढ़क गए।

**जेमी स्मिथ की रैंकिंग में भी हुआ सुधार** - इंग्लैंड के विकेटकीपर जेमी स्मिथ को भी करियर की सर्वश्रेष्ठ रेटिंग मिली है। उन्होंने एजबेस्टन में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में पहली पारी में नाबाद 184 और दूसरी पारी में 88 रन बनाए थे। टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में 16 पायदान के सुधार के साथ 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर जिम्बाब्वे के खिलाफ बुलावायो में नाबाद 367 रन की पारी खेलने के बाद इसी सूची में 34 पायदान की छलांग लगाकर 22वें स्थान पर पहुंच गए हैं। मुल्डर ने दक्षिण अफ्रीका की पारी 626/5 पर घोषित की, जब उनके पास ब्रायन लारा के सर्वोच्च टेस्ट स्कोर के रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका था। 27 वर्षीय मुल्डर टेस्ट ऑलराउंडरों की सूची में 12 स्थानों की छलांग लगाकर तीसरे पायदान पर पहुंच गया है।

**गेंदबाजों में सिराज की रैंकिंग में भी सुधार** -भारत के अनुभवी खिलाड़ी रवींद्र जडेजा टेस्ट ऑलराउंडर्स की सूची में शीर्ष स्थान पर काबिज हैं, जबकि टीम के उनके साथी जसप्रीत बुमराह अब भी नंबर एक टेस्ट गेंदबाज बने हुए हैं। भारतीय टीम के उनके साथी मोहम्मद सिराज इंग्लैंड के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में छह स्थानों की छलांग से 22वें पायदान पर पहुंच गए हैं, जबकि वेस्टइंडीज के शमर जोसेफ छह पायदान के फायदे के साथ टेस्ट गेंदबाजों में 29वें स्थान पर और अल्जारी जोसेफ छह पायदान ऊपर 31वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

**वनडे रैंकिंग में भी बदलाव** - घरेलू सरजमीं पर बांग्लादेश पर श्रीलंका की 2-1 की जीत के बाद ताजा वनडे रैंकिंग में भी कुछ बदलाव आया है। कप्तान चरिथ असालंका दो पायदान के फायदे से वनडे बल्लेबाजों की ताजा सूची में छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। नंबर एक रैंकिंग पर गिल ने अपनी मजबूत पकड़ बना रखी है। श्रीलंका के उनके साथी कुसल मेंडिस बांग्लादेश के खिलाफ %प्लायर ऑफ द सीरीज% चुने जाने के बाद 10 पायदान की छलांग लगाकर इसी सूची में 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि हमवतन वानिंदु हसारंगा तीन मैचों में नौ विकेट चटकाकर वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग में 11 पायदान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

# जसप्रीत बुमराह वापसी को तैयार
### लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र में जमक



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** जसप्रीत बुमराह वापसी के लिए पूरी तरह तैयार दिख रहे हैं क्योंकि भारत के इस स्टार तेज गेंदबाज ने लॉर्ड्स टेस्ट से पहले नेट सत्र के दौरान जमकर पसीना बहाया। उन्होंने लगभग 45 मिनट तक गेंदबाजी करने के बाद बाएं हाथ की स्पिन और थ्रोडाउन के खिलाफ बल्लेबाजी का भी अभ्यास किया। कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन में यह स्पष्ट कर दिया था कि गेंदबाजी के बोझ के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर रहने वाले बुमराह फिर से मैदान पर उतरेंगे।

तीसरे टेस्ट से पहले टीम के पहले सत्र में बुमराह काफी जोश में नजर आए। उन्होंने लगातार अपने साथी खिलाड़ियों और कई बार भारतीय मीडिया से भी बातचीत की। पूरी संभावना है कि एकादश में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह बुमराह को मौका दिया जाएगा। बुमराह ने सत्र में धीरे-धीरे पूरी ताकत से गेंदबाजी की लेकिन बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने और भी कड़ी मेहनत की और करीब एक घंटे तक गेंदबाजी की।

पिच से बल्लेबाजों को कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। ऐसे में यह देखना होगा कि भारत एजबेस्टन की तरह दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ उतरता है या नहीं। नितीश रेड्डी चौथे तेज गेंदबाज के विकल्प थे। गिल, लोकेश राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, आकाशदीप और मोहम्मद सिराज ने अभ्यास सत्र में हिस्सा नहीं लिया। पहले दो टेस्ट मैच खेलने वाले सिराज ने भारतीय तेज गेंदबाजों में सबसे अधिक ओवर फेंके हैं। सिराज हमेशा मैदान पर अपना शत प्रतिशत देते हैं लेकिन भारत के बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने कहा कि उनके काम के बोझ का प्रबंधन किया जाएगा।

कोटक ने कहा, 'काम के बोझ का प्रबंधन केवल बुमराह के लिए नहीं है। हर गेंदबाज की फिटनेस, हर गेंदबाज की समस्या अलग होती है। लेकिन मुझे लगता है कि बीच में पर्याप्त आराम मिलता है। इस मैच के बाद लंबा ब्रेक है। लेकिन सिराज ऐसे खिलाड़ी हैं जो बहुत गेंदबाजी करते हैं। ल्लेबाजों में करुण नायर और साई सुदर्शन ने लंबे समय तक बल्लेबाजी की। नायर ने अब तक श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है।

## बांग्लादेश दौरा टला, श्रीलंका-भारत आपस में भिड़ सकते हैं
### दोनों बोर्डों के बीच बातचीत जारी; अगस्त में 3 वनडे और 3 टी20 मैच हो सकते हैं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत और श्रीलंका की टीमें अगले महीने 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज खेल सकती हैं। यह सीरीज हालांकि आईसीसी के फ्यूचर टूर प्रोग्राम (एफटीपी) का हिस्सा नहीं है, लेकिन दोनों टीमों के पास इस समय एक खाली विंडो है। भारत को अगस्त में बांग्लादेश का दौरा करना था, जहां 3 वनडे और 3 टी20 मैच खेले जाने थे। लेकिन बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिति के कारण यह दौरा अब सितंबर 2026 तक के लिए टाल दिया गया है। दूसरी ओर, श्रीलंका प्रीमियर लीग (एलपीएल), जो जुलाई-अगस्त में होने वाली थी, उसे भी स्थगित कर दिया गया है। इससे श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड (स्ष्ट) के पास भी खाली समय बच गया है।

**बीसीसीआई-एसएलसी आपस में बातचीत कर रहे** - श्रीलंका की स्थानीय मीडिया न्यूजवायर के मुताबिक, इस समय बीसीसीआई (बीसीसीआई) और एसएलसी (एलएससी) के बीच बातचीत चल रही है। दोनों बोर्ड 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की द्विपक्षीय सीरीज के लिए तारीखें तय करने की कोशिश कर रहे हैं।

**बांग्लादेश की मेजबानी कर रहा है श्रीलंका** -इस समय श्रीलंका अपनी घरेलू जमीन पर बांग्लादेश की मेजबानी कर रहा है। श्रीलंका ने तीन वनडे मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली है।

## पहलवान सुशील कुमार ने रेलवे में अपनी ड्यूटी फिर से शुरू की, 2021 से हत्या के आरोप में जेल में थे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार ने एक हाई-प्रोफाइल हत्या मामले में जमानत मिलने के बाद आधिकारिक तौर पर उत्तर रेलवे में अपनी ड्यूटी फिर से शुरू कर दी है। कभी भारतीय कुश्ती का चेहरा माने जाने वाले इस प्रतिष्ठित एथलीट ने इस हफ्ते की शुरुआत में रेलवे कार्यालय में रिपोर्ट की जो अदालतों से प्रशासनिक कार्यों की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव का संकेत है।

सुशील साथी पहलवान सागर धनखड़ की हत्या के सिलसिले में 2021 से न्यायिक हिरासत में थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने मार्च की शुरूआत में मुकदमे की प्रक्रिया में लंबी देरी का हवाला देते हुए उन्हें जमानत दी थी। हालांकि जाच अभी भी जारी है और उनकी कानूनी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है, लेकिन जमानत ने उन्हें सार्वजनिक क्षेत्र में अपनी स्थिति फिर से हासिल करने का मौका दिया है। रेलवे सूत्रों ने के मुताबिक वर्तमान में उत्तर रेलवे में वरिष्ठ वाणिज्यिक प्रबंधक के पद पर नियुक्त कुमार औपचारिक पोशाक में ड्यूटी पर आए और मीडिया की बढ़ती दिलचस्पी के बीच कम प्रोफाइल बनाए रखी। अधिकारियों ने उनकी बहाली की पुष्टि करते हुए कहा कि यह प्रक्रिया सेवा नियमों के अनुसार की गई। उनकी वापसी पर जनता की प्रतिक्रिया मिली-जुली रही है। जहां कुछ लोगों ने हत्या के एक मामले में आरोपी व्यक्ति की बहाली की आलोचना की है, वहीं कुछ का तर्क है कि दोषी साबित होने तक सुशील निर्दोष हैं और अपनी पेशेवर जिम्मेदारियां फिर से शुरू करने के हकदार हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएसबी जवान ग्रेटर नोएडा में छात्रों को बेचता था ड्रग्स, यूपी पुलिस ने 3 साथियों संग दबोचा

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के एक जवान को चार साथियों के साथ ड्रग्स तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्रेटर नोएडा में छात्रों को ड्रग्स सप्लाई करते थे। इनके पास से करीब 25 लाख रुपये कीमत की ड्रग्स बरामद की गई है। ग्रेटर नोएडा के एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि छात्रों को एमडीएमए ड्रग्स की सप्लाई की सूचना मिली थी। पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर सोमवार की रात गुर्जरपुर रेलवे अंडरपास के पास से चार आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान खुर्शेदपुरा गांव निवासी रोहित कुमार, कृष्ण व लवकुश और वीरपुरा गांव निवासी नकुल के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से 600 ग्राम ड्रग्स बरामद की है। इसकी बाजार में कीमत करीब 25 लाख रुपये बताई गई है। एसएसबी का आरोपी जवान रोहित कुमार, नॉलेज पार्क के एक कॉलेज में लैब टेक्नीशियन के पद पर नौकरी करने वाले नकुल के साथ मिलकर छात्रों को ड्रग्स बेचता था। साइबर कैफे संचालक और परचून की दुकान चलाने वाले इनके साथी भी ड्रग्स के इस धंधे में शामिल थे। तीन आरोपी एक ही गांव के रहने वाले ~ एसएसबी का जवान रोहित इस गैंग का मुख्य सरगना है। नकुल नॉलेज पार्क स्थित एक कॉलेज में लैब टेक्नीशियन के पद पर नौकरी करता है। वहीं, कृष्ण गांव में परचून की दुकान और लवकुश तेवतिया साइबर कैफे संचालक है। रोहित, कृष्ण और लवकुश एक ही गांव के रहने वाले है। रोहित जम्मू-कश्मीर से ड्रग्स लाता था, जबकि अन्य तीनों उसे ग्रेटर नोएडा में बेचते थे। ड्रग्स बेचने से होने वाली कमाई को सभी आरोपी आपस में बांट लिया करते थे। पुलिस की अभी तक की जांच में पता चला है कि आरोपी जवान रोहित करीब ढाई महीने पहले छुट्टी लेकर आया था। इसके बाद से वह ड्यूटी पर वापस नहीं लौटा। बताया जा रहा है कि उसने पैर टूटने की बात बताकर मेडिकल लगा रखा था। इसके बाद से वह गैर हाजिर चल रहा था। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि आरोपी जवान जिस ड्रग्स को लेकर आया है, यह बॉर्डर पर पकड़ी गई थी। गोपनीय विभाग ने इस मामले में गंभीरता से जांच शुरू कर दी है।

### सहेली स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिए दिल्ली का निवासी होना अनिवार्य

**नईदिल्ली, एजेंसी।** डीटीसी की ओर से शुरू की जा रही योजना के तहत दिल्ली की महिला और ट्रांसजेंडर निवासियों को एक व्यक्तिगत सहेली स्मार्ट कार्ड प्रदान किया जाएगा। कार्ड के आवेदन के दौरान महिलाओं को अपना दिल्ली का वैध निवास प्रमाण पत्र देना होगा। महिलाओं को जारी होने वाले सहेली स्मार्ट कार्ड में कार्डधारक का नाम और फोटो अंकित होगा। इस कार्ड के माध्यम से वह डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी। साथ ही, इसे रिचार्ज कर अन्य सार्वजनिक परिवहन जैसे मेट्रो आदि में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा, हालांकि अन्य परिवहन सेवाओं के लिए किराये का भुगतान करना होगा। सहेली स्मार्ट कार्ड का फायदा 12 वर्ष या उससे अधिक उम्र की महिलाओं के लिए होगा। दिल्ली की महिलाओं को सहेली स्मार्ट कार्ड बनवाने के लिए दिल्ली का आधार कार्ड, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ और केवाईसी के लिए अन्य वैध दस्तावेज देने होंगे। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बसों के लिए स्मार्ट कार्ड की शुरुआत 15 अगस्त तक करने का लक्ष्य रखा गया है। एक बार निविदा प्रक्रिया खत्म होने और बैंकों का चयन होने के बाद डीटीसी के पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा शुरू हो जाएगी। कार्ड जारी होने के बाद उसे डीटीसी के ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम के जरिए एक्टिवेट करना होगा। डीटीसी अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट कार्ड पुरुष यात्रियों को भी जारी होगा। क्योंकि यह मुफ्त यात्रा की श्रेणी में नहीं आते है तो उन्हें एक सामान्य कार्ड बिना किसी केवाईसी प्रक्रिया के उपलब्ध होगा, जिसका उपयोग बसों सहित अन्य परिवहन सेवाओं में किया जा सकेगा। यह एक कॉन्टेक्ट लेस कॉमन नेशनल मोबिलिटी कार्ड होगा। इसके जरिए आप ना सिर्फ बस में बल्कि मेट्रो, नमो भारत के अलावा देश के दूसरे राज्यों में जहां एनसीएमसी कार्ड की सुविधा है वहां इसका प्रयोग कर पाएंगे। हालांकि वहां आप को किराया देना होगा।

# आलिया भट्ट की एक्स-पीए वेदिका प्रकाश शेट्टी गिरफ्तार, एक्ट्रेस के खाते में धांधली का आरोप



**मुंबई, एजेंसी।**
आलिया भट्ट की पर्सनल असिस्टेंट रहीं वेदिका प्रकाश शेट्टी को मुंबई की जुहू पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वेदिका पर भट्ट प्रोडक्शन्स और आलिया भट्ट के खाते से लाखों की हेरा फेरी करने का आरोप है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है और इस मामले में अभी तक आलिया भट्ट या उनकी टीम की तरफ से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। आलिया का प्रोडक्शन हाउस इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड साल 2021 में आलिया भट्ट ने लॉन्च किया था। इसका मुख्य फोकस खुशमिजाज फिल्में प्रोड्यूस करना था जिनकी कहानियां ऑरिजनल और लंबे वक्त तक लोगों को पसंद आने वाली हों।

एक्ट्रेस के खातों में 76 लाख की हेरा-फेरी

वेदिका प्रकाश शेट्टी पर 2023 से 2025 के बीच प्रोडक्शन हाउस और आलिया भट्ट के खाते में 76 लाख रुपये की हेरा-फेरी करने का आरोप है। आलिया भट्ट की मां सोनी राजदान ने पैसों की हेरा-फेरी के मामले में इसी साल फरवरी में शिकायत दर्ज करवाई थी। तब एफआईआर दर्ज करके मामले की पड़ताल शुरू कर दी गई थी। न्यूज18 की एक रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने वेदिका को बेंगुलुरू में ट्रैक किया और वहीं से उनकी गिरफ्तारी हुई। अब पुलिस वेदिका के बैंक खाते और फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन्स खंगाल रही है ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सके।

वेदिका दो साल तक आलिया के साथ काम करती रही थीं। हल्की फुल्की कहानियों पर फिल्में बनाने के लिए फॉर्म किए गइ इस प्रोडक्शन हाउस की पहली फिल्म डार्लिंग्स थी, जिसे जनता ने खूब प्यार दिया। आलिया भट्ट ने इस फिल्म को शाहरुख खान के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया था। फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा विजय वर्मा और शेफाली शाह अहम किरदार निभाती नजर आई थीं। घर-घर की कहानी को एक अलग ही ट्विस्ट देती इस फिल्म को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया भट्ट अभी स्पाय यूनिवर्स मूवी अल्फा की शूटिंग में बिजी हैं। फिल्म में आलिया भट्ट के अलावा शरवरी वाघ भी लीड रोल प्ले करती नजर आएंगी। रिलीज डेट की बात करें तो यह फिल्म दिसंबर में क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इसके अलावा आलिया भट्ट अपने पति रणबीर कपूर के साथ संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में भी नजर आएंगी। फिल्म में आलिया-रणबीर के अलावा विकी कौशल भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे। आलिया की रणबीर के साथ पिछली फिल्म ब्रह्मास्त्र थी जिसमें वह पहली बार रणबीर के साथ पर्दे पर नजर आई।

---------

# हिमाचल में बाढ़ से तहस-नहस हुआ बैंक; मलबे में दबी अंदर रखी लाखों रुपए की नगदी




**मंडी, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले के सराज विधानसभा क्षेत्र के थुनाग उपमंडल में 30 जून की रात बादल फटने से आई विनाशकारी बाढ़ ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है। इस भीषण बारिश से जहां लोगों के घर, गौशालाएं, खेत और बाग-बगीचे बर्बाद हो गए, वहीं सरकारी दफ्तर और संस्थान भी इसकी चपेट में आ गए हैं। थुनाग बाजार में स्थित हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के भवन को भी इस बाढ़ ने भारी नुकसान पहुंचाया है। बैंक की निचली मंजिल में पानी और मलबा भर गया, जिससे वहां रखा कैश, रिकॉर्ड और अन्य सामान मलबे में दब गया है। बैंक की ऊपरी मंजिल में भी पानी घुसने से लाखों रुपए की नकदी और दस्तावेजों को नुकसान पहुंचा है। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि यह बैंक उनके लिए बहुत जरूरी था और वे रोजाना के लेन-देन इसी बैंक के जरिए करते थे। कई ठेकेदारों और स्थानीय लोगों के खाते भी इसी शाखा में हैं, जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। उधर राज्य सहकारी बैंक के असिस्टेंट जनरल मैनेजर पंकज शर्मा ने बताया कि खाताधारकों को घबराने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि बैंक की तिजोरी में रखा लगभग 39 लाख रुपए की नगदी पूरी तरह से सुरक्षित है। हालांकि सेफ (तिजोरी) जरूर मलबे की जद में है, लेकिन उसके अंदर रखा कैश सुरक्षित है। केशव नायक ने बताया कि थुनाग शाखा में बाढ़ से नकदी और कागजात जरूर खराब हुए हैं, लेकिन कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में जो बताया जा रहा है कि बैंक में रखी ज्वैलरी भी खराब हो गई, यह बात पूरी तरह से गलत है। इसकी वजह बताते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि चूंकि इस शाखा में लॉकर की सुविधा ही नहीं है, इसलिए ज्वैलरी खराब होने का सवाल ही नहीं उठता। उन्होंने मीडिया से अपील की है कि ऐसी भ्रामक खबरें न फैलाएं।

# कांवड़ यात्रा: 10 जुलाई की रात 12 बजे से यूपी के इन हाईवे पर नहीं दौड़ेंगे भारी वाहन

**बागपत, एजेंसी।** कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान जारी कर दिया है। जिसके अनुसार जनपद में दूसरे राज्य व पड़ोसी जनपदों से आने वाले भारी और कमर्शियल वाहन 10 जुलाई की रात 12 बजे से 24 जुलाई की दोपहर 12 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे। 15 जुलाई की रात 12 बजे से हल्के वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया जाएगा। दिल्ली-सहानपुर हाईवे पर ककड़ीपुर से डूंडाहेड़ा चेक पोस्ट तक 51 कट बंद किए जाएंगे। ककड़ीपुर, निवाड़ा, भद्दल, डूंडाहेड़ा, बालैनी हिंडन आदि चौकियों पर बैरियर लगाकर वाहनों की रोका जाएगा।



टीआई सतेंद्र सिंह ने बताया कि 23 जुलाई को मुख्य पर्व शिवरात्रि को मंदिर परिसर में कांवड़ियों को संख्या बढ़ने के दृष्टिगत आवश्यकता पड़ने पर बुद्धसैनी, नवादा, बालैनी मार्ग को कंटेंजेंसी मार्ग रूट के रूप में प्रयोग किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए वैकल्पिक मागों का प्रयोग करें। यातायात पुलिस हेल्पलाइन नंबर 9012668666 है। दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा की ओर जाने वाला यातायात निधर्धारित अवधि में शामली से करनाल, पानीपत, सोनीपत एनएच-1 होते हुए अपने गंतव्य पर पहुंचेगा। इसी तरह दिल्ली, गाजियाबाद, बुलंदशहर व नोएडा से बागपत की और आने वाला यातायात मवीकलां ईपीई कट से जनपद में आगमन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर सोनीपत, पानीपत, करनाल होते हुए अपने गंतव्य पर भेजा जाएगा। बागपत से मेरठ की ओर जाने वाला यातायात निर्धारित अवधि में बागपत के राष्ट्र वंदना चौक से मवीकलां कट ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से अपने गंतव्य पर पहुंचेंगे। इसी तरह मेरठ से हरियाणा की ओर जाने वाला यातायात इंस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे से सोनीपत के कुंडली होते हुए अपने गंतव्य पर जाएंगे।

हिंडन पुल चौकी से बागपत में प्रवेश करने वाले वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित

# प्रार्थना के लिए चर्च जाते थे मंदिर बोर्ड के अधिकारी, पता चलते ही टीटीडी ने किया सस्पेंड

**तिरुमाला, एजेंसी।** टीटीडी यानी तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने अपने एक पदाधिकारी को निलंबित कर दिया है। पदाधिकारी के कथित तौर पर प्रार्थना के लिए चर्च जाने पर यह कार्रवाई की गई है। साथ ही आरोप लगाए जा रहे हैं कि वह ईसाई धर्म के प्रचार में लगे हुए थे। इससे पहले भी टीटीडी करीब 18 कर्मचारियों पर ऐसे ही कारणों के चलते निलंबन की कार्रवाई कर चुका है।



टीटीडी ने असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ए राजाशेखर बाबू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। आरोप लगाए गए हैं कि वह तिरुपति जिले में अपने गृहनगर में प्रार्थना के लिए हर रविवार चर्च जाते हैं। साथ ही आरोप लगाए गए हैं कि बाबू ईसाई धर्म के प्रचार में शामिल रहे हैं, जो हिंदू ट्रस्ट में शामिल कर्मचारियों के लिए बनी आचार संहिता का उल्लंघन है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टीटीडी ने बयान जारी किया, टीटीडी को यह पता चला है कि श्री राजशेखर बाबू तिरुपति जिले में अपने गृहनगर पुट्टूर में हर रविवार को स्थानीय चर्च में प्रार्थना के लिए जाते हैं। टीटीडी का कहना है कि ऐसा काम मानदंडों का साफतौर पर उल्लंघन है, क्योंकि वह आचार संहिता का पालन करने में असफल रहे। टीटीडी के विजिलेंस डिपार्टमेंट की तरफ से रिपोर्ट और अन्य सबूत पेश किए जाने के बाद राजशेखर बाबू के खिलाफ कार्रवाई की गई है। खबरें हैं कि चर्च जाते और प्रार्थना में शामिल होते हुए उनका एक वीडियो भी वायरल हुआ है।

# जेफरी एपस्टीन की फाइलों को उजागर करना अमेरिका पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता, ट्रंप पर मस्क का नया हमला

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** टेस्ला के सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार एलन मस्क ने अमेरिकी राजनीति में बड़ा कदम उठाते हुए नई राजनीतिक पार्टी अमेरिका पार्टी की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि उनकी पार्टी की सबसे बड़ी प्राथमिकता जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों का खुलासा करना होगी। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, अगर ट्रंप जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलें सार्वजनिक नहीं करते, तो लोग उन पर भरोसा कैसे करें? यह बयान उन्होंने ट्रंप की आलोचना करते हुए दिया।

एलन मस्क ने एक और पोस्ट में ट्रंप सरकार पर तंज कसते हुए लिखा, अब कितने लोगों की गिरफ्तारी हुई? देखिए, फिर से कोई गिरफ्तार नहीं हुआ का समय है। इस पोस्ट में उन्होंने एक फोटो शेयर की, जिसमें लिखा था - आधिकारिक जेफरी एपस्टीन पीडोफाइल गिरफ्तारी काउंटर यानी अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

जेफरी एपस्टीन एक अमीर फाइनेंसर थे, जिनपर कम उम्र की लड़कियों के यौन शोषण और तस्करी के गंभीर आरोप थे। वह 2019 में न्यूयॉर्क की जेल में मृत पाए गए थे, जब उन पर मुकदमा चल रहा था। उनकी मौत को लेकर अब भी संदेह और साजिश की थ्योरी चलती रहती हैं। एलन मस्क ने अमेरिका की मौजूदा दो-दलीय राजनीति पर हमला करते हुए कहा कि अब एक नया विकल्प जरूरी है। उन्होंने लिखा, जब देश को भ्रष्टाचार और खर्च से तबाह किया जा रहा हो, तो यह एक पार्टी की तानाशाही बन जाती है, लोकतंत्र नहीं। अमेरिका आज इसीलिए बनाई गई है, ताकि आपको फिर से आजादी मिल सके। एलन मस्क की इस नई पार्टी और एपस्टीन केस पर बयानबाजी से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नाराज हो गए हैं। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर प्रतिक्रिया दी, तीसरी पार्टियों का अमेरिका में कोई भविष्य नहीं होता। ये सिर्फ गड़बड़ी और अराजकता फैलाने के लिए होती हैं। हमारे पास वैसे ही काफी गड़बड़ी है जो वामपंथियों ने फैलाई है। एक समय था जब ट्रंप, एलन मस्क की काफी तारीफ करते थे। मस्क को उन्होंने सरकारी खर्च बचाने वाला बताया था और यहां तक कि उन्हें व्हाइट हाउस का गोल्डन की (सम्मान चिह्न) भी दिया था।

# चीनी युद्धपोत ने जर्मन के सैन्य विमान पर किया लेजर अटैक

**बर्लिन एजेंसी।** जर्मनी के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसने चीनी युद्धपोत द्वारा लाल सागर में एक जर्मन विमान पर लेजर का इस्तेमाल करने के विरोध में चीन के राजदूत को तलब किया है। जर्मन रक्षा मंत्रालय ने कहा कि निगरानी विमान यूरोपीय संघ के मिशन एस्पाइड्स का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य यमन स्थित हूती विद्रोहियों के हमलों से नागरिक जहाजों की बेहतर सुरक्षा करना है। उसने बताया कि इस महीने की शुरुआत में एक चीनी युद्धपोत द्वारा बिना किसी कारण या पूर्व संपर्क के इस पर लेजर से हमला किया गया। ऐसा इस क्षेत्र में कई बार हुआ था। रक्षा मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने सरकारी नीति के अनुरूप नाम न बताने की शर्त पर कहा, लेजर का उपयोग करके युद्धपोत ने लोगों और सामग्री को खतरे में डालने का जोखिम स्वीकार किया है। मंत्रालय ने कहा कि एहतियात के तौर पर विमान का मिशन रद्द कर दिया गया। उसने कहा कि विमान जिबूती में बेस पर सुरक्षित उतरा और चालक दल के सदस्य स्वस्थ हैं। मंत्रालय ने कहा कि विमान का संचालन एक असैन्य वाणिज्यिक सेवा प्रदाता द्वारा किया जा रहा था, लेकिन इसमें जर्मन सेना के जवान भी शामिल थे, तथा इसने लाल सागर में यूरोपीय संघ मिशन के साथ अपना परिचालन पुनः शुरू कर दिया है।



जर्मन विदेश कार्यालय ने 'एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जर्मन कर्मियों को खतरे में डालना और ऑपरेशन को बाधित करना पूरी तरह से अस्वीकार्य है। चीन के प्रवक्ताओं ने मंगलवार को तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। यूरोपीय संघ का मिशन केवल असैनिक जहाजों की रक्षा करता है और किसी भी सैन्य हमले में भाग नहीं लेता है। लाल सागर का दक्षिणी भाग एक उच्च जोखिम वाला क्षेत्र माना जाता है।

# पाकिस्तान में प्रधानमंत्री शहबाज के तख्तापलट की आशंका, राष्ट्रपति जरदारी के इस्तीफे की चर्चा तेज

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की सियासत में इन दिनों जबरदस्त हलचल है। चर्चाएं जोरों पर हैं कि राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को जल्द ही पद छोड़ने के लिए कहा जा सकता है और उनके स्थान पर शक्तिशाली सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर देश के नए राष्ट्रपति बन सकते हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में मौजूदा संसदीय प्रणाली को बदलकर राष्ट्रपति प्रणाली लागू किए जाने की भी तैयारी बताई जा रही है। सत्ता परिवर्तन का खेल पाक आर्मी के समर्थन से हो रहा है।

पाक आर्मी चीफ फील्ड मार्शल असीम मुनीर पाकिस्तान की सत्ता संरचना में सबसे ताकतवर पद पर आसीन हैं। वे सत्ता पर अपनी पकड़ को और मजबूत करते जा रहे है। हाल ही में उन्हें फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस पद के साथ असीम मुनीर को आजीवन सैन्य विशेषाधिकार, कानूनी प्रतिरक्षा और असंवैधानिक हस्तक्षेपों से सुरक्षा प्राप्त हो जाती है।

**पीएम शहबाज शरीफ विरोध कर रहे-** आर्मी चीफ मुनीर और जरदारी के बीच बढ़ने समीकरणों के लेकर के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने विरोध जताना शुरू कर दिया है।

मौजूदा प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और उनकी पार्टी पीएमएलएन इस संभावित बदलाव का विरोध कर रहे हैं। उन्हें डर है कि यदि राष्ट्रपति प्रणाली आई तो न केवल शहबाज की प्रधानमंत्री पद से छुट्टी होगी, बल्कि पाकिस्तान की सियासत में पीएमएलएन और शरीफ परिवार की प्रासंगिकता भी खत्म हो जाएगी। खबर है कि इसलिए पीएमएलएन पाकिस्तानी आर्मी के विभिन्न धड़ों से संपर्क में हैं, ताकि बिलावल के उदय को रोका जा सके।

**बिलावल को पीएम बनाने की मांग पीपीपी में तेज-** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी के इस्तीफे की चर्चा उनकी गिरती सेहत के आधार पर हो रही है। रिपोर्टों के अनुसार, जरदारी ने यह शर्त रखी है कि अगर बिलावल भुट्टो जरदारी को कोई ऐसा बड़ा पद मिले जहां वह एक परिपक्व नेता के रूप में उभर सकें, तो वह इस्तीफा दे सकते हैं। पीपीपी ने बिलावल भुट्टो के लिए पीएम का पद मांगा है। हालांकि, खुद पीपीपी के अंदर बिलावल की भूमिका को लेकर मतभेद हैं।



### संविधान संशोधन कर सकते हैं आर्मी चीफ मुनीर

आर्मी चीफ मुनीर का दखल पाकिस्तानी संसद, न्यायपालिका और विदेश नीति पर भी देखा जा रहा है। उनकी वॉशिंगटन, रियाद और बीजिंग जैसी जगहों पर उनकी हाई-प्रोफाइल कूटनीतिक यात्राएं इस बात का प्रमाण हैं कि वे पाकिस्तान के 'स्थायित्व दूत' के रूप में देखे जाते हैं। विश्लेषकों का मानना है कि असीम मुनीर राष्ट्रपति बनकर सिर्फ प्रतीकात्मक पद पर नहीं रहना चाहते, बल्कि पाकिस्तान की पूरी राजनीतिक व्यवस्था में बदलाव लाना चाहते हैं।

यह प्रयास जनरल जिया-उल-हक के 1977 के तख्तापलट की वर्षगांठ के समय सामने आया है, जिससे इसे एक 'सॉफ्ट कू' के रूप में देखा जा रहा है। कहा जा रहा है कि संसद, न्यायपालिका और मीडिया पर असीम मुनीर का पूर्ण नियंत्रण है और इसलिए संविधान में बदलाव कर राष्ट्रपति प्रणाली लागू करने में उन्हें कोई खास मुश्किल नहीं होगी।

### पहले भी 3 सेना प्रमुख राष्ट्रपति बने

पाकिस्तान में इससे पहले 3 सेना प्रमुख ऐसे रहे हैं जो बाद में देश के राष्ट्रपति बने। हालांकि, तीनों ही तख्तापलट करने के बाद ही राष्ट्रपति पद पर पहुंचे थे। पाकिस्तान में आज तक कोई भी प्रधानमंत्री 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129